सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 14 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 73, पेज 12, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**सेंसेक्स ने 906 अंक का गोता लगाया**

शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आयी और सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। } 11

**आजादी के 13 माह बाद हैदराबाद को मिली थी आजादी**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हैदराबाद को देश की आजादी मिलने के 13 महीने बाद स्वतंत्रता मिली थी। हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाना शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। } 12



## भारतीय नौसेना में दो नये पोत शामिल



एजेंसी

कोलकाता। तटों के आस-पास समुद्र में पनडुब्बी रोधी अभियानों और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों को बढ़ाने के लिए बुधवार को भारतीय नौसेना में दो नये पोत शामिल किये गये। एक समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं भारतीय वायु सेना के वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी की पत्नी नीता चौधरी की मौजूदगी में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा निर्मित ये दो पनडुब्बी रोधी युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुए। उन्होंने इन युद्धपोतों का नाम आईएनएस अग्रे और आईएनएस अक्षय रखा। जीआरएसई के एक अधिकारी ने कहा कि इन दोनों युद्धपोत की प्राथमिक भूमिका तटों के आस-पास समुद्र में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी को कुछ लोगों ने बना रखा था बीमारू राज्य : योगी

### एमएसएमई के लिए 30,826 करोड़ रुपये का ऋण बांटा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बिना नाम लिए पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि असीमित संभावनाओं वाले उत्तर प्रदेश को कुछ लोगों ने बीमारू राज्य बना रखा था। आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। एक बयान के अनुसार इस दौरान उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ रुपये का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक वितरित ...शेष पृष्ठ 10 पर



बरेली में आदि चौराहे पर 'डमरू प्रतिमा' का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### सीएम ने बरेली को दी 64 परियोजनाओं की सौगात

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बरेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से नाथ नगरी कारिडोर की परिकल्पना साकार हो रही है। बरेली स्मार्ट सिटी के तहत कुतुबखाना पर महादेव उपरिगामी सेतु बनकर तैयार हो गया है। पीडब्ल्यूमंत्री जितिन प्रसाद ने समय से रुचि लेकर पुल का कार्य पूरा कराया। मुख्यमंत्री ने बरेली के उद्यमियों और व्यापारियों का भी अभिनंदन किया कि उन्होंने पुल को बनाने में पूरा सहयोग किया। बरेली अब फ्लाईओवर और आईटी पार्क के लिए भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### सीबीएसई प्रमुख बने राहुल सिंह

नयी दिल्ली। केंद्र द्वारा बुधवार को वरिष्ठ स्तर पर नौकरशाही में किए गए फेरबदल के तहत वरिष्ठ नौकरशाह राहुल सिंह को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सिंह निधि छिब्बर का स्थान लेंगे, जिन्हें नीति आयोग में सलहकार बनाया गया है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने बिहार कैडर के 1996 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी सिंह की सीबीएसई के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह वर्तमान में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अवर सचिव हैं।

### नायब सिंह सैनी ने हासिल किया विश्वास मत

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को राज्य विधानसभा में अपने पूर्ववर्ती मनोहर लाल खट्टर के नौ साल लंबे शासनकाल के दौरान हुए कार्यों के लिए उनकी प्रशंसा की। इससे पहले, सैनी ने राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान विश्वास मत हासिल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। सैनी ने विधानसभा में कहा कि मुख्यमंत्री और सदन के नेता के रूप में यह सदन में उनका पहला दिन है। मुख्यमंत्री ने 2014-2019 के दौरान सदन के सदस्य के रूप में अपने पिछले कार्यकाल को याद भी किया।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनेगा भारत

## प्रधानमंत्री मोदी ने 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की रखी आधारशिला

### भारत ने 1960 के दशक में देखा था सेमीकंडक्टर बनाने का सपना

एजेंसी

धोलेरा/गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी, जिनमें असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के खर्च पर बनने वाला केंद्र भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बन जाएगा।

गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर देश की क्षमता, प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझने तथा भारत के सेमीकंडक्टर सपनों को वास्तविकता में बदलने में विफल रहने का आरोप लगाया। इन तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों में दो गुजरात में और एक असम में है। मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत वादा करता है, तो उसे पूरा भी करता है। उन्होंने कहा कि चिप विनिर्माण असीम संभावनाओं के साथ विकास का द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री ने कहा, दो साल पहले, हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था और घोषणा की थी कि हम पहल करेंगे। कुछ ही महीनों में हमने एमओयू पर हस्ताक्षर किए और आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। भारत वादा करता है, तो उसे भी पूरा करता है। उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण में पहले ही दशकों पीछे है, लेकिन अब एक भी पल नहीं गंवाएगा। मोदी ने आरोप लगाया कि भारत के सेमीकंडक्टर को लेकर पहली बार 1960 के दशक में सपने देखे गए थे, लेकिन संकल्पों को उपलब्धियों में बदलने की इच्छाशक्ति और प्रयासों की कमी के कारण तत्कालीन सरकारें उन पर कार्वाई करने में विफल रहीं। उन्होंने कहा, भारत ने पहली बार 1960 के दशक में सेमीकंडक्टर निर्माण का सपना देखा था। लेकिन इसके बाद भी तत्कालीन सरकारों ने उन अवसरों का लाभ नहीं उठाया। इसके पीछे सबसे ...शेष पृष्ठ 10 पर






### वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का मिला सबसे ज्यादा फायदा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत के मौके पर दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने कोविंद और मुर्मू की हार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश की। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पूछा कोई कैसे कह सकता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। जब मेरे पास आप जैसे भाई और बहन हैं? कार्यक्रम में शामिल लोगों में वंचित समूहों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि शौचालय और रसोई गैस के लिए उनकी सरकार की योजनाओं से समाज के वंचित ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रतापगढ़ और बागपत में सड़क हादसे, 6 की मौत

बागपत / प्रतापगढ़। बागपत और प्रतापगढ़ जिले में हुए सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि दो महिलाएं घायल हो गईं। प्रतापगढ़ जिले में प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर मंगलवार रात एक कार के अनियंत्रित होकर रोडवेज बस से टकरा जाने के कारण कार चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी और दो महिलाएं घायल हो गयीं। कुंडा के पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि कार सवार लोग प्रयागराज से मनगढ़ धाम दर्शन करने जा रहे थे तभी प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर बिसहिया गांव के निकट उनका वाहन अनियंत्रित होकर सामने से आ रही रोडवेज बस से टकरा गया।

सीओ ने बताया कि हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए, जिनको स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने अनुज गोस्वामी, वैष्णवी गोस्वामी और गुनगुन गोस्वामी को मृत घोषित किया। उन्होंने बताया कि अनीता गोस्वामी और ट्विंकल गोस्वामी को प्रयागराज रेफर कर दिया। बागपत जिले के बागपत-मुजफ्फर नगर मार्ग पर सड़क हादसे में तीन बाइक सवार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मुख्तार अंसारी को आजीवन कारावास

### फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में सुनायी गयी सजा

जिला संवाददाता



वाराणसी। वाराणसी की एक अदालत ने बुधवार को तीन दशक पुराने फर्जी बंदूक-लाइसेंस मामले में गैंगस्टर-राजनेता मुख्तार अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता विनय सिंह ने बताया न्यायाधीश अवनीश गौतम की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने फर्जी बंदूक लाइसेंस मामले में मुख्तार अंसारी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि अंसारी के खिलाफ दिसंबर 1990 में गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं-467 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के साथ-साथ हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

उनके अनुसार अदालत ने अंसारी पर कुल दो लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता के मुताबिक, मुख्तार अंसारी बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालती कार्यवाही में शामिल हुआ, जहां वह वर्तमान में बंद है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अंसारी के खिलाफ उत्तर प्रदेश, पंजाब, नयी दिल्ली और अन्य राज्यों में करीब 60 मामले लंबित हैं। उसे अभी तक कम से कम सात मामलों में दोषी करार दिया जा चुका ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चुनावी बॉण्ड : एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

### एक अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 तक 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे गये : स्टेट बैंक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक कामकाज बंद होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है।

हलफनामें में कहा गया है कि प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीददार के नाम और खरीदे गए बॉण्ड के मूल्यवर्ग सहित सभी विवरण प्रस्तुत किए गए हैं। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। इसमें कहा गया है, एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान कुल 22,217 बॉण्ड खरीदे गए। हलफनामे में कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 11 अप्रैल 2019 के बीच कुल 3,346 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए ...शेष पृष्ठ 10 पर

### समय आने पर करेंगे खुलासा : राजीव कुमार




जम्मू। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बुधवार को यहां कहा कि निर्वाचन आयोग को भारतीय स्टेट बैंक से चुनावी बॉण्ड से संबंधित विवरण प्राप्त हो गया है और समय आने पर सभी प्रासंगिक जानकारियां साझा की जाएंगी। उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था, जिसके बाद आयोग की तरफ से यह बयान जारी किया गया है। एसबीआई, चुनावी बॉण्ड जारी करने के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान है। कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

**रमजान मुबारक**



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:26 | 4:49 | 6:16 | 4:59 |



**आज का मौसम**

अधिकतम : 28.04 डिसे.
न्यूनतम : 13.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों को दिलायी शपथ (पृष्ठ-02)
- ग्रामीण होम-स्टे के चलन को दिया जायेगा बढ़ावा (पृष्ठ-02)
- बीपीसीएल 100 करोड़ रूपये का निवेश करेगी (पृष्ठ-11)
- केरल को 5,000 करोड़ का कर्ज देगा केन्द्र (पृष्ठ-11)
- सोने के बदले दिये गये कर्ज की होगी समीक्षा (पृष्ठ-11)


**विशेष खबर** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की दूसरी लिस्ट, अबतक 267 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा

## दूसरी सूची में गड़करी, गोयल व खट्टर समेत 72 दिग्गज

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए 72 और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी और अनुराग सिंह ठाकुर और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, त्रिवेंद्र सिंह रावत और बसवराज बोम्मई के नाम शामिल हैं।

गड़करी एक बार फिर नागपुर से चुनाव लड़ेंगे जबकि गोयल मुंबई (उत्तर) से पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतरेंगे। खट्टर को हरियाणा के करनाल से, बोम्मई को हावेरी से और रावत को पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की जगह हरिद्वार से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर से, प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से, भगवंत खूबा महाराष्ट्र के बीदर और भारती प्रवीण पवार डिंडोरी से मैदान में होंगे। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सी एन मंजूनाथ को बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है जहां उनका मुकाबला कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के भाई डी के सुरेश से होगा।



भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदौलिया को मैदान में उतारा है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र शिमोगा से चुनाव लड़ेंगे जबकि भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रमुख तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से फिर से चुनाव लड़ेंगे। पूर्ववर्ती मैसूर शाही परिवार के यदुवीर कृष्णदत्त वाडियार मैसूर सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में प्रताप ...शेष पृष्ठ 10 पर

## परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए तैयार है रूस : पुतिन

एजेंसी

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यदि देश, उसकी संप्रभुता या स्वतंत्रता के लिए कोई खतरा उत्पन्न होता है तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका किसी भी ऐसी कार्वाई से बचेगा जो परमाणु संघर्ष को जन्म दे सकती हो।

पश्चिम को तीखे शब्दों में चेतावनी देने वाला पुतिन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस सप्ताह रूस में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है जिसमें उनका अगले छह वर्ष के लिए चुना जाना लगभग निश्चित माना जा रहा है। रूस के सरकारी टेलीविजन चैनल के साथ एक साक्षात्कार में पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को एक अनुभवी राजनीतिज्ञ के रूप में वर्णित किया और कहा कि वह तनाव बढ़ने के संभावित खतरों को पूरी तरह से समझते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि दुनिया परमाणु युद्ध की ओर बढ़ रही है। लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस के परमाणु बल पूरी तैयार हैं तथा सैन्य प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण से हम पूरी तरह तैयार हैं। पुतिन ने कहा देश के सुरक्षा सिद्धान्त के तहत कि अगर मास्को की संप्रभुता या स्वतंत्रता को कोई खतरा होता है तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं।

संक्षेप

## आबकारी निरीक्षक को निलंबित करने के आदेश

**लखनऊ।** प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जनपद झांसी के प्रेम नगर थानान्तर्गत नकली शराब व नकली शराब बनाने के उपकरण पकड़े जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आबकरी निरीक्षक शिशुपाल सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए तथा जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद गोयल व उप आबकारी आयुक्त सुभाष चंद्र सोनकर से पुरी घटना पर स्पष्टीकरण मंगा है। नितिन अग्रवाल ने कहा आबकारी विभाग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही, भ्रष्टाचार किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगा। आने वाले दिनों में होली का त्योहार है सभी जिलों के आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक सतर्कता के साथ अपने जनपद में सघन प्रवर्तन अभियान चलाएं, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कारवाई की जायेगी।

# कांग्रेस और सपा पर बरसे योगी, बताया जनता पर बोझ

## मुख्यमंत्री ने उन्नाव को 241 करोड़ और फर्रुखाबाद को दी 288 करोड़ की सौगात, सातन पासी के किले का होगा पुनरुद्धार

जिला संवाददाता (vol)

**लखनऊ/उन्नाव/फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि यदि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) गरीबों के लिए कुछ नहीं कर सकती हैं तो लोगों को इनके लिए अपना वोट खराब नहीं करना चाहिए।

उन्नाव के काली मिट्टी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में 241.26 करोड़ रुपये की 103 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो अयोध्या में रामलला का मंदिर बना। कांग्रेस और सपा रामलला का मंदिर नहीं बना पाती। जब वे (कांग्रेस और सपा वाले) गरीब को राशन, मकान, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कर सकते हैं और राम मंदिर का निर्माण कर आस्था को सम्मान नहीं दे सकते हैं, तो आप अपना वोट खराब कर उन्हें बोझ के रूप में क्यों स्वीकार करते हैं।



उन्नाव के काली मिट्टी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में 241.26 करोड़ रुपये की 103 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने सातन पासी के किले के पुनरुद्धार की बात भी कही। फर्रुखाबाद में क्रिश्चियन कॉलेज मैदान में एक जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हैं, मगर जब अच्छी और संवेदनशील सरकार आती है तो रामभक्तों को सिर माथे पर बिठाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 288 करोड़ रुपये की 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और स्वामी विवेकानंद योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितिरित किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर , एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसानों को 10 मिनट में लोन की सुविधा प्रदान करने के पायलट प्रोजेक्ट का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि फर्रुखाबाद जनपद एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 10 मिनट के अंदर लोन की सुविधा से जुड़ने वाला देश का पहला जिला बना है। इसके लिए उन्होंने अन्नदाता किसानों को हृदय से धन्यवाद और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी का जिक्र करते हुए कहा कि यह धरती द्विवेदी जी जैसे सपूतों की है, जिनका जीवन राष्ट्रवाद के लिए समर्पित था।

मुख्यमंत्री ने विकसित भारत को संकल्प बनाने का आह्वान करते हुए कहा, हर नागरिक के लिए प्रधानमंत्री ने पंच प्रण की बात की। कर्तव्यों का निर्वहन तभी हो पाएगा, जब व्यक्ति संविधान पर विश्वास करेगा, जब उसके लिए देश सर्वोपरि हो। हम सभी का लक्ष्य देश प्रथम होना चाहिए। इस लक्ष्य के साथ काम करने पर देश आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भारत का पहले दुनिया में सम्मान नहीं था, लोग टिप्पणी करते थे, लेकिन 10 वर्ष में भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की नित नई बुलंदियों को छूता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज नेतृत्वकर्ता के रूप में दिखाई दे रहा है। अमृत काल का द्वितीय वर्ष प्रारंभ होने वाला है। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाकर विकसित भारत का शंखनाद करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव साहित्यकारों, क्रांतिकारियों की भूमि है। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद ने इसी धरती से देश की आजादी का बिगुल फूंका था। यह प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला , गया प्रसाद शुक्ल, आचार्य नंददुलारे वाजपेयी, शिवमंगल सिंह सुमन, भगवती शरण वर्मा, डॉ. रामविलास शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित की पावन धरती है। क्रांति और राष्ट्र से लेकर साहित्य की उपासना यहां की उर्वरता को प्रदर्शित करता है।

इस अवसर पर उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज, प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक पंकज गुप्ता, आशुतोष शुक्ल, अनिल सिंह, बंबा लाल दिवाकर, ब्रजेश रावत, श्रीकांत कटियार, भाजपा की जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को दिलायी शपथ



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश राज कुमार विश्वकर्मा तथा 10 अन्य राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलायी। समारोह में शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण (द्विवेदी), स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेन्द्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार, और वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पद की शपथ ली। राज्यपाल ने नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त और सभी सूचना आयुक्तों को नवीन उत्तरदायित्व प्राप्त होने पर बधाई और सफल कार्य सम्पादन के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों से कार्य निष्पादन पर चर्चा भी की और उन्हें तीव्र कार्य निष्पादन, दृढ़ता से कार्य करने, कार्य निष्पादन के लिए सिस्टम बनाने और कार्य प्रणाली को ऑनलाइन करके पारदर्शिता बढ़ाने का सुझाव दिया। नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा ने राज्यपाल जी को शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया और जनता के सूचना के अधिकार को सुदृढ़ करने, लोगों तक उनके द्वारा वांछित सूचनाओं को उपलब्ध कराने तथा कार्यों में पारदर्शिता रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव प्रशासनिक सेवा एवं सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, सचिव उप्र सूचना आयोग जेपी चौरसिया, रजिस्ट्रार सूचना आयोग संदीप गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण तथा नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त एवं राज्य सूचना आयुक्तों के परिजन भी उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन की जीत में राह का रोड़ा बनी बसपा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी की राजनीति में कांग्रेस और सपा गठबंधन के लिए जो 4 सीटें सबसे आसान थीं उन्हें बसपा ने अब सबसे कठिन बना दिया है। आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी बसपा ने पिछले कुछ दिनों में पश्चिमी यूपी की 4 सीटों . सहारनपुर, अमरोहा, मुरादाबाद और कन्नौज के लिए उम्मीदवारों के नाम जारी कर दिए हैं। कहना गलत न होगा कि इंडिया गठबंधन के बसपा इन चारों उम्मीदवारों के नाम सुनकर जहां भाजपा को खुशी हुई होगी वहीं इंडिया ब्लॉक के माथे पर चिंता की लकीरें आ गईं होंगी। इन चारों उम्मीदवारों का गणित समझने के बाद यही लगता है कि बसपा ने यह तय कर लिया है कि अगर खुद नहीं जीतेंगे तो कांग्रेस और सपा को भी नहीं जीतने देंगे। मुरादाबाद, अमरोहा, सहारनपुर और कन्नौज में चारों उम्मीदवार मुस्लिम समुदाय से हैं और वे अल्पसंख्यक वोटों में कटौती करने की हैसियत रखते हैं। इनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि और धनबल-जनबल के साथ दलित वोटों की अच्छी खासी संख्या यहां पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बना देंगे। जाहिर है कि सपा और कांग्रेस गठबंधन इन्हीं अल्पसंख्यक वोटों के बल पर ये तीन सीट जीतने की उम्मीद कर रहे थे। उनकी इस उम्मीद पर पानी फेरने का मन बसपा ने बना लिया है। आजमगढ़ सीट सपा का गढ़ मानी जाती रही है। इस सीट पर उपचुनाव में जिस तरह से बसपा के गुड्डू जमाली ने भाजपा को जिताने में मदद की वही कहानी इन चारों सीटों पर दोहराई जा सकती है।उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीट लाने वाली पार्टी ही देश पर राज करती है। यही कारण है कि सभी पार्टियों का फोकस यूपी में सबसे ज्यादा रहता है। भाजपा यूपी की सभी 80 सीटें जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है। समाजवादी पार्टी भी भाजपा को रोकने के लिए न चाहते हुए भी कांग्रेस से गठबंधन किया है।




# सरकार ने आईडीइनसाइट से किया समझौता

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने यूपी के आर्थिक विकास के लिए आईडीइनसाइट से समझौता किया है। शासन प्रौद्योगिकी और डेटा लेकर आर्थिक विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की मौजूदगी में बुधवार को इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सभी क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति के लिए आधार तैयार किया है। हमें राज्य के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर की सर्वोत्तम उपायों को अपनाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त कर भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस समझौते ज्ञापन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने समझौता ज्ञापन में प्रदेश के आर्थिक विकास एजेंडे में तेजी लाने और वेडिस फाउंडेशन के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतिक कार्यान्वयन के साथ विकास के लिए व्यापक विश्लेषणात्मक रोडमैप द्वारा निर्देशित साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण पर आधारित दीर्घकालिक, क्षेत्र-विशिष्ट रणनीतियों के निर्माण की आवश्यकता है। उन्हें विश्वास है कि यह साझेदारी इस एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। वेडिस फाउंडेशन के ट्रस्टी विक्रांत भार्गव ने कहा कि आईडीइनसाइट का समर्थन करके वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के यूपी सरकार के मिशन में शामिल होकर हमें खुशी हो रही है। आईडीइनसाइट के भारत में क्षेत्रीय निदेशक डा. करण नागपाल ने कहा कि हम व्यापक-आधारित आर्थिक विकास प्राप्त करने के लिए यूपी सरकार के रोडमैप का समर्थन करने के लिए उत्साहित हैं।

# लोकसभा : 'रायबरेली' सीट पर सस्पेंस बरकरार, कौन होगा कब्जाबरदार?

संजय धीमान (vol)

**लखनऊ।** रायबरेली संसदीय सीट चर्चा के केन्द्र में है। वजह यह है कि 5 बार की यहां की सांसद सोनिया गांधी ने इस बार चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उनकी जगह राहुल गांधी या प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी या नहीं, यह कांग्रेसियों के लिए असमंजस का विषय बना हुआ है। वैसे भी इस सीट पर 9 वर्ष से 1957 से आज तक सिर्फ 3 ऐसे मौके आए हैं जब यह सीट कांग्रेस के हाथ से फिसलकर जनता पार्टी और भाजपा के हाथ में गई है। ऐसे में अपने गढ़ को बचाना कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सबब बना हुआ है।

2024 लोकसभा चुनाव में इस सीट से कौन-कौन से प्रत्याशी मैदान में है। सियासी गलियारें में चर्चा का विषय है। कांग्रेस की सोनिया गांधी के मैदान छोड़ने से अटकलों का बाजार गर्म है। इस सीट पर कांग्रेस का वर्षों से कब्जा बरकरार है। 2014 के मोदी लहर में भी कांग्रेस इस सीट से नहीं हारी। देखना यह है कि अब यहां से कांग्रेस किसे अपना प्रत्याशी बनाती है। साथ ही दिलचस्प यह है कि गांधी परिवार का ही अगर कोई प्रत्याशी होगा तभी रायबरेली सीट बची रहेगी अन्यथा इस सीट पर किसी अन्य दल का कब्जा हो जायेगा। गौरतलब है कि अब तक के 16 लोकसभा चुनाव और तीन उपचुनावों में कांग्रेस ने 16 बार जीत हासिल की। जबकि 1977 में भारतीय लोकदल और 1996, 1998 में भाजपा इस सीट पर जीती। वहीं, बसपा अभी तक इस सीट पर खाता नहीं खोल सकी। वहीं, सपा ने 2009 और 2014 के चुनाव में सोनिया के खिलाफ इस सीट पर कोई प्रत्याशी ही नहीं उतारा था। अभी हाल ही में यूपी कांग्रेस ने प्रस्ताव पारित किया कि रायबरेली सीट से गांधी परिवार का ही कोई सदस्य चुनाव लड़े। इसके लिए यूपी कांग्रेस ने शीर्ष नेतृत्व से मांग भी की है। सोनिया ने रायबरेली के मतदाताओं के नाम एक भावुक पत्र लिखा था जिसमें गांधी परिवार के लिए अपना प्यार बनाए रखने की अपील की थी। सियासी गलियारें में इस अपील का मतलब यही निकाला जा रहा है कि इस सीट से गांधी परिवार का ही कोई सदस्य चुनाव लड़ सकता है। राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते रहे हैं। पर जिस तरह उन्होंने अमेठी में हार के बाद वायनाड़ का रास्ता पकड़ लिया, उससे नहीं लगता कि राहुल गांधी रायबरेली में अपनी किस्मत आजमाने आएंगे। यही कारण है इस सीट के लिए प्रियंका गांधी का नाम लिया जा रहा है। रायबरेली में अगर जातिगत आंकड़ों की बात करें तो सबसे ज्यादा एससी वर्ग (दलित), ब्राह्मण और राजपूत मतदाताओं की आबादी है। यहां पर ब्राह्मण 11 प्रतिशत, ठाकुर 9 प्रतिशत, यादव 7 प्रतिशत, एससी 34 फीसद हैं। जबकि मुस्लिम वोटरों की संख्या 6 फीसदी है। वहीं, लोध 6, कुर्मी 4 और अन्य वर्गों की कुल 23 प्रतिशत आबादी है। जिले में बछरावां, हरचंदपुर, रायबरेली, सरेनी, ऊंचाहार और सलोन छह विधानसभा सीटे हैं। इन सभी पर सपा-भाजपा का कब्जा है। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। विधानसभा सीट की बात छोड़ दे तो वोटर हमेशा से कांग्रेस की सोनिया को ही संसदीय सीट देते रहे हैं।

● सभी छहों विधानसभा सीटों पर सपा-भाजपा का कब्जा, कांग्रेस की सोनिया के हटने से अब किसकी होगी संसदीय सीट?

2014 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के अजय अग्रवाल को साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। सोनिया को करीब 63 प्रतिशत मत यानी 5,26,434 वोट मिले थे। बसपा तीसरे नंबर पर थी। सपा ने उम्मीदवार नहीं उतारा था। खास यह है कि संसदीय क्षेत्र में कोई खास मुद्दे पर चुनाव नहीं लड़ा जाता है। केन्द्र में सरकार किसी की भी हो सांसद गांधी परिवार से ही रहा है।

# गरीबों को विकास की मुख्य धारा में लाना सरकार की प्रतिबद्धता

## राजधानी में पीएम सूरज पोर्टल कार्यक्रम के अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने योजना स्वीकृति के प्रमाण पत्र किये वितरित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से वंचित वर्गों के आउटरीच कार्यक्रम के तहत ऋण सहायता के लिए पीएम सुरज पोर्टल का वर्चुअल रूप से लांच किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, ऋण योजनाओं में स्वीकृत के तहत चेक वितरण सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजना स्वीकृत के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने सभी लाभार्थियों को सर्टिफिकेट दिये जाने पर शुभकामनाएं दी।

मैं याद दिलाना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी जब 2014 में प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान से गरीबी समाप्त होनी चाहिए, गरीब गरीब होता है चाहे वह किसी जात पात का हो। पिछड़ापन भी इस देश का समाप्त होना चाहिए और यह कहते हुए उन्होंने एक वाक्य कहा था कि हमारे सरकार जो बनी है यह सरकार इस हिंदुस्तान के गरीबों और पिछड़ों के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। 10 वर्षों के अंदर गरीबों, पिछड़ों, किसानों, जवानों के लिए इसके साथ-साथ महिलाओं के सम्मान की चिंता की। आज शायद ही कोई ऐसा घर मिले जहां लोग झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, सबके पास पक्के आवास बनते जा रहे हैं और मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि जिनके पास आज तक आवास नहीं है और पूरी तरह से आश्वस्त रहे कि जिनके पास अभी नहीं है उनके पक्के आवास भी आगामी पांच वर्षों में बन कर रहेंगे। दुनिया की कोई ताकत ऐसा होने से रोक नहीं सकती। हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि देश के गरीबों को भी देश की मुख्य धारा में लाकर खड़ा करना है। जैसे समाज के सभी वर्गों के लोग भारत का मस्तक ऊंचा करने के लिए अपना अपना योगदान दे रहे हैं। हमारे भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चिंतन करते हुए कहा था कि मैं दिल्ली से 100 पैसा भेजता हूं लेकिन लोगों तक पहुंचते पहुंचते वह 15 पैसे हो जाता है, 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट हो जाता था। हमारे प्रधानमंत्री ने उस प्रधानमंत्री की मजबूरी को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और ऐसी व्यवस्था बनाई कि दिल्ली के बैंक से जो पैसा चलता है अब 100 का 100 पैसा आप सबकी जेब में पहुंचता है।



आजाद भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने ऐसा कार्य किया है कि गरीबी को समाप्त करने के लिए और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं, सर्वत्र इसकी सराहना हो रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत बोलता है तो सारी दुनिया का कान लगा कर सुनती है कि भारत क्या कहा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि 140 करोड़ देशवासियों मैं कोई भी जरूरतमंद और वंचित सरकारी योजना में छूट रहा है तो उन वंचितों को भी योजनाओं का लाभ मिले कोई भी वंचित न रहे। महिलाओं के लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप बने हैं जिन महिलाओं की आमदनी 1000 रुपये नहीं होती थी लेकिन आज दो करोड़ महिलाएं लखपति बन गई है प्रधानमंत्री का संकल्प है कि चार करोड़ महिलाएं लखपति बने। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, अमरेश कुमार, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, लाल जी निर्मल, उमेश द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने बसंत लाल गौतम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव निदेशालय पंचायती राज विभाग अलीगंज लखनऊ में 12 मार्च को संपन्न हुआ। इससे पहले नामांकन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी पुष्कर तिवारी की देखरेख में 9 मार्च को नामांकन प्रक्रिया की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन हुए जिसमें बसंत लाल गौतम कुलदीप बाल्मीकि तथा प्रमोद गौड़ महामंत्री पद पर रामेंद्र कुमार निर्विरोध एवं कोषाध्यक्ष पर निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह, रंजीत गौतम, कृष्ण कुमार रवि, बौद्ध रामकरण संगठन मंत्री के पद पर डीडी चौहान, धर्मेंद्र चौधरी एवं सम्प्रेक्षक के पद पर अयोध्या यादव तथा कृष्णा गोपाल सिंह गौतम एवं शिवा मैसी ने नामांकन किया। कुल मतदाता 370 में 330 मतदान हुआ। कड़े मुकाबले में क्रांति सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, अध्यक्ष के पद पर कृष्ण कुमार से तीन मतों से पराजित हुए। अध्यक्ष पद पर बसंत 194 मत पाकर विजई हुए। दूसरे नंबर पर कुलदीप बाल्मीकि एवं तीसरे नंबर पर प्रमोद दौड़ रहे। इसी तरह संगठन मंत्री में डीडी चौहान विजई हुए। संप्रेक्षक पद पर अयोध्या यादव निर्वाचित हुए इसकी घोषणा चुनाव अधिकारी पुष्कर तिवारी व यूपी सिंह ने की।

## अपार्टमेंट, कॉम्पलेक्स व रो-हाउस भवन समेत पांच अवैध बिल्डिंग सील

**लखनऊ।** एलडीए के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को आशियाना, बिजनौर, सुशांत गोल्फ सिटी व नाका क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, छह मंजिला अपार्टमेंट, दुकानें व रो-हाउस भवन समेत पांच अवैध निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मालती देवी पत्नी देवकी नंदन व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के अंतर्गत मेदांता हॉस्पिटल के पास मुजफ्फरनगर घुसवल में लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल में कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, राधे श्याम ओझा व अन्य द्वारा मुख्य बिजनौर से वेस्ट साइड में लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल में रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मेसर्स विनय ज्वैलर्स व अन्य द्वारा आशियाना में बंगला बाजार रोड पर लगभग 1300 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर शोरूम/दुकानों का निर्माण कराया गया था। इसी तरह मेसर्स संकटा स्वीट्स एंड मदन समोसा व अन्य द्वारा बंगला बाजार रोड पर लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था।

# हर प्रोजेक्ट के बाहर बिल्डर को लगाना होगा क्यूआर कोड

विशेष संवाददाता (vol)

- स्कैन करते ही खरीदारों को मिलेगी प्रोजेक्ट की जानकारी

**लखनऊ।** यूपी रेरा ने रियल इस्टेट परियोजना के पंजीकरण प्रमाण-पत्र के स्वरूप में बदलाव किया है। अब प्रमाण-पत्र सचिव रेरा के डिजिटल सिग्नेचर से जारी हो रहे हैं और उनमें परियोजना का एक क्यूआर कोड भी दिया जा रहा है। इससे खरीदारों की समस्या को समाधान आसान हो सकेगा। यूपी रेरा ने निर्देश दिए हैं कि अब प्रमोटर को अपने प्रोजेक्ट के बाहर एक क्यूआर कोड लगाना होगा। उस क्यूआर कोड में प्रोजेक्ट की सभी जानकारी होगी। प्रमोटर को जो पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, उसमें भी क्यूआर कोड होगा। जिसको स्कैन के बाद उस प्रोजेक्ट से जुड़ी सभी जानकारी मिल सकती है।

इस प्रमाण-पत्र में परियोजना से सम्बंधित आवश्यक विवरण जैसे परियोजना का नाम, प्रोमोटर का नाम, पंजीकरण का महीना एवं साल, परियोजना के प्रारम्भ एवं पूर्ण होने की तिथि समेत निर्माण अवधि के साथ बिल्डर का पता आदि प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अलावा प्रमाण-पत्र में रजिस्ट्रेशन की मुख्य शर्तें जैसे प्रोमोटर की ओर से आवंटियों से प्राप्त धनराशि का कम से कम 70 प्रतिशत और परियोजना के विकास के लिए बैंक से लिए गए ऋण की सम्पूर्ण धनराशि परियोजना के पृथक खाते में जमा की जाएगी। परियोजना के निर्माण और भूमि की लागत पर ही खर्च की जा सकेगी। यूपी रेरा ने प्रोमोटर्स को निर्देश दिए हैं कि क्यूआर कोड से लैस मॉडर्न पंजीकरण प्रमाण-पत्र को बड़े आकार में प्रिन्ट करके अपने कार्यालय और परियोजना स्थल पर मार्केटिंग कार्यालय में किसी प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें। जिससे आवंटियों की ओर से दूर से देखा जा सके। आवंटियों की ओर से प्रमाण-पत्र के क्यूआर कोड को अपने मोबाइल फोन से स्कैन किया जा सकता है। यूपी रेरा के वेब पोर्टल पर परियोजना की भूमि, मानचित्र, अन्य स्वीकृतियों और त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट जैसे समस्त विवरण देखे जा सकते हैं। बताते चलें कि यह प्रमाण-पत्र फॉर्म-सी में जारी किया जाता है। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी का कहना है कि रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में दी गई नई विशिष्टियों को होम बायर्स के सशक्तिकरण और सेक्टर में पारदर्शिता का माध्यम बनाना चाहता है। इसीलिए प्रोमोटर्स को परामर्श दिया गया है कि वह इस क्यूआर कोड को अपनी वेबसाइट, समस्त विज्ञापनों, ब्रोशर्स, स्टैण्डीज, होर्डिंग्स और सोशल मीडिया पेज पर प्रदर्शित करें। उत्तर प्रदेश रेरा रियल इस्टेट सेक्टर में प्रोमोटर्स की जिम्मेदारी तय करने, उनके व्यापार पद्धति में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने, सेक्टर में मानकीकरण तथा उपभोक्ताओं के हितों और अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

## नगर निगम ने खाली कराई आठ करोड़ की जमीन

**लखनऊ।** अमौसी में सरोजनी नगर स्थित सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने खसरा संख्या-3644 क्षेत्रफल 0.2760 हे. से कब्जा हटाया। यह राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के रूप में दर्ज है, जो नगर निगम में निहित सम्पत्ति है। 29,760 वर्गफुट भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) संजय यादव के आदेश के क्रम में तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया, नायब तहसीलदार नीरज कटियार संजय सिंह, राजस्व निरीक्षक अविनाश चन्द्र तिवारी, लेखपाल तनुज मदान, मृदुल मिश्रा, राहुल यादव, संदीप यादव व अन्य लेखपाल व थानाध्यक्ष थाना-सरोजनी नगर के सहयोग से कार्रवाई की गई। भूमि की बाजारू कीमत 8 करोड़ रु है।

# निकायों के विकास के लिए बनेंगे स्थानीय नियोजन प्राधिकरण

## मास्टर प्लान बनाकर होगा सुनियोजित विकास, उप्र नगर एवं ग्राम नियोजन विधेयक होगा पास, प्रारूप जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के निकायों में विकास के लिए स्थानीय नियोजन प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन विधेयक-2024 लाया जा रहा है। विकास प्राधिकरण की सीमा से बाहर स्थित निकायों में विकास के लिए स्थानीय नियोजन प्राधिकरण बनेंगे। स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय प्लान तैयार कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत वाले शहरों का मास्टर प्लान तैयार कराया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने बुधवार को विधेयक का प्रारूप जारी करते हुए इस पर 31 मार्च तक आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं। इसे मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के ईमेल पर दिया जा सकेगा। इसे आवास विभाग की वेबसाइट और आवास बंधु की पर देखा जा सकता है।

गुजरात मॉडल पर इसे यूपी में लागू करने की तैयारी है। इसके लागू होने के बाद नगर एवं ग्राम नियोजन निदेशालय का गठन किया जाएगा। स्थानीय क्षेत्र एवं नियोजन प्राधिकरण का गठन करने के साथ ही विकास के प्लान तैयार किए जाएंगे। प्रस्तावित अधिनियम उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम-1973 का अनुपूरक अधिनियम होगा। नगर एवं ग्राम नियोजन संबंधी नीतियों के निर्धारण आदि में शासन को सहयोग देना के लिए निदेशालय का गठन किया जाएगा। विकास प्राधिकरणों के बाहर आने वाले स्थानीय निकायों के सुनियोजित विकास के लिए स्थानीय क्षेत्र एवं नियोजन प्राधिकरण के रूप में अधिसूचित किया जाएगा। इसको विकास प्राधिकरणों के समकक्ष दायित्व एवं अधिकार दिए जाएंगे। एक से अधिक स्थानीय निकायों को शामिल कर एक स्थानीय क्षेत्र एवं नियोजन प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके लिए बड़े क्षेत्रफल वाले स्थानीय निकायों को स्थानीय क्षेत्र एवं नियोजन प्राधिकरण घोषित किया जाएगा। आवास विकस परिषद की योजनाओं के लिए आवास विकास परिषद को स्थानीय क्षेत्र एवं नियोजन प्राधिकरण बनाकर इसे विकास प्राधिरण के नियंत्रण से बाहर रखा जाएगा। टाउन प्लानिंग स्कीम में किसानों, भूस्वामियों की सहभागिगता से बिना लाभ बिना हानि के आधार पर भूमि लेकर विकास किया जाएगा। सड़क, पार्क, अन्य जन सुविधाओं की भूमि को घटाते हुए योजना के विकास के बाद किसानों को विकसित भूमि उपलब्ध कराया जाएगा। नगर के सघ क्षेत्रों में एप्रोप्रियेट अर्थॉरिटी द्वारा मास्टर प्लान या जोनल डवलपमेंट प्लान के लिए लोकल एरिया प्लान तैयार किया जाएगा। अनुमोदन के बाद इसके आधार पर विकास कराया जायेगा।

## रोडवेज बसों में लगेंगे टायर को आग से बचाने वाले सेंसर

**लखनऊ।** यात्रियों के सुरक्षित सफर के लिए यूपी रोडवेज बीएस-6 मॉडल की बसें चलने की तैयार में है। डेढ़ सौ बसें कानपुर के केंद्रीय कार्यशाला में आ चुकी हैं। इस हाईटेक बसों की खास बात यह है कि इससे 80 फीसदी कम प्रदूषण होगा। साथ ही किसी भी तरह के तकनीकि गड़बड़ी जैसे शॉर्ट सर्किट से आग, टायर फटने जैसे हादसों की पूर्व सूचना इसमें लगे साफ्टवेयर के माध्यम से मिल जाएगी। बस के किसी भी हिस्से अथवा कुलपुर्जों में खराबी पहले ही पकड़ में आ जाएगी। अभी ये बसें गुजरात और कर्नाटक में चल रही हैं। इसके लिए डिपो के फोरमैन को बस की सप्लाई करने वाली कंपनी ट्रैनिंग देगी। ताकि किसी हादसे पर बस की मरम्मत करके यात्रियों को सुरक्षा सफर कराया जा सके। बस में 26 सेंसर सॉफ्टवेयर लगे हैं जो मरम्मत के समय दिक्कतें बता देंगे। बीएस सिक्स मॉडल की पहले चरण में 150 बसें आ गई है। बसें परिवहन निगम के केंद्रीय कार्यशाला में खड़ी है। दूसरे चरण में 775 बसों की चेचिस आ गई है। चेचिस पर बस बॉडी बनाने के लिए टेंडर जारी किए हैं। परिवहन निगम मुख्यालय के सीजीएम ने बताया कि यात्रियों को बसों की सुविधा इसी महीने मिलने लगेगी। इसके लगने से बस में टायर फटने या आग से बचाएंगे सेंसर, बसें बीएस सिक्स मॉडल की पहले चरण में आ चुकी हैं, बस के हर कलपुर्जों पर लैपटॉप से नजर रखी जाएगी, नए इंजन मॉडल से 80 फीसदी तक प्रदूषण नहीं फैलेगा, किसी घटना की संभावना पर बस में इमरजेंसी घंटी होगी।

# अकबरनगर के गरीबों को निःशुल्क मिलेगा पीएम आवास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अकबर नगर के अल्प आय वर्ग के गरीबों को निशुल्क प्रधानमंत्री आवास का आवंटन होगा। मगर 1.50 लाख रुपये की सालाना आय वाले या फिर अंत्योदयक कार्डधारक को ही यह सुविधा मिलेगी। इससे अधिक आय वालों को पूरी कीमत देनी होगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को इससे सम्बंधित प्रस्ताव को एलडीए बोर्ड ने परिचालन के जरिए पास कर दिया है।

कुकरैल नदी के सुंदरीकरण के लिए अकबर नगर प्रथम व द्वितीय की सरकारी जमीन पर बसे कुल 1169 मकानों को हटाया जाना है। इनमें से करीब छह सौ लोग ऐसे हैं जो कि मकान खरीदने की हालत में नहीं हैं। इन लोगों के लिए पीएम आवास की मासिक किस्त चुकाना मुश्किल है। एलडीए इन गरीबों को बसंत कुंज योजना में ही लीज पर आवास देगा। हालांकि जिनकी सालाना आय डेढ़ लाख रुपये तक हो, उनके पास कोई वाहन और शहर में कोई दूसरा घर न हो उनको एक हजार रुपये पंजीकरण शुल्क पर लीज पर पीएम आवास मिलेगा। इसे कोई बेच नहीं सकेगा। आवंटी की मृत्यु पर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जमा करने पर उसे उनकी संतान को आवंटित किया जाएगा। असल में हाईकोर्ट ने भी मकान का पैसा न चुका पाने वाले गरीबों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पैसा दिलाने का आदेश किया था। जिसके बाद प्राधिकरण

- 1.50 लाख सालाना आय या अंत्योदय कार्ड धारकों को मिलेगी सुविधा
- एलडीए बोर्ड ने परिचालन से पास किया प्रस्ताव



गरीबों को मुफ्त में मकान देने की योजना पर काम कर रहा था। बुधवार को एलडीए बोर्ड से बाई सकुर्लेशन प्रस्ताव पास कर दिया गया है। अब यहां केवल उन्हीं गरीबों को मकान दिया जाएगा जिनकी वार्षिक आय डेढ़ लाख या इससे कम है। उनको भी मकान मिलेगा जिनके पास अंत्योदय कार्ड है। भवनों का आवंटन लीज के आधार पर 30-30-30 वर्षों के लिए किया जाएगा। भवन को किराये पर नहीं दिया जा सकेगा। निशुल्क आवास की सुविधा के लिए वहीं व्यक्ति पात्र होंगे जो झुग्गी, कच्चे, टिनशेट, खपरैल, टट्टर, पन्नी इत्यादि के बने आवास में वर्तमान में निवास कर रहे हैं। इसके लिए एलडीए, प्रशासन व नगर निगम यहां सर्वे कराएगा। इसके बाद निशुल्क आवंटन हो सकेगा। हाईकोर्ट ने छह मार्च को आदेश पारित किया है कि कुछ ऐसे व्यक्ति हैं जो निर्धारित शर्त के आधार पर भी आर्थिक कारणों से आवास के मूल्य का भुगतान न कर सके। ऐसे व्यक्तियों के लिए मुख्यमंत्री लाभार्थी फण्ड से कोई व्यवस्था कराई जाए। एलडीए अधिकारियों का कहना है कि अकबर नगर को तत्काल खाली कराया जाना जरूरी है। किसी भी प्रकार की देरी प्राधिकरण हित व पर्यावरण हित में नहीं होगा। जबकि मुख्यमंत्री लाभार्थी फण्ड जैसी व्यवस्था में काफी समय लगने की संभावना है। इसके चलते बोर्ड से प्रस्ताव को पास किया गया है। इसके अलावा परिचालन से कई अन्य प्रस्ताव भी पास किये गये हैं। जिसमें रेलवे से वापस ली गयी जमीन पर एलडीए दो ग्रुप हाउसिंग, एक व्यावसायिक व एक आवसीय भूखंड पुनःनियोजित करेगा।

# लखनऊ मंडल में औद्योगिक विकास को गति देंगे 'सुपर 30' प्रोजेक्ट्स

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ समेत छह जिलों में 18,347 करोड़ रु से स्थापित होंगी परियोजनाएं

**लखनऊ।** विगत वर्ष यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और एक साल बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के बाद यूपी के सभी जनपदों में भारी निवेश धरातल पर उतर चुका है। वहीं लखनऊ मंडल की बात करें तो इसके अंतर्गत आने वाले 6 जनपदों में से प्रत्येक में स्थापित हो रही पांच-पांच बड़ी निवेश परियोजनाएं पूरे मंडल में 'सुपर 30' का आकार लेंगी।

इनसे उन्नाव, सीतापुर, हरदोई और लखनऊ में हजारों करोड़ रुपये जबकि लखीमपुर खीरी और रायबरेली में सैकड़ों करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतरना शुरू हो गई हैं। लखनऊ मंडल के 6 जिलों में स्थापित हो रही 'सुपर 30' प्रोजेक्ट से 21,650 रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

लखनऊ में निवेश करने वाले टॉप 5 प्रोजेक्ट के जरिए 7,374 करोड़ रु की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। अब इनकी स्थापना का कार्य चल रहा है। इनमें टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड की ओर से 4,174 करोड़ रु का निवेश किया गया है। वहीं अशोक लिलेंड लिमिटेड की ओर से कॉमर्शियल बस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में 1,000 करोड़ रु का निवेश किया गया है। इसके बाद हमसफर डीलर प्राइवेट लिमिटेड ने 800 करोड़ रु, ओमेक्स लिमिटेड की ओर से 120 करोड़ रु और एक्सेरियन डेवलपर्स लिमिटेड की ओर से 650 करोड़ रु का निवेश किया गया है। लखनऊ में इन टॉप 5 प्रोजेक्ट के जरिए 1,770 रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। उन्नाव जनपद में टॉप 5 प्रोजेक्ट के जरिए रु 3,585 करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें सीयू इंटरनेशनल की ओर से प्राइवेट यूनिवर्सिटी स्थापित की जा रही है। उन्नाव में स्थापित होने वाली टॉप 5 परियोनाओं से 5,585 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

इसके साथ ही सीतापुर में टॉप 5 निवेश परियोजनाओं का आकार 3,502 करोड़ रु का है। इनसे 6,150 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। हरदोई में 2,628 करोड़ रु का निवेश हो रहा है। जिनसे 3,090 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। लखीमपुर खीरी में 719 करोड़ रु का निवेश होने पर 900 रोजगार मिलेंगे। इसी तरह रायबरेली में 539 करोड़ रु की परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। इनसे 1,710 रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

# स्कॉलरशिप का पोस्टर लांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केएल डीम्ड-टू- बी यूनिवर्सिटी की 100 करोड़ मेरिट स्कॉलरशिप की घोषणा करते हुए पोस्टर लांच मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बुधवार को किया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर ऑफ एडमिशन्स डॉ. जे. श्रीनिवास राव उपस्थित रहे। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा 43 वर्ष पहले स्थापित केएल यूनिवर्सिटी एक बहुत ही बेहतर यूनिवर्सिटी है जो विगत कई वर्षों से बेहतर प्लेसमेंट भी उपलब्ध करा रही है। हमारे उत्तर प्रदेश के छात्रों के लिए एक बेहतर यूनिवर्सिटी है। विगत कई वर्षों से हमारे उत्तर प्रदेश के स्टूडेंट्स



इस यूनिवर्सिटी में अच्छी पढ़ाई कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी का काउसलिंग सेंटर एवं नामांकन परीक्षा के लिए सभी सुविधा हमारे लखनऊ में ही उपलब्ध हो गयी।

## कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत आबादी ने खाई एल्बेन्डाजॉल

**लखनऊ।** यूपी में इस बार के कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत लक्षित आबादी ने पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खाई है। जबकि पिछले अभियान में 79 प्रतिशत बच्चों, किशोर और किशोरियों ने ही एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया था। इस दवा के सेवन से जहां स्वास्थ्य व पोषण में सुधार होता है वहीं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एनीमिया नियंत्रण रहता है। साथ ही बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ती है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में दवा सेवन करवाने में इस वर्ष जो उपलब्धि मिली, उसके पीछे स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अथक प्रयास के साथ जनमानस की जागरूकता का बड़ा सहयोग है। हम स्वास्थ व पोषित समाज निर्माण की ओर लगातार अग्रसर हैं। आशा है कि प्रदेश की नई पौध अन्य के मुकाबले ज्यादा स्वस्थ होगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि फरवरी में कृमि मुक्त अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खिलाने के लिए अभियान शुरू किया गया था।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1; निविदा सं.:** वमंविइं-टीआरडी-लजं०-ओटी-140; **कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन में अंकुर साइडिंग SWA स्टेशन पर लाइन-2 के लिए गुड्स प्लेटफॉर्म के निर्माण के कारण ओएचई संशोधन कार्य।; **ई-निविदा बंद होने की तिथि व समय:** 05.04.2024 को 15:00 बजे; **ई-निविदा खुलने की तिथि व समय:** 05.04.2024 को 15:30 बजे; **अनुमानित लागत:** ₹27,76,189.13; **बयाना राशि:** ₹55,500/-; **निविदा मूल्य:** 0.00/-; **कार्य समापन की अवधि:** 03 माह। **नोट:** 1. इस निविदा के विरू; मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-300 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी
(रेल मंत्रालयए भारत सरकार के अधीन केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण संस्थान)
JAGJIVAN RAM RPF ACADEMY
CA CTI OF GOVERNMENT OF INDIA UNDER THE MINISTRY OF RAILWAYS) TALKATORA ROAD, ALAMBAGHI, P.O. MANAK NAGAR, LUCKNOW- 226011
Email: directorjir.academy@gov.in & Website: https://jrrpfa.indianrailways.gov.in
Control Room Nos. Mob: 9794833743 Landline: 0522-2983344
जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी, तालकटोरा रोड़, मानकनगर लखनऊ परिसर में 145 अदद आम, 18 अदद कटहल व 18 अदद लीची के वृक्षों की फसल की खुली नीलामी वर्ष 2024 के लिए दिनांक 21.03.2024 को 15.00 बजे अकादमी प्रांगण में करायी जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यापारी किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 17.00 बजे तक फसल का भौतिक निरीक्षण तथा नीलामी की शर्तों की प्रति प्राप्त कर सकते है।
उप-प्रधानाचार्य
ज.रा. रे.सु.ब. अकादमी
पत्रांक:रेसुब-अ/मु.व्या.प्रशि./नीलामी/2024-129, दिनांक : 11.03.2024 लखनऊ

**विशेष खबर** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को शहर की जलापूर्ति और सीवरेज और नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक की अध्यक्षता की, हर घर का होगा सर्वे, तैयार होगी डीपीआर

# सीवर व पानी के कनेक्शन से जुड़ेगा हर घर

विशेष संवाददाता(vol)



**लखनऊ।** राजधानी के सभी घरों में सीवर और पानी का कनेक्शन दिया जाएगा। इसके लिए जलकल के अफसर शहर के हर घर का सर्वे करेंगे। इसके आधार पर कनेक्शत त्वरित गति से उपलब्ध कराए जाएंगे। अटल मिशन फॉर रिजुविनेशन ऐंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) के तहत केंद्र की गाइडलाइंस पर शासन ने योजना के डिटेल्ड प्रॉजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए जलकल को निर्देश जारी किए हैं। शहर में अटल मिशन फॉर रिजुविनेशन ऐंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन योजना के तहत सभी घरों तक कनेक्शन देने के निर्देश हैं।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को शहर की जलापूर्ति और सीवरेज और नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान महापौर ने सुएज कंपनी के खिलाफ मिलने वाली शिकायतों के आधार पर कम्पनी के प्रतिनिधियों को सुधार लाने की चेतावनी दी। अन्यथा दण्डात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा। निर्देश दिए कि पुराने लखनऊ की सकरी गलियों सहित शहर के काफी हिस्से में सीवेज धीमी गति से चल रहा है उसे तेज किया जाए। सीवेज लाइन कनेक्टिंग चैंबर्स बनाने में शीघ्रता की जाए। अभियान चलाकर कर शहर के जल कर जमा कराया जाए, शहर की नालियों से प्रतिदिन सिल्ट निकली जाए। सफाई व्यवस्था के लिए जोनल अधिकारी प्रतिदिन मीटिंग कर शाम को उसकी प्रगति का निरीक्षण करे। शहर में सीवरेज की समस्याओं का निराकरण करने में निजी एजेंसी सुएज इंडिया फेल साबित हो रही है। नगर निगम के त्रिलोक नाथ हाल में महापौर ने जीएम जलकल मनोज कुमार आर्य को मांगी गई समस्त सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी के साथ सुएज इंडिया के अधिकारियों को विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर सीवर सफाई से संबंधित शिकायत मिलने का जल्द से जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के आदेश दिए। महापौर ने जीएम जलकल को जल संस्थान से जुड़े विभागो में सिक्योरिटी गार्ड कार्मिक का पूरा डेटा भी मांगा। महापौर ने आउट सोर्सिंग के तहत कार्यरत कार्मिकों को मानदेय भुगतान से पूर्व ईपीएफ एवं ईएसआई का भुगतान करने के सख्त निर्देश दिये।

महापौर ने कहा कि शहर में पेयजल, सीवर और सफाई व्यवस्था को लेकर प्रतिदिन संबंधित अधिकारी समीक्षा करेगें जिसकी रिपोर्ट संबंधित अपर नगर आयुक्त तथा नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की ओर से 15 दिनों में समीक्षा की जाएगी। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि 15 दिनों में जीएम जलकल के साथ समीक्षा बैठक होगी। बैठक में मुख्य रूप से नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, महाप्रबंधक जल संस्थान मनोज कुमार आर्य, अधिशासी अधिकारी व सुएज इंडिया कंपनी के अधिकारी सम्मिलित थे।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप कई लोगों पर उकसाने का शक

● सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दी तहरीर और कार्रवाई की मांग की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी में प्रॉपर्टी कारोबारी आदित्य मिश्रा की मौत के मामले की गुत्थी सुलझने के बजाए और उलझती नजर आ रही है। इस मामले में पत्नी ने साजिशन हत्या व कई लोगो पर उकसाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस को तहरीर दी है।

## आदित्य मिश्रा आत्महत्या कांड

पुलिस अभी तक इसे आत्महत्या ही मानकर तफ्तीश कर रही थी। लेकिन बुधवार को इस मामले में पत्नी की तहरीर को पुलिस ने अपनी जांच में शामिल कर लिया है।

बता दे कि मूल रूप से गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मलौली गांव निवासी आदित्य मिश्रा गोमती नगर में रहते है। वह प्रॉपर्टी के कारोबार के लिए सुशान्त गोल्फ सिटी सेक्टर एफ वन में अपना आफिस बना कर काम करते थे। बीते 11 मार्च की सुबह वह ऑफिस पहुंचे तो किसी से फोन पर कुछ बात की लेकिन थोड़ी ही देर में मुख के अंदर पिस्टल से फायर कर आत्महत्या कर ली। या किसी ने साजिशन उनकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने जांच के बाद आत्महत्या बताया। लेकिन मृतक की पत्नी यह मानने को तैयार नही है कि उसके पति ने आत्महत्या की होगी। उसे ऐसा काटने के लिए किसी ने मजबूर किया होगा। मृतक कारोबारी की पत्नी अन्नपूर्णा मिश्रा ने साजिशन हत्या उकसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस की तहरीर दी।

**बोले जिम्मेदार:** पत्नी का आरोप जायज है। पुलिस दोनों पहलुओं पर विचार कर गहनता से जांच कर रही है। अगर किसी ने हत्या होगी तो जांच में बच नहीं पायेगा। मृतक की पत्नी की तहरीर को भी जांच में शामिल किया गया है। अलग से कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।




अंजनी कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना सुशांत गोल्फ सिटी। बता दें कि गोसाईगंज निवासी आदित्य मिश्रा सुशांत गोल्फ सिटी में अपने कार्यालय पर बैठे थे और करीब एक बजे उन्होंने अवैध पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मौके से पुलिस को जो सुसाइडनोट मिला था उसके आधार पर घटना के बाद कई लोगों से पूछताछ की गयी और आफिस के सीसीटीवी फुटेज निकालकर जांच की बताया जा रहा है कि इस दौरान बुधवार को मृतक की पत्नी ने तहरीर देकर हत्या की साजिश किये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है जिसके बाद से मामला और उलझ गया है।

# स्टाम्प पेपर पर घोषणा कर देने से नहीं खत्म हो जाता है हिन्दू विवाह

● हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, भरण-पोषण के खिलाफ पति की याचिका खारिज

विधि संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण फैसले में साफ किया है कि स्टाम्प पेपर पर घोषणा कर देने से एक हिन्दू विवाह समाप्त नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा है कि विवाह विच्छेद के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो प्रक्रिया दी गई है उसी के तहत विवाह विच्छेद किया जा सकता है। यह आदेश जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने एक पति की ओर से दाखिल पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याची पति ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत परिवार न्यायालय, श्रावस्ती द्वारा उसकी पत्नी के पक्ष में रुपये 2200 प्रतिमाह के भरण-पोषण के आदेश को चुनौती दी थी। याचिका में पति का तर्क था कि 29 नवंबर 2005 को पत्नी ने स्वयं दस रुपये के स्टाम्प पर लिखकर घोषणा की थी कि वह याची से विवाह विच्छेद कर रही है। उक्त स्टाम्प पेपर पर तमाम गवाहों के साथ-साथ याची पति के भी बतौर गवाह हस्ताक्षर बने हुए थे। इस पर कोर्ट ने टिप्पड़ी करते हुए कहा कि पति इस एकतरफा विवाह विच्छेद की घोषणा में पक्षकार तक नहीं है अपितु उसने केवल बतौर गवाह ही उक्त स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर बनाये हैं। कोर्ट ने कहा कि इस कथित घोषणा से याची और उसकी पत्नी का विवाह भंग नहीं हो सकता। कोर्ट ने पाया कि याची एक पुजारी है और भागवत पाठ करता है लिहाजा रुपये 2200 प्रतिमाह का भरण-पोषण का आदेश उचित है। याची की ओर से यह भी दलील दी गई कि उसकी पत्नी बिना किसी वैध कारण के उससे अलग रह रही है लिहाजा वह भरण-पोषण की हकदार नहीं है। कोर्ट ने इस दलील को भी अस्वीकार करते हुए कहा कि याची ने बिना अपनी पहली पत्नी से वैध तलाक लिए दूसरा विवाह कर लिया और दूसरी पत्नी से उसके तीन बच्चे भी हैं, ऐसे में उसके साथ न रहने का उसकी पहली पत्नी के पास वैध कारण है।

## रेल कर्मी लापता, पुलिस ने किया गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** मूल रूप में शान्ती नगर थाना- बछरावा जिला रायबरेली निवासी अमित कुमार पुत्र राजकुमार की पत्नी स्वर्णिमा देवी के अनुसार उसके पति रेलवे में उत्तर रेलवे सवारी डिब्बा कारखाना आलमबाग लखनऊ में कारपेन्टर टेक्नीग्रेड तीन के पद पर कार्यरत थे। आरोप है कि पीडिता के पति अमित कुमार बीते 14 सितम्बर 2021 की सुबह करीब 7.00 बजे अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए घर से टिफिन लेकर बछरावां रेलवे स्टेशन के लिए रोजाना की तरह कार्य पर निकले थे। आरोप है कि उसी दिन जब उनके पति देर शाम तक घर नही पहुंचे तो उन्होंने बीते 15 सितम्बर 2023 की सुबह वह अपने पति के आफिस गयी तो उसे जानकारी हुई वह आफिस नहीं पहुंचे जिसके पश्चात वह अपने रिश्तेदारी सहित अन्य जगह तलाश करने के बाद कोई जानकारी नहीं होने पर बछरावां थाना पर थाने में पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नही की उसके उपरान्त उन्होंने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के साथ पति को अपहरण करने की आशंका जता बीते 20 , अक्टुबर को रजिस्टर्ड डाक द्वारा पुलिस अधीक्षक जनपद- रायबरेली को प्रार्थना पत्र दे शिकायत की है वही आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन का कहना हैकि मामला अन्य थाने का है जो ट्रांसफर होकर उनके पास कोर्ट के आदेश पर आया है। जिसके पश्चात उन्होंने गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुटे हैं।

# सुलतानपुर हाईवे पर ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

● भांजे के जन्मदिन में शामिल होकर लौटते वक्त हुआ हादसा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज में बुधवार सुबह सुलतानपुर हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक के पहिए के नीचे आने से सोनी (20) की मौके पर मौत हो गई। पति विजय और भतीजी रोशनी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सोनी भांजे के जन्मदिन में शामिल होने के बाद पति और भतीजी के साथ घर लौट रही थी।

**ट्रक ने पीछे से मारी थी टक्कर:** बाराबंकी जैदपुर निवासी विजय की शादी एक वर्ष पूर्व गोसाईंगंज बिकौली निवासी सोनी से हुई थी। मंगलवार को सोनी के भांजे का जन्मदिन दिन था। जिसमें शामिल होने के लिए वह पति और भतीजी के साथ मायके आई थी। बुधवार सुबह करीब नौ बजे तीनों लोग बाइक से बाराबंकी के लिए निकले थे। सुलतानपुर रोड स्थित गंगागंज के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी थी। जिससे सोनी छिटक कर सड़क पर जा गिरी। वहीं, विजय और भतीजी बाइक समेत गिर पड़े। हादसे के बाद भाग रहे ड्राइवर ने ट्रक का पहिया सोनी के सिर पर चढ़ा दिया था। जिससे सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। विजय और रोशनी को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

**आंखों के सामने पत्नी को खो दिया:** भांजे के जन्मदिन में शामिल होने के लिए सोनी काफी उत्साहित थी। मंगलवार को वह पति के साथ मायके आई थी। सुबह ससुराल वापस लौटने के लिए निकली थी। तभी यह हादसा हो गया। ट्रक की टक्कर से घायल विजय पत्नी का शव देख बेसुध हो गया था। जिसे परिवार वालों ने किसी तरह से संभाला।

# युवक ने साड़ी के फंदे से लटक कर दी जान

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। नगराम के बजगिहा गांव निवासी युवक ने मंगलवार रात आत्म हत्या कर लिया। उसका शव छत के कुंडे में साड़ी के फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस द्वारा शव फंदे से नीचे उतरवाया गया। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार मृतक के बड़े भाई देश राज द्वारा दी गई तहरीर पर इस्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। आत्म हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। नगराम के बजगिहा गांव में बृह्मा दीन रावत के तीन लड़के हंसराज देशराज व उदयराज थे जो परिवार समेत अलग अलग रहते हैं। छ माह पूर्व बीते वर्ष 2023 के अक्टूबर माह में उदयराज की शादी रायबरेली के बछरावां थानांतर्गत सेहगों का मजरा नेवाज खेड़ा गांव निवासी शालिनी के साथ हुई थी। मृतक के मां बाप की मौत पहले ही हो चुकी है। पत्नी शालिनी के अनुसार मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे पुराने घर से वह अपने घर पहुंची तो कमरे में अंदर से कुंडी लगी होने व बार बार आवाज लगाने पर भी पति उदयराज द्वारा दरवाजा नहीं खोलने पर परिजनों व मोहल्ले वालों को सूचना दी। सभी द्वारा की गयी कोशिश के बावजूद भी दरवाजा नहीं खुलने पर नगराम पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी हरदोइया उपेंद्र कुमार द्वारा ग्रामीणों की मदद से कुंडे के पास दरवाजा काटकर खोला गया तो उदयराज का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। जब तक फंदा काटकर उसे नीचे उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का लती था जो करीब दो ढाई साल पहले भी आत्म हत्या का प्रयास किया था जिसे समय रहते बचा लिया गया था। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मृतक के भाई देशराज द्वारा दी गई तहरीर पर इस्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## मानसिक बीमार युवक ने लगायी फांसी

**लखनऊ।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र कासिमपुर गांव में रहने वाले जगप्रसाद रावत (30) ने गांव के बाहर पेड़ से रस्सी के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर छानबीन के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों के अनुसार वह मानसिक रूप से बीमार था। पिता सहज राम ने बताया कि रात के वक्त वह घर से कब निकला किसी को पता नही चला सुबह गांव से बाहर एक पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका मिला।

# शातिर चोर गिरफ्तार, सात बाल्टी कलर बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की आशियाना पुलिस ने एक पेंट की दुकान से सात बालटी कलर चोरी करनेवाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने दो ऐसे मोबाइल स्नैचरों को गिरफ्तार किया है जो लूटे मोबाइल फोन बेचने कर घर जा रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से हजारों की नकदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार आशियाना इलाके में स्थित एक गोदाम से पेंट चोरी हो गया था। पुलिस ने मुकदमा के बाद जांच शुरू की जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गाजियाबाद निवासी शिवम तिवारी व आशियाना निवासी मयंक वर्मा बताया। पुलिस ने इनके कब्जे से सात बालटी पेंट की बरामद की है। उधर डीसीपी पूर्वी की सर्विलांस टीम ने दो मोबाइल लुटेरों को आशियाना पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है।

# साइकिल सवार को मारी टक्कर, चालक पर मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र स्थित समेसी बाजार से बुधवार शाम वापस पट्टी खेड़ा अपने घर जा रहे अधेड़ साइकिल सवार को अज्ञात बाइक चालक ने छेदा खेड़ा नहर पुलिया के पास टक्कर मार दिया। टक्कर से साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई व साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार बुधवार के दिन घायल के लड़के द्वारा दी गई तहरीर पर बाइक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नगराम के अहमद पुर आजम अली (पट्टी खेड़ा) निवासी शंभू दयाल द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार सोमवार शाम के समय उसके सौतेले पिता जगदीश समेसी बाजार से वापस घर पट्टी खेड़ा आ रहे थे। शाम करीब सात बजे छेदा खेड़ा गांव के पास बनी पुलिया पर पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार सी डी डीलक्स बाइक संख्या यू पी 33 ए वाई 4720 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई व उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों व ग्रामीणों को आता देख अज्ञात चालक बाइक समेत मौके से भाग गया। सूचना पाकर परिजनों समेत मौके पर पहुंच कर घायल पिता को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पट्टी खेड़ा निवासी शंभू दयाल द्वारा बुधवार के दिन दी गई तहरीर पर बाइक संख्या यू पी 33 ए वाई के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच उपनिरीक्षक संजय सिंह को सौंपी गई है।

**पार्किंग से कार चोरी:** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एक बिल्डिंग की पार्किंग में खड़ी कार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। बुधवार को कार मालिक ने सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर कार चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक विकास कुमार राठौर ने स्काई लाइन प्लाजा की पार्किंग में अपनी हौंडा सिटी कार पार्क की थी। जो रात करीब 12 बजे के आसपास तीन चोर चोरी कर ले गए। कार ले जाते चोरो की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरिगवाँ विकास खंड बाँकेगंज जनपद लखीमपुर (खीरी)**

पत्रांक मेमो मनरेगा/ग्राम निधि निर्माण कार्य/सामग्री आपूर्ति निविदा    दिनांक 12.03.2024

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत भरिगवाँ में ग्राम निधि एवं मनरेगा कन्वर्जन से आई.सी.डी. आँगनबाड़ी केन्द्र में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री हेतु पीडब्लूडी की दरों पर निम्न सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर में पंजीकृत हैं, में मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का नाम अनुमानित सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | लाल्हापुर में आँगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य। | 1024422.00 | ईंट क्लास-150, ईंट रोडा 40मिमी, मौरंग, लोहा, सीमेन्ट, गिट्टी, बालू, पेन्ट, वाटरप्रूफ सीमेन्ट पेन्ट |

नोटः अनुमन्य जी.एस.टी. अलग से देय होगा।

निविद फार्म/क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बोधत दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत भवन/ ग्राम पंचायत भरिगवाँ से दिनांक 13.03.2024 से 19.03.2024 तक रुपए 100 रू. जमाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 19.03.2024 अपरान्ह 2.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। तथा 03.00 बजे अपराहन गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत भरिगवाँ
वि.ख.- बाँकेगंज (खीरी)

प्रधान
ग्राम पंचायत भरिगवाँ
वि.ख.- बाँकेगंज (खीरी)

**कार्यालय ग्राम पंचायत नरसिंहपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24    दिनांक-13.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरसिंहपुर, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में पंचम वित्त/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/आईसीडीएस/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 14.03.2024 से दिनांक 19.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत नरसिंहपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक-19.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कुसुम के घर से सीसी रोड व इंटरलॉकिंग तक इंटरलॉकिंग व पक्की निर्माण कार्य। | 7,33,855 रुपये। | इण्टरलॉकिंग ईंट, ईंट प्रथम श्रेणी, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, व अन्य सामग्री। |
| 2 | पवन के दुकान से पिंटू के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | 4,40,684 रुपये। | इण्टरलॉकिंग ईंट, ईंट प्रथम श्रेणी, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, व अन्य सामग्री। |
| 3 | शाहपुर में आंगनवाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य। | 12 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट, ईंट प्रथम श्रेणी, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- नरसिंहपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

# पेट्रोप पम्प बेचने का झांसा देकर 77 लाख हड़पे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलीगंज कोतवाली में प्रदीप कुमार सिंह ने दीपक और उसकी बहन शिल्पी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने पेट्रोल पम्प बेचने का झांसा देकर 77 लाख रुपये लिए थे। सेक्टर-डी निवासी प्रदीप के मुताबिक वर्ष 2020 में बंथरा निवासी दीपक सिंह ने मोहान रोड स्थित भारत पेट्रोलियम बेचने का सौदा किया था। दीपक का दावा था कि पम्प उसकी बहन शिल्पी सिंह के नाम पर है। जिसे वह 97 लाख में बेचना चाहती है। झांसे में फंस कर प्रदीप ने करीब 77 लाख रुपये दे दिए। लेकिन उन्हें पेट्रोल पम्प नहीं मिला। पूछताछ करने पर पता चला कि अन्य लोगों भी दीपक ने धोखाधड़ी की है।

**राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के रीडर को पीटा:** खटौला गांव में राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के रीडर बृजेश गुप्ता के साथ दबंगों ने मारपीट की। विरोध करने पर गाली देते हुए भाग निकले। बृजेश के मुताबिक मंगलवार को वह भागूखेड़ा स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ आयुष मेडिकल साइंस का निरीक्षण करने के बाद घर लौट रहे थे। खटौला गांव के पास पहुंचने पर रास्ते में खड़े युवकों का बृजेश से विवाद हो गया। इस पर आरोपी ने मारपीट करते हुए पथराव कर दिया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर आरोपी भाग निकले। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि बृजेश गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**रुपये लेकर नहीं दिया प्लॉट, मुकदमा दर्ज:** मोहनलालगंज कोतवाली में ड्राइवर ने रियल एस्टेट फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि रुपये लेने के बाद भी उन्हें प्लॉट नहीं दिया गया। नौबस्ता निवासी ननकऊ के मुताबिक करीब पांच साल पहले प्लॉट खरीदने के लिए रुद्र कम्पनी के ओम प्रकाश से सम्पर्क हुआ था। जिसने दो लाख 73 हजार रुपये लेने के बाद भी प्लाट नहीं दिया। पूछताछ करने पर आरोपी गाली गलौज करने लगा।

**बहन की ससुराल पहुंचे भाई से मारपीट:** उतरावां में मंगलवार रात बहन की ससुराल पहुंचे भाई के साथ मारपीट की गई। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। उन्नाव निवासी दुर्गेश कुमार की बहन आरती की ससुराल निगोहां में है। मंगलवार रात आरती ने फोन कर ससुराल में मारपीट किए जाने की जानकारी दी थी। जिस पर दुर्गेश ने बहन की ससुराल पहुंच कर सुलह कराने का प्रयास किया। आरोप है कि समझौते की बात करने पर ससुराल पक्ष के प्रमोद, कृष्णपाल, विनोद और कांति ने मारपीट की। इंस्पेक्टर निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की ज रही है।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने वाला महेंद्र शर्मा गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर आउट कराने वाले गिरोह के एक सदस्य महेन्द्र शर्मा को पेपर व उत्तर कुंजी के साथ यूपी एसटीएफ ने हरियाणा की जीद कोतवाली के पिल्लुखेडा रेलवे फाटक के पास स्थित भारतीय स्टेट बैंक की बेसमेंट में बनी दुकान गिरफ्तार किया है ।

पकड़ा गया आरोपी हरियाणा के जींद जनपद के बराह खुर्द का रहने वाला है। जिसके पास से मोबाईल फोन और अभ्यर्थी को पेपर पढ़ाते समय का एक वीडियो व फोटो तथा एक प्रश्न - पत्र तथा उत्तर कुंजी बरामद हुई है। यूपी एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि अमनदीप की थाना पिल्लुखेडा जनपद जींद हरियाणा में अनफोयल इन्वेशन नाम की दुकान है ।जिस पर वह काम करता है ।बीती पंद्रह फरवरी को उसके गांव के विक्रम पहल जो दिल्ली पुलिस में नियुक्त है ।उसे अपने साथ मानेसर गुरूग्राम स्थित रिसोर्ट पर लेकर गया तथा बोला कि उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न - पत्र आने वाला है । इस काम में सहयोग करो तुमको भी एक - दो लाख रुपए दे दूंगा ।

गुरुग्राम स्थित रिसोर्ट में करीब 300-400 परीक्षार्थी पहले से मौजूद थे तथा 10-12 बसों से अन्य परीक्षार्थी को लेकर गौरव चौधरी व अन्य लोग रिसोर्ट में आये । रिसार्ट का मालिक भी पहले से ही वहा मौजूद था । करीब 1000 परीक्षार्थी रिसोर्ट में आ चुके थे । जिसके बाद विक्रम पहल ने सबके साथ मीटिंग किया ।उन्होंने बताया कि सोलह फरवरी को लगभग 11 बजे विक्रम पहल अपने साथियों के साथ उ.प्र. पुलिस भर्ती परीक्षा 18 फरवरी की द्वितीय पाली का प्रश्न - पत्र व उत्तरकुंजी लेकर आया था । उसके साथ मोनू शर्मा और बिक्रम एवं कुछ अन्य लोग भी आये थे । विक्रम पहल लगातार अपने साथियों के सम्पर्क में था ।जिनसे पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न - पत्र आउट कराने को लेकर बात चल रही थी । अभिषेक शुक्ला व रवि के सम्पर्क में विक्रम पहले से ही था ।क्योकि कुछ दिनों पहले ही दिल्ली में किसी स्थान पर इन लोगों की उ०प्र० पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने व ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को गुरुग्राम स्थित रिसोर्ट में एकत्र करके उनको पेपर पढ़वाने की बात हुई थी ।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :** अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों से दो भागों में अलग-अलग ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 25.03.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनांक 26.03.2024 को 12.00 बजे अधो-हस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अद्यो-हस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करन/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेंगे। निविदा का विवरण निम्नवत् है- **1. ई-निविदा संख्या 30 एच (एफ)(एस)/2023-24** विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत अयोध्याधाम में एल.टी. केबिलों को भूमिगत करने एवं केबिलों में फाल्ट आने के कारण निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2030.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें"(पत्रांक : 2837, दिनांक 11.03.2024)**

# ‘शास्त्री विरुद्ध शास्त्री’ में दिखेगी पारिवारिक मूल्यों की कहानी : शिव पंडित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आपने मेरी फिल्मों की फेहरिस्त देखी होगी तो आपको समझ में आ गया होगा कि मैंने अभी तक ऐसी फिल्में नहीं की है। मैंने क्राइम फिल्म की है, सस्पेंस की है या मैं अल्फा मेल बना हूं, लेकिन बागबान जैसी एकदम पारिवारिक मूल्यों को दिखाने वाली फिल्म करना है। जब इस फिल्म का ऑफर मुझे मिल गया तो मैं बड़ा खुश हो गया कि इस बार कुछ अलग करने वाला हूं। कहना है अभिनेता शिव पंडित का जो जल्द ही ‘शास्त्री विरुद्ध शास्त्री’ में अभिनय करते नजर आयेंगे।

शिव पंडित कहते हैं कि साल 1980 से लेकर साल 2000 इन सालों के बीच में कई पारिवारिक फिल्में आईं लेकिन 2000 के बाद कुछ यू मौका आया कि सस्पेंस या क्राइम ऐसी फिल्में ज्यादा आईं और ओटीटी में लोगों ने ऐसे ही चीजों को देखना पसंद किया। शास्त्री विरुद्ध शास्त्री एक ऐसी फिल्म है जिसमें कि मुझे अपने पारिवारिक मूल्यों को दिखाने का मौका मिला और इसलिए यह फिल्म मैंने झटपट कर ली। शिव पंडित शास्त्री विरुद्ध शास्त्री में मल्हार शास्त्री के रोल में नजर आने वाले हैं। शिव पंडित ने वॉयस ऑफ लखनऊ से विस्तार से बातचीत की।

**फिल्म में दादा और पोते के रिश्ते को बहुत ही सुंदर तरीके से दशार्या है असल जीवन में आपका और आपके दादा जी का रिश्ता कैसा था ?**

मैं और मेरे दादाजी हम दोनों एक दूसरे को खूब प्यार किया करते थे। मुझे तो मेरी दादी भी उतनी ही याद आती हैं। अब वह दोनों इस दुनिया में नहीं है। लेकिन मुझे खूब प्यार मिला है इन दोनों से। मुझे आज भी याद है कि हमारा घर हुआ करता था, जिसमें एक दालान हुआ करता था और दालान में धूप सेकते हुए दादाजी अपनी कुर्सी पर बैठा करते थे और जैसे ही सुबह सुबह में उठकर उनके पास जाते हरिओम करके इस नाम से बुलाते थे और उसी धूप बैठे हुए कभी किताबें पढ़ते थे कभी गप्पे लड़ाते थे।

मेरी दादी की बात कहें तो मैं उनको अम्मीजान कहता था और उनसे भी खूब ज्यादा लाड़ मिला है मुझको। हम लोग पार्टीशन के बाद अमृतसर आए फिर दिल्ली आकर बस गए। तो यह मेरे परिवार की कहानी है और मैं शायद बहुत ही ज्यादा खुश किस्मत रहा हूं कि मुझे ना सिर्फ दादा-दादी बल्कि नाना नानी का भी उतना ही दुलार मिला है। साथ ही आपको यह भी बताना चाहूंगा कि मेरी मेरे पिताजी से बड़े अलग तरीके की रिलेशनशिप रही है। समय के साथ साथ हम लोगों के रिश्ते में कई बदलाव आए हैं। हर बार हमारे रिश्ते का नया रूप ही नजर आता है। आज के समय में वह मेरे काम को बहुत पसंद करते हैं। मेरे क्राफ्ट को बहुत सम्मान देते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी अगर आपको लगता है कि हम नहीं लड़ते तो मेरी और मेरे पापा की लड़ाई होती है और होती रहेगी।

**फिल्म बात करती है कि माता-पिता व्यस्त होते हैं और बच्चे को इतना समय नहीं दे पाते हैं। आपकी निजी राय क्या है ?**

मैं इस मामले में निजी नहीं दे सकूंगा क्योंकि मैं एक बहुत अच्छे पारिवारिक माहौल में पला बढ़ा हूं। मेरी मां ने काम नहीं किया। हम तीन भाई बहन है, एक भाई है और गायत्री छोटी बहन है। मैं बीच वाला बेटा हूं तो जब तक गायत्री भी अपनी एक सही उम्र में नहीं पहुंच गई, तब तक मां ने घर के बाहर जॉब करना शुरू नहीं किया। मुझे याद है मेरी मम्मी ने मुझे आर्ट और क्राफ्ट करना सिखाया। ड्राइंग करना सिखाया पढ़ाई में मदद की और फिर जैसे ही लगा कि गायत्री बड़ी हो गई मां ने बाहर निकलकर जॉब करना शुरू की हालांकि बहुत टैलेंटेड रही है, लेकिन जब वह बाहर गई तो उन्होंने प्रोडक्शन इंटर्न की तरह शुरूआत की और फिर अपनी उसी कंपनी में नेशनल मार्केटिंग हेड भी बन गईं। मुझे फख्र है कि मैं ऐसी मां का बेटा हूं अब जहां तक बात रही आपके सवाल की तो आप जानते ही होंगे कि मुंबई में भी जाने कितने सारे लोग ऐसे हैं जो मुंबई के नहीं है। वह किसी दूसरे प्रदेश या किसी दूसरे शहर से यहां पर आकर बसे हैं। वह पैसा कमाने का नाम कमाने की चाहत में यहां पर आकर रुके हैं। ऐसे में जब उनका कोई बच्चा होता है तो प्रेम शानी हो जाती है। घर छोटे हैं तो ज्यादा लोगों को लाकर रख नहीं सकते। नौकर चाकर रख नहीं सकते तो ऐसे बच्चों को वह क्रेश में छोड़ते हैं। अब इतना सोच लीजिए कि कभी ऐसा हुआ की देखरेख करने वाली आया है या क्रेश में कुछ हो गया तो कैसे उनका पूरा दिन और दिनचर्या ध्वस्त हो जाती है। यह बहुत सोचने वाली बात है। हमने भी फिल्म में इसी बात को दिखाने की कोशिश की है।

**इटली और जापान जैसे देशों में नवविवाहित युवक युवतियों ने नई पीढ़ी को जन्म ही नहीं दिया, क्या सोचते हैं ?**

यह बहुत गंभीर विषय है। मेरी एक फिल्म थी नेटफ्लिक्स पर। उसी के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए मैं एस्टोनिया नाम के एक देश गया था। वहां मैंने देखा कि यह बड़ी विकट समस्या है। वहां पर लोग बच्चे नहीं पैदा कर रहे हैं। वहां की सरकार ने इंसेंटिव देना शुरू किए कि आप अगर बच्चा पैदा करेंगे तो हम आपको इंसेंटिव देंगे या इस तरीके की सुविधाएं दिया जाएगी। पढ़ाई लिखाई मुफ्त में कराई जाएगी। बात तो यह भी है कि यूरोप के कुछ देशों ने अभी भी कहना शुरू कर दिया है कि विदेशी पर्यटक आए और यहां पर बच्चों को जन्म दे। बेहद दुखद है ये देखना।

# ऐशबाग में सात दिवसीय श्री राम कथा कल से



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रभु श्री राम जी की कृपा तथा हनुमान जी की प्रेरणा से एक अरब 96 करोड़ 8 लाख 53000 तथा 122 वर्षों पुराने सनातन धर्म तथा हिन्दुत्व जागरण के उद्देश्य से अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन एवं रामराज स्थापना महामंच के संयुक्त तत्वावधान में 15 मार्च से 21 मार्च तक सात दिवसीय मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम कथा का आयोजन रामलीला मैदान ऐशबाग लखनऊ में आयोजित किया गया है। श्री राम कथा , अयोध्या में प्रभु श्री राम जन्म भूमि के मुक्ति संघर्ष के 500 वर्षों के बलिदान एवं संघर्षों के उपरान्त 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा तथा भव्य राम मन्दिर निर्माण के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। प्रभु श्री राम के त्याग, अतताइयों के विनाश , नारी रक्षा तथा प्रभु श्री राम जी के मर्यादित आचरण को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरस संगीतमय राम कथा की अमृत वर्षा वृन्दावन, अयोध्या वासी राष्ट्रीय संत कथावाचक आचार्य देवमुरारी बापू जी के मुखारबिन्दु से होगी।

# संत की पुण्यतिथि पर गरीबों को बांटा गया भोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अयोध्या के संत व डालीगंज निवासी ब्रम्हलीन पं. राम इकबाल तिवारी की तीसरी पुण्यतिथि पर समाजसेवियों ने बुधवार को डालीगंज के मनकामेश्वर मन्दिर और हनुमान सेतु मन्दिर के आस-पास गरीबों को भोजन के पैकट और फल का वितरण किया गया। उनके परिवार की कनक तिवारी ने बताया कि हमारे दादा जी अयोध्या के छोटी छावनी व अन्य आश्रमों में पूरा जीवन रहकर भगवान की सेवा की। वह कुछ समय के लिए डालीगंज के माधव मन्दिर और नजीरगंज के उदासीन मन्दिर में भी अपनी सेवा प्रदान की।

# दुर्लभ वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति से सजी अवध की शाम

- यूपी के लोक वाद्य चमेली, राम कुंडली, दुक्कड़, ताशा और हुड़का का प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति के अंतर्गत बुधवार को एक साथ 35 कलाकारों ने प्रदेश के विभिन्न दुर्लभ लोक वाद्यों का प्रभावपूर्ण प्रदर्शन किया। वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो मांडवी सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कलाकारों ने राग जोग, कजरी, रामायण धुन, कजरी धुन, लोक धुन और होरी की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर प्रस्तुति निदेशक एवं ताल विशेषज्ञ शेख मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि सृष्टि के कण-कण में संगीत समाहित है। चाहे प्रकृति हो या मानव रचना हो। इन्हीं से संगीत का उद्गम और धीरे-धीरे विस्तार हुआ। जरूरत के मुताबिक गायन व नृत्य की संगत के लिए वाद्य यंत्रों का निर्माण होता गया लेकिन आधुनिक परिवेश में हमारी मूल संस्कृति पर उसका गहरा प्रभाव पडने के कारण आज हमारे अनेक वाद्य यंत्र विलुप्त होते जा रहे हैं। इन्हीं वाद्य यंत्रों को केंद्रित करते हुए आज का आयोजन हो रहा है जिसे उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2018 के अंतर्गत प्रोत्साहन मिला है। यह प्रस्तुति लखनऊ, कानपुर व उन्नाव में हुए प्रशिक्षण व पूर्वाभ्यास के बाद हुई।

कलाकारों में सचिन दिवाकर, विशाल मौर्य, गीतिका स्वरूप, अंशिका मिश्रा, राहुल कुमार, माधवेंद्र प्रताप, टी. गोस्वामी, समीर सराठे, विभव शरण पांडे, वेदांग अवस्थी, शमसुद्दीन, पृथ्वी, जफर अंसारी, मोहित राय, हिमांशु शुक्ला, सिराज अहमद, अंश, कमल गुप्ता, अमित प्रसाद अरुण मिश्रा, शब्बन, अयान मयंक सिंह, देवी प्रसाद, सौरभ सोनवानी, सम्राट राजकुमार, अलका श्रीवास्तव, नलिनी त्रिपाठी, अंशिका आदि प्रमुख रहे। संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर ने किया।

## इन वाद्य यंत्रों का हुआ प्रदर्शन

वरिष्ठ तबला वादक शेख मोहम्मद इब्राहिम के निर्देशन में मुख्यतः यह प्रस्तुति उत्तर प्रदेश के पांच दुर्लभ वाद्य- चमेली, राम कुंडली, दुक्कड़, ताशा, हुड़का पर केंद्रित रही। संगत वाद्य के रूप में बांसुरी, सितार, क्लेरियोनेट, मेंडोलियन, पैडल हारमोनियम, ढोलक, तबला वाद्य व सह-गायन रहा।

# चतुर्थ शताब्दी के उत्तरार्ध में बौद्ध मत का प्रवेश कोरिया में हुआ




- भारत व कोरिया के सांस्कृतिक संबंधों पर हुई परिचर्चा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा बुधवार कोरिया एवं श्रीलंका के प्रतिनिधि मंडल का स्वागत, अभिनन्दन समारोह एवं भारत व कोरिया के मध्य संबंधों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं बुद्ध वंदना के साथ हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोरिया के परम पावन यिमदाम सियू ईयू ह्यून थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरगोविंद बौद्ध, का. अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ ने की। इनके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में कोरिया की डॉ. ली ओके ही, वेन बोगेओम ( डॉ. ली ची- रान ) के साथ कोरिया व श्रीलंका के बौद्ध विद्वानों का प्रतिनिधि मण्डल तथा सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के भंते डॉ. चंद्रकिर्ती तथा डॉ. हीरो हितो व संस्थान के सदस्य गण भदंत धमानंद विवेचन, भिक्षु देवानंद वर्धन, भिक्षु शील रतन, तरुणेश बौद्ध, निदेशक संस्थान डॉक्टर राकेश सिंह अरुणेश, डॉक्टर धीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु, विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राएं, अध्यापक, गणमान्य नागरिक एवं बौद्ध विद्वान तथा पत्रकार बंधु उपस्थित थे। परम पावन यिमदाम सियू ईयू ह्यून ने कोरिया के जर्नल अफेयर्स के जोग्ये आर्डर के प्रमुख के रूप में कार्य किया है। कोरिया में बौद्ध धर्म पुनरुद्धार में आपका महत्वपूर्ण योगदान है। भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को आध्यामिक रूप से पोषित करने में आपके द्वारा अनेक कार्य किये गए है। कोरिया की डॉ० ली ओके ही भारत और कोरिया के बीच बौद्ध धर्म के उत्थान विशेष रूप से सांस्कृतिक संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत हैं। वेन बोगेओम ( डॉ० ली ची- रान ) बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। परिचर्चा में भारत और कोरिया के संबंधो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चतुर्थ शताब्दी के उत्तरार्ध में बौद्ध मत का प्रवेश कोरिया में हुआ। 11वीं शताब्दी तक कोरिया में बौद्ध धर्म धार्मिक जीवन का आधार बन गया। इस परिचर्चा में अयोध्या की राजकुमारी तथा दक्षिण कोरिया के राजकुमार के वैवाहिक संबंधो पर भी प्रकाश डाला गया साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान तथा विश्व बौद्ध नेटवर्क, दक्षिण कोरिया के मध्य शिक्षण कार्य एवं अनुसन्धान को बढावा देने के लिए शीघ्र ही एमओयू किया जायेगा। कोरिया एवं श्रीलंका के प्रतिनिधि मंडल ने शांति उपवन बौद्ध बिहार, आलमबाग, लखनऊ का भी भ्रमण किया। बौद्ध संस्थान द्वारा कोरिया के परम पावन यिमदाम सियू ईयू ह्यून सहित अतिथियों का अभिनन्दन एवं आभार सहित सम्मान किया गया।

# श्याम प्रेमियों की टोली खाटू धाम यात्रा के लिए रवाना




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में चल रहे तीन दिवसीय 41वां श्री श्याम निशानोत्सव का समापन हर्षोल्लास के संग संपन्न हुआ। 13 मार्च बुधवार को तिलकनगर से 40 श्याम भक्तों का जत्था बस से सीकर खाटू श्याम धाम यात्रा के लिए रवाना किया गया। ये सभी भक्त दूसरे दिन गुरुवार को राजस्थान के सीकर स्थित श्री श्याम कुंज, लखनऊ वालों की धर्मशाला पहुंचेगे। यहां से श्री श्याम ज्योत मंडल लखनऊ एवं संकट मोचन हनुमान का भव्य निशान के संग सभी श्याम भक्त अपना पीताम्बर ध्वजा लहराते हुए 17 किलोमीटर की पैदल यात्रा राजस्थान के रिंगस स्थित बाबा खाटू नरेश मंदिर के लिए निकल पड़े। 40 श्याम भक्तों का जत्था गाजे बाजे के साथ, ध्वजा लहराते पैदल यात्रा में जयश्री श्याम, हारे का सहारा, शीश का दानी, कलयुग के अवतारी की जय के जयकारे के बीच पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ बाबा श्याम को अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर निशान अर्पित करते है। इस खाटू धाम यात्रा में बहुत से श्याम भक्त पहली बार मंडल समिति के संग बाबा श्याम को निशाना चढ़ाने का सौभाग्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। श्याम प्रेमी अनुपम मित्तल ने बताया कि राजस्थान के सीकर जिले में खाटू श्याम का विश्व विख्यात मंदिर है। यहां भगवान श्रीकृष्ण के साथ पांडव भीम के पुत्र बर्बरीक ( खाटू नरेश )की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। बर्बरीक को खाटू श्याम नाम से जाना जाता है। महाभारत काल से बाबा श्याम का संबंध है। बर्बरीक के अंदर अपार शक्ति और क्षमता थी, जिससे प्रभावित होकर श्रीकृष्ण ने उन्हें कलियुग में अपने नाम से पूजे जाने का आशीर्वाद दिया था। धर्म में ध्वज को विजय का प्रतीक है।

# अवध के रंगों से सजा अवध लोकोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारतोदय संस्था एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रस्तुत दो दिवसीय अवध लोक उत्सव दिनांक 13 मार्च से अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान गोमतीनगर में अवध के अनेक रंगों को सजाता हुआ आरम्भ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। दीप गीत को स्वर दिया श्री मती अर्चना सक्सेना एवं श्रीमती निधि सक्सेना जी ने। अतिथि का स्वागत श्री गिरीश चन्द्र मिश्र ( सचिव ) भारतोदय द्वारा हुआ। विभिन्न लोकगीतों एवं लोक संस्कृति पर आधारित संगीत, नृत्य को मंच पर जीवन्त करने में कलाकार सक्षम रहे। विभा सिंह एवं अतुल तिवारी के भजन गीत जहां रस बरसा रहे थे, वहीं दूसरी ओर उर्मिला पाण्डेय द्वारा नृत्य प्रस्तुति में कई रंग बिखरे। अपराजिता मंच के बाल कलाकारों ने अनुष्का भटनागर के निर्देशन में राममय सुन्दर प्रस्तुति दी। अवध में राम के जन्म को मंच पर साकार किया जूही जी के नृत्य ने। कार्यक्रम का मनमोहक संचालन डॉ० अनुपमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। जिनमें कमलेश मौर्य, अमित कुमार, देवेन्द्र त्रिपाठी संस्था के उपाध्यक्ष शिवा सिंह, अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा, सीताराम कश्यप, पद्मकान्त शर्मा एवं अविनाश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। प्रस्तुति नियंत्रक शिवम मिश्रा एवं प्रचार-प्रसार चन्द्रभाष का रहा।

# शहर में जगह-जगह हुए रोजा इफ्तार, मस्जिदों में अदा की नमाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सहरी का मजा, इफ्तार की लज्जत, जिक्र, शुक्र, सब्र, नेमत, रहमत, कुरआन शरीफ की तिलावत, नमाज का वसूल, रोजे की रूहानियत का प्रतीक माह-ए-रमजान के दूसरे दिन रोजेदारों ने पूरे दिन अल्लाह की इबादत में गुजारे। शाम को रोजा इफ्तारी के साथ रोजेदारों ने रोजा खोला और खुदा का शुक्र अदा किया। चारों तरफ रमजान की रौनक है। बुधवार की सुबह लोगों ने मिलकर सहरी खाई। तहज्जुद की नमाज पढ़ने के बाद फज्र की नमाज अदा की। कुरआन शरीफ की तिलावत की। तस्बीह व दुआ में अल्लाह की हम्दो सना बयान की। मस्जिदों में दरूदो सलाम पढ़ा गया। सुबह से ही लोग इबादत में मसरूफ हुए तो यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। शहर की हर मस्जिद में नमाज़ियों का तांता लगा रहा। शाम को सभी ने एक साथ दस्तरख्वान पर रोजा अफ्तार किया।

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि रमजान के तीस दिनों को तीन हिस्सों में बांटा गया है यानी रहमत, मगफिरत, जहन्नम से आजादी। पहला अशरा रहमत का चल रहा है, इसलिए सभी अल्लाह तआला की रहमत से मालामाल होना चाह रहे हैं। जोहर की नमाज के बाद लोगों ने बाजार की तरफ रुख किया। इफ्तारी के तमाम सामानों की खरीदारी की। इसके बाद घरों में महिलाओं ने इफ्तार के विभिन्न पकवानों को बनाना शुरू किया। असर की नमाज घरों व मस्जिदों में अदा की गई। इफ्तार तैयार होने के बाद मुसाफिरों व गरीबों के लिए मस्जिदों में भेजी गई। पास पड़ोस में भी इफ्तार भेजी गई। शाम को सभी ने एक दस्तरख्वान पर इफ्तार कर, दुआ मांगी। तरह-तरह के खजूर, चिप्स, चना, शरबत, पकोड़ियां व फल वगैरा ने दिन भर की भूख को गायब कर दिया। इफ्तार करने के बाद छोटे से लेकर बड़ों ने मगरिब की नमाज अदा की।

**उलेमाओं ने बतायी रमजान की फजीलत:** काजी मुफ्ती इरफान मियां फरंगी महली ने बताया कि रोजा रखने में बहुत सी हिकमतें है रोजा रखने से भूख और प्यास की तकलीफ का पता चलता है। जिससे खाना-पानी की कद्र मालूम होती है और इंसान अल्लाह का शुक्र अदा करता है। रोजा से भूखों और प्यासों पर मेहरबानी का जज्बा पैदा होता है क्योंकि मालदार अपनी भूख याद करके गरीब मोहताज की भूख का पता लगाता है। रोजा से भूख के बर्दाश्त करने की आदत पड़ती है। अगर कभी खाना मयस्सर न हो तो घबराता नहीं और अल्लाह की नाशुक्री नहीं करता। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि रमजान के महीने में नेकी करने वालों को बहुत अधिक सवाब मिलता है। रोजेदार अपनी दिनचर्या में अधिक से अधिक अल्लाह का जिक्र और जकात व अन्य सदका खैरात करें। लोगों को इस माह अपने अंदर के गुस्से को निकाल देना चाहिए। यह एक तरह से प्रशिक्षण का माह होता है। रोजा रखकर दूसरे की भूख का अहसास होता है इसलिए तमाम मुसलमानों को चाहिए कि अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए खुशदिली से रोजा रखें और अल्लाह के इनाम के हकदार बनें।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्राकः 1004/न.पा.परि.रा./पी.डब्लू.(ईओ)-ई-टेन्डरिंग /15वां वित्त/2023-24 दिनांकः 13.03.2024

**पुनः अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

15वें वित्त आयोग (बुनियादी अनुदान) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना पत्र संख्य 163/एल.बी.सी.-15वें वि.आ.-कार्ययोजना/2024 दिनांक 20.02.2024 के क्रम में कुल 12 अदद निर्माण कार्यों पुनः निविदायें पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स से निविदायें दिनांक : 13-03-2024 से दिनांक 20-03-2024 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही www.e-tender.up.nic.in पर ही की जायेगी। अपलोड की गयी निविदायें दिनांकः 20.03.2024 समय 12:00 बजे खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जी.एस.टी. शासन के निर्देशानुसार मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.e-tender.up.nic.in पर एवं कार्यालय के निर्माण अनुभाग से किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)**

| क्र. सं. | नगरपालिका परिषद रायबरेली। | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | Tender upload | 13-03-2024, 11.00AM | |
| 2- | | Tender Download | 14-03-2024, 11.00AM | 20-03-2024, 11.00AM |
| 3- | | Bid Submission | 14-03-2024, 11.00AM | 20-03-2024, 11.00AM |
| 4- | Bid Opening | | 20-03-2024, 12.00PM | |

(स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।

(शत्रोहन लाल सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।

# पटना, दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, बरौनी के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

## रेलवे प्रशासन होली पर्व को देखकर चलायेगी 37 स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी राहत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी होली पर्व के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन तथा भीड़भाड़ की अतिरिक्त निकासी हेतु उत्तर रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए होली स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन करेगी ।

इस बारे में जानकारी देते हुए उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने बताया कि होली स्पेशल ट्रेनों में ट्रेन संख्या 04066 आनंद विहार-पटना स्पेशल 21 व 28 मार्च को आनंद विहार से रात 23.00 प्रस्थान कर गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. और दाना पर होते हुए पटना अगले दिन शाम 16.00 पहुंचेगी। जबकि ट्रेन संख्या 04065 पटना-आनंद विहार स्पेशल 22 व 29 मार्च को पटना से शाम 17.45 पर प्रस्थान कर अगले दिन 11.20 बजेक आनंद विहार पहुंचेगी।जबकि ट्रेन संख्या 04062 दिल्ली-बरौनी स्पेशल 24 व 31 मार्च को दिल्ली से सुबह 8.50 बजे प्रस्थान कर अलीगढ़, टुण्डला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, सिवान, छपरा, हाजीपुर होते हुए बरौनी अगले दिन सुबह 6.30 पर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04061 बरौनी-दिल्ली स्पेशल 25 मार्च व 1 अप्रैल को बरौनी से सुबह 8 बजे प्रस्थान कर दिल्ली अगले दिन सुबह 7.35 पर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04517 गोरखपुर चंडीगढ़ स्पेशल 22 व 29 मार्च को गोरखपुर से रात 22.05 बजे प्रस्थान कर बस्ती, गोण्डा, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला कैंट होते हुए चंडीगढ़ अगले दिन दोपहर 14.10 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04518 चंडीगढ़-गोरखपुर स्पेशल 21 व 28 मार्च को चंडीगढ़ से रात 23.15 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर अगले दिन शाम 18.20 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 04060 आनंद विहार-जयनगर स्पेशल 22 व 29 मार्च को आनंद विहार से सुबह 10.30 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. बक्सर, आरा, दानापुर, पाटिलीपुत्र हाजीपुर, मुज्फ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुब्रनी होते हुए जयनगर अगले दिन शाम 15.15 बजे पहुंचेगी।जबकि ट्रेन संख्या 04059 जयनगर-आनंद विहार स्पेशल जयनगर से शाम 19.00 बजे प्रस्थान करआनंद विहार अगले दिन शाम 19.55 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01664 आनंद विहार-सहरसा स्पेशल 25 मार्च को आनंद विहार से सुबह 11.10 बजे प्रस्थान कर हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दलसिंह सराय, बरौनी, बेगुसराय, खगरिया, बख्यितारपुर होते हुए सहरसा अगले दिन 11.20 बजे पहुंचेगी।ट्रेन संख्या 01663 सहरसा-आनंद विहार स्पेशल 27 मार्च को सहरसा से सुबह 9.30 बजे प्रस्थान कर आनंद विहार अगले दिन दोपहर 13.55 बजे पहुंचेगी।ट्रेन संख्या 04010 आनंद विहार-जोगबनी स्पेशल 26 मार्च को आनंद विहार से रात 23.45 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगुसराय, खगरिया, नौगछिया, कटिहार, पुर्णिया, अररिया कोर्ट, अररिया होते हुए जोगबनी तीसरे दिन भोर 5.20 बजे पहुंचेगी।जबकि ट्रेन संख्या 04009 जोगबनी-आनंद विहार स्पेशल 28 मार्च को जोगबनी से सुबह 9.00 बजे प्रसीान कर तीसरे दिन 16.05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।ट्रेन सांख्या 04068 दिल्ली-दरभंगा




स्पेशल 22 व 29 मार्च को दिल्ली से शाम 19.30 बजे प्रसीान कर मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड होते हुए दरभंगा अगले दिन 16.30 बजे पहुंचेगी।जबकि ट्रेन संख्या 04067 दरभंगा- दिल्ली स्पेशल 22 व 29 मार्च को दरभगा से शाम 18.00 बजे प्रसीान कर अगले दिन रात 1.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04004 नयी दिल्ली-सीतामढ़ी स्पेशल 22 व 29 मार्च को नयी दिल्ली से रात 12.10 बजे प्रस्थान कर मुराइाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया होते हुए सीतामढ़ी अगले दिन रात 22.00 बजे पहुंचेगी। तो ट्रेन संख्या 04003 सीतामढ़ी-नयी दिल्ली स्पेशल 22 व 29 मार्च को सीतामढ़ी से रात 23.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात 1.30 बजे नयी दिल्ली पहुंचेगी।05115 छपरा-आनंद विहार स्पेशल 20 व 27 मार्च को शाम 17.45 बजे प्रस्थान कर सिवान, देवरिया, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद होते हुए आनंद विहार अगले दिन 11.50 बजे पहुंचेगी। तो ट्रेन संख्या 05116 आनंद विहार-छपरा स्पेशल 21 व 28 मार्च को आनंद विहार से दोपहर 14.45 पर प्रस्थान कर छपरा अगले दिन सुबह 9.30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 05023 गोरखपुर-आनंद विहार स्पेशल 24 व 31 मार्च को गोरखपुर से रात 21.15 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए आनंद विहार अगले दिन 13.15 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 05024 आनंद विहार-गोरखपुर स्पेशल 25 मार्च व 1 अप्रैल को आनंद विहार से दोपहर 15.15 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर अगले दिन सुबह 06.35 पर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 05047 बनारस-आनंद विहार स्पेशल 26 मार्च को बनारस से शाम 19.20 बजे प्रस्थान कर भदोही, मो बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद होते हुए अगले दिन सुबह 9.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 05048 आनंद विहार-बनारस स्पेशल 27 मार्च को आनंद विहार से शाम 18.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8.10 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 05053 गोरखपुर-बांद्रा स्पेशल 22 व 29 मार्च को गोरखपुर से सुबह 9.30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, टुण्डला, आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटाभिवानी मंडी, श्यामगढ़, नागदा, रतलाम, गोधरा, सूरत, बलसाड, वापी, पालघर, बोरीवली होते हुए बांद्रा अगले दिन शाम 16.00 पहुंचेगी। तो 05054 बांद्रा गोरखपुर स्पेशल 23 व 30 मार्च को आंद्रा से रात 21.45 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर तीसरे दिन सुबह 6.25 बजे पहुंचेगी।05055 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस 20 व 27 मार्च को गोरखपुर से दोपहर 14.40 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर सिटी, वेश्य होते हुए अमृतसर तीसरे दिन सुबह 9.30 बजे पहुंचेगी।जबकि 05056 अमृतसर-गोरखपुर स्पेशल 21 व 28 मार्च को अमृतसर से दोपहरी 12.45 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर तीसरे दिन सुबह 8.50 पर पहुंचेगी।05049 छपरा-अमृतसर स्पेशल 22 व 29 मार्च को छपरा से सुबह 9.55 बजे प्रस्थान कर सिवान, थावे, तुमकही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर सिटी बैस्य होते हुए अमृतसर अगले दिन 9.30 बजे पहुंचेगी। 05050 अमृतसर-छपरा स्पेशल 23 व 30 मार्च को दोपहर 12.45 बजे प्रस्थान कर छपरा 14.00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 05193 छपरा-पनवेल स्पेशल 21 व 28 मार्च को छपरा से 15.20 बजे प्रस्थान कर बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, प्रयागराज, मनकापुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण होते हुए पनवेल अगले दिन रात 20.30 बजे पहुंचेगी। तो ट्रेन संख्या 05194 पनवेल-छपरा स्पेशल 22 व 29 मार्च को पनवेल 21.40 बजे प्रस्थान कर छपरा तीसरे दिन सुबह 7 बजे छपरा पहुंचेगी।ट्रेन संख्या 09195 बड़ोदरा-मऊ स्पेशल 23 व 30 मार्च को बड़ौदरा से शाम 19.00 बजे प्रस्थान कर गोधरा, दौहद, रतलाम, नागदा,कोटा बंजना, आगरा फोर्ट, टुण्डला, कानपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी होते हुए मऊ रात 20.45 बजे पहुंचेगी। 09196 मऊ-बड़ौदरा स्पेशल 24 व 31 मार्च को मऊ से रात 23.00 प्रस्थान कर अगले दिन रात 12.45 बजे बड़ोदरा पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 09061 बलसाड-बरौनी स्पेशल 19 मार्च को बलसाड से रात 2.15 बजे प्रस्थान कर सूरत, बड़ौदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, कोटा, स्वामादापुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फरुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. , बक्सर, आरा, दानापुर, पाटिलीपुत्र, हाजीपुर होते हुए बरौनी तीसरे दिन 18.00 बजे पहुंचेगी। 09062 बरौनी-बलसाड स्पेशल 21 मार्च को बरौनी से 12.15 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन भोर 3.45 बजे बलसाड पहुंचेगी।ट्रेन संख्या 09417 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल 18 मार्च को अहमदाबाद से सुबह 9.10 बजे प्रस्थान कर घहरतपुर, नदिदा जं.छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, कोटा, स्वाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडन सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फुँखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. , बक्सर, आरा होते हुए दानापुर अगले दिन रात 20.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 09418 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल 20 मार्च को दानापुर से रात 23.50 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 11.10 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

# गोमतीनगर से चलेंगी छपरा व सिकंदराबाद के लिए विशेष ट्रेने

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता के सुविधा हेतु 05012/05011 गोमतीनगर-छपरा-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी का संचलन गोमतीनगर से 21, 23, 25 एवं 27 मार्च को तथा छपरा से 22, 24, 26 एवं 28 मार्च को 04 फेरों के लिये किया जायेगा। वहीं 07219/07220 सिकन्दराबाद-गोमतीनगर-सिकन्दराबाद होली विशेष गाड़ी का संचालन 20 एवं 24 मार्च दिन बुधवार एवं रविवार को सिकन्दराबाद से तथा 22 एवं 26 मार्च दिन शुक्रवार एवं मंगलवार को गोमतीनगर से किया जायेगा। 05012 गोमतीनगर-छपरा होली विशेष गाड़ी 21, 23, 25 एवं 27 मार्च को गोमतीनगर से 14.00 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी, बुढ़वल, करनैलगंज, गोण्डा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, पिपराईच, कप्तानगंज, रामकोला, पड़रौना, तमकुही रोड, थावे, दिघवा दुबौली, मसरख तथा छपरा कचहरी होते हुए दूसरे दिन छपरा 00.05 बजे पहुँचेगी।05011 छपरा-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी 22, 24, 26 एवं 28 मार्च को छपरा से 05.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन गोमतीनगर 16.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जी.एस.एल.आर.डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 07 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 23 कोच लगाये जायेंगे। वहीं 07219 सिकन्दराबाद-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी 20 एवं 24 मार्च को सिकन्दराबाद से 10.45 बजे प्रस्थान कर जनगांव, काजीपेट, पेड्डापल्ली, रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर, दूसरे दिन इटारसी, भोपाल, बीना,वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी, ऊरई, कानपुर सेन्ट्रल होते हुए गोमतीनगर 15.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 07220 गोमतीनगर-सिकन्दराबाद होली विशेष गाड़ी 22 एवं 26 मार्च को गोमतीनगर से 14.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सिकन्दराबाद 23.00 बजे पहुँचेगी।

# सहजनवा स्टेशन पर सांसद रवि किशन ने वाराणसी इंटरसिटी को दिखायी हरी झंडी



**लखनऊ ।** यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सहजनवा रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ एक्सप्रेस के ठहराव के कार्यक्रम के अवसर पर आज स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद गोरखपुर रवि किशन शुक्ला ने कहा कि सहजनवा स्टेशन पर वाराणसी सिटी-लखनऊ एक्सप्रेस के ठहराव से क्षेत्रीय जनता को काफी सुविधा होगी और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है, जिससे करोड़ों यात्री प्रतिदिन यात्रा करते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल का बहुमुखी विकास हो रहा है और यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा सुविधा मिल रही है।सहजनवा स्टेशन पर वाराणसी सिटी-लखनऊ एक्सप्रेस के ठहराव की स्वीकृति प्रदान किये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।यह गाड़ी सहजनवा स्टेशन पर रात्रि 23:45 बजे पहुंचकर 23.47 बजे छूटेगी। इस अवसर पर विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ला, स्टेशन निदेशक/गोरखपुर जे.पी. सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित थे।

# बिजली की अधिकतम मांग सितंबर में 31917 मेगावाट होने का पूर्वानुमान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए बिजली की अधिकतम मांग (पीक डिमांड) का पूर्वानुमान जारी कर दिया गया है। जिसमें सितंबर 2024 में यूपी में बिजली की अधिकतम मांग 31917 मेगावाट तक जाएगी।गर्मी में बिजली की कटौती कम हो इसके लिए हरदुआ और पनकी पावर प्लांट की क्षमता को बढ़ाया गया है। इसके साथ ही सोलर को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रोतसाहित भी किया जा रहा है। वहीं वित्तीय वर्ष के अंतिम माह यानी मार्च 2025 में महाराष्ट्र में बिजली की अधिकतम मांग 32640 मेगावाट तक जाने का पूवार्नुमान है। उत्तर प्रदेश में बिजली



की अधिकतम मांग अप्रैल 2024 में 25379 मेगावाट, मई में 28291 मेगावाट, जून में 29853 मेगावाट, जुलाई में 30581 मेगावाट, अगस्त में 31585 मेगावाट और सितंबर में 31917 मेगावाट होने का पूवार्नुमान किया गया है। बुधवार को जानकारी देते हुए विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि बिजली की अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए पावर कारपोरेशन प्रबंधन को युद्धस्तर पर प्रयास करने होंगे। ओबरा-सी और जवाहरपुर की निमार्णाधीन इकाइयों के उत्पादन से जुड़ जाने पर भी यूपी में सभी स्त्रोतों से बिजली की अधिकतम उपलब्धता 28500 मेगावाट ही हो रही है। पावर बैंकिंग के माध्यम से प्रबंधन अतिरिक्त बिजली का इंतजाम कर सकेगा।

# हस्तनिर्मित कारीगरी की मिलेगी हर रेंज

**लखनऊ।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने राजधानी में फुटप्रिंट का विस्तार किया है।हस्तनिर्मित परिधानों की शानदार रेंज के साथ तनाएरा का यह नया स्टोर टेक्सटाईल प्रेमियों के लिए सांस्कृतिक हब के रूप में शहर की पहचान को और अधिक मजबूत बनाएगा। एथनिक परिधानों के पारखियों को भारतीय बुनाई के खजाने का अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा भारत की बुनाई की कारीगरी को एक ही छत के नीचे लेकर आती है।स्टोर में क्लासिक जैसे बनारसी, कांजीवरम, चंदेरी, माहेश्वरी, जामदानी और टसर को शानदार रंगों एवं डिजाइनों में पेश किया गया है। सीईओ अम्बुज नारायण ने कहा यहां हर वर्ग की महिलाओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव मिलेगा।

# केजीएमयू में जन्मजात बच्चों की बीमारियों का हो रहा मुफ्त इलाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केजीएमयू में जन्मजात बच्चों के शरीर में बीमारियों का मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। नेशनल हेल्थ मिशन की राष्ट्रीय बाल स्वाथ्य गारंटी योजना के तहत बच्चों को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। समय पर इलाज हो तो बच्चो की बीमारी से आसानी से मुकाबला किया जा सकता है।यह जानकारी केजीएमयू बाल रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. माला कुमार ने दिया। वह बुधवार को केजीएमयू बाल रोग विभाग की ओपीडी में नेशनल बर्थ डिफेक्ट अवेयरनेस मंथ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। डॉ. माला कुमार ने बताया कि समय पर बीमारी की पहचान कर इलाज संभव है।इसी तरह गर्भवस्था में महिलाएं डॉक्टर की सलाह पर फोलिक एसिड दवाओं का सेवन करने में लापरवाही बरती है। नतीजतन जन्म के समय बच्चे की रीढ़ की हडडी में फोड़ा निकल आता है। कटे होंठ व तालू के साथ भी बहुत से बच्चे जन्म लेते हैं।इन बच्चों का समय पर इलाज व ऑपरेशन जरूरी होता है। इससे बच्चों को भविष्य की तमाम दिक्कतों से बचाया जा सकता है।बाल रोग विभाग की डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य गारंटी योजना के तहत जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों को मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

# नकुल बने समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव



**लखनऊ।** सपा के युवा नेता व सचेत फाउंडेशन के अध्यक्ष नकुल सक्सेना को समाजवादी युवजन सभा में राष्ट्रीय सचिव जैसा अहम पद सौंपा गया है। आगामी लोकसभा चुनाव से मात्र कुछ दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति के बाद युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद द्वारा अपनी कमेटी विस्तार के दौरान नकुल सक्सेना को यह जिम्मेदारी दी गयी है। नकुल प्रदेश की कई लोकसभा में अपना प्रभाव रखते हैं, युवाओं के बीच अच्छी पकड़ रखने वाले नकुल एक समाजसेवी भी हैं।समाजसेवा के लिए वे सचेत फाउंडेशन नाम की एक एनजीओ चलाते हैं।साथ ही वे एक राष्ट्रीय स्तर के फल व्यापारी भी हैं, उनके मनोनयन के बाद प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा मुझे दी गयी जिम्मेदारी का मैं पूरी निष्ठा से पालन करते हुए आगामी चुनाव में पार्टी को मजबूती देने का हर संभव प्रयास करूंगा।नकुल ने कहा कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादी कार्यकर्ता अपनी जान लगा देंगे, जिस बात के गवाह आने वाले चुनाव के नतीजे होंगे, नकुल के राष्ट्रीय सचिव बनने पर उन्हें पार्टी के शीर्ष नेताओं, अनेकों कार्यकर्ताओं व शुभ चिंतकों द्वारा अनगिनत बधाईयां मिल रही हैं।

# दो हजार बिजली फीडर पर लाइन लॉस पचास फीसद से अधिक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली विभाग में अब मीटर रीडर प्रत्येक फीडर पर कितने बिजली कनेक्शन है और कितना लाईन लॉस है इसकी जानकारी रखेगें। जिस फीडर पर 50 फीसद से ज्यादा बिजली चोरी या लाईन लॉस होगा वहां पर अधिकारी को ठीक करना पड़ेगा।



ग्रामीण फीडरो पर 80 फीसद से भी ज्यादा लाईन लॉस है जिसको इस माह के अंत तक किसी भी हाल में ठीक किया जाय। मध्यांचल के 19 जिलो में लगभग 2 हजार फीडरो पर 50 फीसद से ज्यादा लाईन लॉस है।2 हजार पर नार्मल लाईन लॉस पर है। जबकी सभी फीडरो की संख्या 42 सौ के करीब है। जबकी नार्मल लाईन लॉस 33 प्रतिशत से ज्यादा किसी भी फीडर पर नही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियंता यह तक कर ले कि इस माह के अंत तक ग्रामीण क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक लाईन लॉस वाले फीडरो पर से लाईन लॉस कम करने के लिए अभी से तैयारी कर कार्य शुरु कर देना चाहिए।

# टीएन वाजपेई जनमानस के लिए रहे समर्पित : राजनाथ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने आलमबाग थाने चौराहे पर स्थित रेलवे कर्मचारी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नेता टीएन बाजपेई की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उनकी स्मृति में चौराहे का नाम टीएन वाजपेई चौराहा किये जाने पर आयोजित कार्यक्रम को

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चौराहे का नाम एनआरएमयू के अध्यक्ष रहे स्व. टीएन वाजपेई किये जाने पर कार्यक्रम किया सम्बोधित**
- **मवैया स्टेशन का नाम बदलकर टीएन बाजपेई के नाम पर करने का प्रस्ताव भी रखा**




संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय टीएन वाजपेई के बारे में मैंने बहुत सुना है, अटल बिहारी वाजपेई जब प्रधानमंत्री थे तो 1999 मे शपथ लेने के बाद जब लखनऊ आये तो टीएन वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए आये थे और मैं उस समय शायद मुख्यमंत्री था और उस कार्यक्रम में मुझे भी भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ था। मैं महापौर सुषमा खर्कवाल को भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने इस चौराहे का नाम स्वर्गीय टीएन वाजपेई के नाम पर रखे जाने के संबंध में मुझसे पूछा। शिवपाल गोपाल मिश्रा ने भी मुझसे चर्चा की और हमने क्षण भर भी बिना विलंब किया अंतरमन से उसकी स्वीकृति तुरंत दे दी। वह अटल जी के अभिन्न मित्रों में से थे और मित्र ही नहीं अटल जी के मन में भी उनके प्रति सम्मान का भाव था। वह बहुत साधारण परिवार से थे लेकिन जुल्म और अत्याचार के खिलाफ जंग छेड़ने की कूबत अगर किसी के अंदर थी तो वह पीएम वाजपेई के अंदर थी।1945 में वह लखनऊ आ गये थे और किसी कारखाने में कार्य करते थे, मुझे इस बात की भी जानकारी दी गयी कि वह पहले कम्युनिस्ट पार्टी के प्राथमिक सदस्य थे लेकिन जब उन्होंने देखा कि वामपंथी विचारधारा के लोग अंग्रेजों के खिलाफ जो जंग हो रही थी उसमें भाग लेने से मना किया तो वामपंथी विचारधारा को छोड़कर दूसरी पार्टी ज्वाइन की, कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी ज्वाइन की। वह स्वभाव और व्यावहारिकता से समाजवादी थे। उन्होंने अलग यूनियन भी बनायी और 1960 की हड़ताल में भी भाग लिया और हड़ताल में भाग लेने के कारण उन्हें बर्खास्त भी किया गया था। वह 12/14 वर्ष बाहर रहे लेकिन तब भी दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कार्य करते रहे और बाद में समझौते के बाद उन्हें पुनः सेवा में लिया गया। 1979 में उन्होंने अपनी सेवा से त्यागपत्र दिया।मैं मानता हूं कि भारतीय रेल जैसे संगठित क्षेत्र के कर्मचारी का नेतृत्व वह जिस तरीके और सलीके से करते थे वह बेजोड़ माना जाता था। उन्होंने सिर्फ रेलवे कर्मचारियों के लिए ही कार्य नहीं किया बल्कि अपने जीवन में और संगठन, क्षेत्रों के लिए भी वाजपेई ने भरपूर कार्य किया। उन्होंने अलग से यूनियन बनाई नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू), जो आज भी है। वाजपेई उसके बहुत ही प्रमुख और शिखर के नेता थे।जो हरदोई में रहते थे लेकिन अधिकतर समय उन्होंने लखनऊ में बिताया।मेरा मानना है कि कुछ लोग सिर्फ अपने लिए जीते हैं लेकिन कुछ लोग अपनी पूरी जिंदगी समाज के लिए ही जीते हैं और स्वर्गीय टीएन वाजपेई ऐसे ही कुछ लोगों में से हैं।सारी जिंदगी उन्होंने कर्मचारियों और मजदूरों के लिए लगा दी। इस समय हमारी सरकार ने भी समाज के अंतिम छोर पर बैठे पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए और वंचित लोगों के लिए बहुत सारी योजनाएं सरकार ने लागू किया है मैं पुनः उन योजनाओं की चर्चा यहां नहीं करूंगा।आपकी भी समस्याओं के बारे में शिव गोपाल मिश्रा हमसे चर्चा करते रहते हैं। समस्याएं हैं और उनका समाधान अवश्य निकलेगा और मुझे भी जो मदद होगी मैं अवश्य करूंगा। इस क्षेत्र के विकास के लिए भी बहुत कार्य हुए हैं अवध चौराहे पर अंडरपास के कार्य का शिलान्यास भी कर दिया है और आलमबाग में पांच वार्डो में बाबू कुंज बिहारी वार्ड, ओमकार वार्ड, गीतांजलि वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड और गुरु नानक वार्ड में निःशुल्क सीवर हाउस कनेक्शन कार्य का शुभारंभ भी कल उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा होगा। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि रेल परिवार को इस बात का भरोसा दिलाता हूं कि आप सबके हितों के लिए और कार्यों के लिए राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है।शिव गोपाल मिश्रा सदैव संघर्षों के लिए आगे बढ़कर कार्य करते हैं और जो भी संभव होगा वह किया जाएगा। लखनऊ में अनेक असंभव कार्यों को भी रक्षा मंत्री ने पूरा करके दिखाया है। अब हमारी बारी है कि रक्षा मंत्री के साथ खड़ा होकर अपने सांसद को विपक्षियों की जमानत जब्त कर कर बड़ी ऐतिहासिक जीत के साथ जीताने का कार्य करना है।कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारी यूनियन की ओर से मवैया स्टेशन का नाम बदलकर टीएन बाजपेई के नाम पर करने का प्रस्ताव भी रखा गया। कार्यक्रम को महापौर सुषमा खर्क वाल और रेलवे कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान और क्षेत्रीय पार्षद गढ़ व कार्यकर्ता के साथ बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन सिर्फ गाल बजायेगी : अनिल दुबे




**लखनऊ/मिर्जापुर।** रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे एक पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने विंध्याचल पहुंचे थे।इस दौरान वे लोहिया चौराहा, तुलसी चौक स्थित एक भवन में गये, वहां राजीव कृष्ण पटेल (नन्हे सिंह) एडवोकेट पूर्व जिलाध्यक्ष व मंडल प्रभारी विंध्याचल, मिर्जापुर (सदस्यता अभियान रालोद) ने कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रेसवार्ता कर उन्होंने बताया कि विगत कई वर्षों से पिछली सरकारों से हम लोग किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन हमारी मांग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाजपा सरकार ने पूरा किया इसलिए आज हम एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी सरकार में हमारी पार्टी को एक मंत्री, एक विधान परिषद सदस्य व केंद्र की आगामी लोकसभा चुनाव में दो सीट दिया है।जिससे हमारा पूरा प्रयास होगा कि प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा गठबंधन का प्रत्याशी विजयी हो। इसके लिए हम अपने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आवाह्न करते हैं कि वो डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को एनडीए सरकार की योजनाओं से जागरूक करें व नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री मंत्री बनाने की अपील करें। उन्होंने कहा कि हम जब विपक्ष में थे तब भी समाज के निर्बल, गरीब, मजदूर, किसान व युवाओं के उत्थान के लिए आवाज उठाते थे लेकिन अब सरकार में है तो सरकार से वार्ता कर सबकी सेवा करेंगे। उन्होंने जनपदवासियों से मिजार्पुर से एनडीए गठबंधन की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल को भारी से भारी मतों से जीतने की अपील किया।

## शस्त्र शहर से बाहर का तो लिखित में देना होगा जवाब

**लखनऊ।** चुनाव में शस्त्र जमा करने के लिए थाने से फोन जा रहा है लेकिन फिर भी शस्त्र धारक अपना शस्त्र नही जमा कर रहे है।कितने तो ऐसे है जो चुनाव के माहौल में शस्त्र रखने का परमिशन भी ले लेते है।ऐसे में डीएम अभिषेक प्रकाश ने निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द शस्त्र से जुड़े मामले को थाने से निपटाया जाय।शहर में लगभग 10 हजार से अधिक लाइसेंस धारक है। जिनको चुनाव से पहले शस्त्र को जमा करने का निर्देश दिया है।डीएम ने पहले ही निर्देश दिया है कि किसी भी हाल में शस्त्र को थाने में जमा किया जाना चाहिए। शस्त्र धारक चाहे तो वह शस्त्र के दुकान पर भी जमा कर रसीद थाने में दिखा सकता है।

## उदा देवी इंटर कॉलेज के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**लखनऊ।** वीरांगना उदा देवी इंटर कॉलेज के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में विभिन्न संकाय, संस्थान आदि का भ्रमण किया। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह व अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अभिषेक तिवारी के निर्देशन में स्कूल से आये हुए बच्चों के लिए करिअर काउंसलिंग व नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में विविध करियर के अवसरों के उद्भव के शिखर और दायरे के विषय में विस्तृत चर्चा हुई।कार्यक्रम की शुरूआत में प्रो डॉ बीडी सिंह ने बच्चों को समय की महत्ता के बारे में बताया और डॉ अभिषेक ने बच्चों को विवि की प्रवेश परीक्षा की प्रकिया और अन्य विभिन्न तरह के पाठ्यक्रम जोकि कक्षा 12 के बाद विवि में उपलब्ध है।

संक्षेप

## पत्नी ने महिला थाना में शिकायत पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**अयोध्या।** पति ने पत्नी को घर से निकाला। ससुराल वाले भी पति रामचेत का ही साथ दे रहे हैं। इस मामले में पीड़िता ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ महिला थाना में शिकायती पत्र दिया । दिए गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि पीड़िता रीना देवी का विवाह रामचेत पुत्र रामसेतु निवासी पोखरा थाना गोसाईगंज जिला अयोध्या के साथ हुआ था दोनों के दो बच्चे भी है। पीड़िता का पति रामचेत व अन्य ससुरालीजन पीड़िता से दहेज के रूप में कारोबार के लिए पांच लाख रुपए और घर बनवाने के लिए दहेज मांगते हैं जिसके कारण पीड़िता को उसके आये दिन पति व ससुरालीजन मारते पीटते हैं खाना कपड़ा तक नहीं देते हैं भद्दी भद्दी गाली देते हैं पीड़िता 4ध्3 2024 को पति रामचेत व अन्य ससुरालीजन उसको मारपीट कर उसके सारे जेवर लेकर घर से बाहर निकाल दिया पीड़िता ने इस बाबत एक शिकायती पत्र महिला थाना में दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को बुलाकर समझौता कराया जहां दोनों में सुलह हो गई लेकिन पीड़िता फिर जब ससुराल गई तो ससुरालीजन ने उसे फिर मारा पीटा और घर से निकाल दिया।

# प्रधानमंत्री ने 1 लाख लाभार्थियों को वर्चुअल माध्यम से किया ऋण वितरण

जिला संवाददाता



**बहराइच ।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम व राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं अनुसूचित बैंकों के माध्यम से एक लाख लाभार्थियों को वर्चुअल ऋण वितरण, पीएम सूरज पोर्टल, पीएम नमस्ते योजना, पीएम दक्ष स्कीम का शुभारम्भ किया गया तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में सजीव प्रसारण किया गया। मा प्रधानमंत्री ने इंदौर मध्यप्रदेश के नरेन्द्र, कठूआ जम्मू कश्मीर की नीलम कुमारी, अहमदनगर महाराष्ट के नरेश, गुन्तूर आंध्रा प्रदेश की सुश्री उथम्मा के साथ संवाद किया।

इस अवसर प ? एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर बहराइच की श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ नगर पालिका परिषद बहराइच व नानपारा तथा नगर पंचायत रिसिया के 50 सीवर कर्मचारियों को नमस्ते योजना के तहत पीपी किट, 10 कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड तथा आयार्वृत ग्रामीण बैंक द्वारा 70 लाभार्थियों को धनराशि रू. 1.19 करोड तथा भूमि विकास बैंक द्वारा 06 लाभार्थियों को रू. 4.95 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश गौतम, एडीपीओ समाज कल्याण श्रद्धा पाण्डेय, एडीओ प्रशांत मिश्रा सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## बैलगाड़ी से अयोध्या दर्शन पूजन करने पहुंचे महाराष्ट्र के श्रद्धालु

**बीकापुर. अयोध्या।** अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम लला का दर्शन पूजन करने के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर से कोई पैदल तो कोई अन्य संसाधनों से अयोध्या पहुंच रहा है। इसी क्रम में महाराष्ट्र के अमरावती अंबानगरी से अयोध्या पहुंचकर रामलला का दर्शन करने के लिए विदर्भ किन्नर संस्थान से जुड़े किन्नर समाज के कुछ श्रद्धालु सैकड़ो किलोमीटर की दूरी तय करके प्रयागराज हाईवे से होते हुए बैलगाड़ी की यात्रा अयोध्या पहुंचे है। बीकापुर क्षेत्र में पहुंचने पर सुल्तानपुर जनपद की सीमा चौरे बाजारए शेरपुर पारा खजुरहट में पूर्व प्रधान सतीश कुमार मिश्राए मनीष सिंह सहित लोगों द्वारा स्वागत और जलपान कराया गया। धार्मिक यात्रा में शामिल किन्नर समुदाय की गुड्डी बाई किन्नर एमधु बाई किन्नर ने बताया कि करीब 1 महीने से अधिक की यात्रा के बाद बीकापुर बीकापुर पहुंचे हैं। वह सौभाग्यशाली है कि अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद दर्शन पूजन करने का अवसर मिल रहा है। अयोध्या में राम का मंदिर बनने के व प्रधानमंत्री को भी आशीर्वाद व धन्यवाद दिया है।

## 7126 रुपये वापस दिलवा पीड़ित के चेहरे पर साइबर सेल टीम ने लौटाई मुस्कान



**बाराबंकी।** साइबर ठग द्वारा फ्राड कर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पीड़ित के खाते से निकाले गये रुपयो को साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्यवाही कर वापस करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह सिरोही, उ0नि0 चंद्र प्रकाश यादव, आरक्षी सुधाकर भदौरिया, राजन यादव, अभिषेक चपराणा, गौरव त्रिपाठी की टीम को पीड़ित सदाशिव शुक्ला पुत्र कृपा शंकर शुक्ला निवासी कस्बा व थाना मसौली द्वारा रिवार्ड प्वाइंट को कैश में बदलवाने की बात पर क्रेडिट कार्ड की डिटेल लेकर धोखाधड़ी से 7,126 रुपये निकाल लिये जाने का शिकायती प्रार्थना पत्र मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्पूर्ण धनराशि को वापस करवाया।

## नवनिर्मित पुलिस सहायता केन्द्र का लोकार्पण



**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज क्षेत्रान्तर्गत अयोध्या राजमार्ग पल्हरी मे आमजन की सहायता हेतु नवनिर्मित पुलिस सहायता केन्द्र का पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने लोकार्पण किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अयोध्या राजमार्ग पर पुलिसकर्मी लगातार पेट्रोलिंग कर महत्वपूर्ण कट्स, तिराहों, चैराहों आदि पर सतर्क दृष्टि रखेंगे। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## बार कौसिल सचिव ने दर्जनो अधिवक्ताओ को सौपे मेड़िक्लेम के चेक



**बाराबंकी।** प्रदीप कुमार सिंह के बार कौंसिल ऑफ उ0प्र0 सचिव बनने पर प्रथम बार जनपद आगमन पर जिला बार एसोसिएशन महामंत्री शाहीन अख्तर के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने बूके देकर स्वागत किया। तथा बधाई दी। स्वागत के बाद बार कौंसिल आफ उ0प्र0 सचिव श्री सिंह ने मेडिक्लेम/अर्थिक सहायता धनराशि की चेक अधिवक्ता बूंदी लाल गौतम, राजेश कुमार यादव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, उमेश चन्द्र, दिग्विजय सिंह, विजय बहादुर श्रीवास्तव को सौपी। अधिवक्ताओ को सम्बोधित करते हुये बार कौसिल उ0प्र0 सचिव श्री सिंह ने कहा कि अपने कार्यकाल मे अधिवक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा योजनाओ का लाभ देने का कार्य किया है। जोकि लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर संजीव बख्शी, कोषाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, सुनीत अवस्थी, ज्ञानेश शुक्ला, विपिन वर्मा, सुनील कुमार, रवि वर्मा, अनुज वर्मा, सुनील कुमार वर्मा, सूरज यादव गामा, अनूप कल्याणी, अनूप अवस्थी, अमित पाण्डे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** गत दिवस मतदान केन्द्र कन्छर के निरीक्षण के दौरान वृद्ध महिलाओं द्वारा वृद्धावस्था पेंशन रूक जाने के सम्बन्ध में की गई शिकायत तथा जनतादर्शन वृद्धावस्था पेंशन के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गेंद घर परिसर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों का रख-रखाव, कार्यालय भवन व परिसर की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में घूम रहे 02 व्यक्तियों की गतिविधि संदिग्ध पायी गई। पूछताछ के दौरान दोनो संदिग्ध व्यक्तियों के पास कुछ अभिलेख भी पाये गये। इस स्थिति के दृष्टिगत डीएम ने तत्काल मौके पर थानाध्यक्ष दरगाह शरीफ को तलब कर संदिग्ध लोगों को उनकी सुपुर्दगी में देते हुए जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाई के निर्देश दिये गये।

डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यालय को क्लोज सर्विस टीवी कैमरे से आच्छादित किया जाय। डीएम ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय आने वाले लाभार्थियों विशेषकर पेंशन लाभार्थियों से मित्रवत व्यवहार करते हुए पूरी सहानुभूतिपूर्वक ई-केवाईसी से सम्बन्धित समस्या का तत्परता के साथ समाधान कराया जाय ताकि बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने में बाधा न आये। डीएम ने कर्मचारियों को आहवान किया बुजुर्गों की सेवा करना एक पुण्य कार्य है इसलिए अपने पदेन उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते समय सेवाभाव के जजबे के साथ बुजुर्गों का कार्य करें।

डीएम ने स्वयं सम्बन्धित पटल सहायक के पास बैठकर अपने सम्मुख पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की ई-केवाईसी व आधार साडिंग करायी। डीएम ने मौके से ही लीड बैंक प्रबन्धक को मोबाइल के द्वारा निर्देश दिया कि सभी बैंकों की शाखाओं को निर्देशित कर दिया जाय कि विभिन्न प्रकार की पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के खातों में ई-केवाईसी व आधार सीडिंग के कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर किया जाय। डीएम ने सचेत किया कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## बेरोजगार युवक, युवतियां प्राप्त कर सकते है प्रशिक्षण

**बहराइच।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच अन्तर्गत संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक वर्षीय पाठ्यक्रम के द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियों की सेवायोजकता में वृद्धि हेतु कम्प्यूटर संचालन, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि, सचिवीय पद्धति, बहीखाता, सा० गणित, हिन्दी, सा०ज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था शासन द्वारा की गयी है। प्रशिक्षण सत्र अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 तक संचालित होगा उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण हेतु प्रवेश के लिए, हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण युवक, युवतियां जिनकी आयु 01 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवक, युवतियां अपना आवेदन 30 मार्च 2024 तक कार्यालय में उपलब्ध करा दें। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए 01 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे साक्षात्कार होगा। आवेदन फार्म जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच से निःशुल्क किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 05 बजे के मध्य प्राप्त कर सकते हैं।

## दो विभागों के फेर में नहीं बनी पुलिया हो रही दुर्घटनाएं आखिर कौन है जिम्मेदार

**अयोध्या ।**तहसील रुदौली के मवई ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत दुल्लापुर.उमापुर संपर्क मार्ग के मध्य स्थित नौरोजपुर बघेडी पम्प कैनाल की पुलिया वर्षो से लोकनिर्माण विभाग और सिचाई विभाग की खींचतान की वजह से रेलिंग विहीन है जो हादसों का सबब बन रही है। जिसे बनाने के लिए दोनो विभाग के जिम्मेदार एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोप रहे है। लेकिन दोनो विभाग के जिम्मेदार संवेदनशील नही है ।पम्प कैनाल व पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसर इसे बनाने की जिम्मेदारी एक दूसरे की बताते हुए टाल मटौल का रवैय्या अपना रहे है।

# तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ही बना इण्डिया गठबंधनः राकेश वर्मा




**बाराबंकी।** आजादी के बाद भाजपा की पहली सरकार है। जिसने किसानो की जरूरत की चीजो उपकरण, खाद बीज पर टैक्स लगा दिया है। किसानो पर लाठी बरसाई जा रही है, आंशू गैस के गोले छोडे जा रहे है। नौजवान नौकरी के लिये दर-दर भटक रहा है अपना और अपने परिवार का पेट पालने के लिये बेरोजगार अपनी जान जोखिम में डालकर इजराइल जाने को मजबूर है। ऐसे निरंकुश तानाशाह सरकार को उखाड फेकने के लिये ही आज आम आदमी की लडाई लडने के लिये इण्डिया गठबन्धन बना है।

गठबन्धन मजबूती के साथ चुनाव लड रहा है इण्डिया गठबन्धन का प्रत्याशी भारी बहुमत से चुनाव जीते इसके लिये आपको ई0बी0एम0 मशीन पर हाथ के पंजे के निशान का बटन दबाकर तनुज पुनिया को विजयी बनाना है यही अनुरोध हम आपसे करने आये है। उक्त उद्गार पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के निन्दूरा विकासखण्ड के टिकैतगंज में आयोजित संयुक्त बैठक मे समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी के संगठन के पदाधिकारी, न्याय पंचायत बूथ अध्यक्षो के बीच व्यक्त किये। जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज तथा संचालन प्रीतम सिंह वर्मा ने किया।

बैठक में पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, पूर्व मंत्री नकुल दूबे, सुरेश यादव, रमेश चन्द्र यादव, राम प्रकाश रावत, संजय चैहान, विजय सिंह, जफरूल इस्लाम, आमिर अय्यूब किद्वाई, सुरेन्द्र वर्मा, इन्द्रेश वर्मा, मो0 शफी आजाद मौजूद रहे।

# मवई थाना मार्ग पर एक तो वहीं पटरंगा रोड पर चार दुकानों में तोड़े गये ताले

**मवई. अयोध्या।** बेखौफ चोरों ने रुदौली सर्किल के पटरंगा और मवई थाना की पुलिस को चुनौती देते हुए पुलिस बूथ से चंद कदम की दूरी पर स्थित पांच दुकानों का ताला तोड़कर नगदी व समान पार कर दिया ।ऐसे में पुलिस की रूटीन गस्त को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं ।तो वही घटना को लेकर व्यापार मंडल में आक्रोश व्याप्त है ।सूचना पर पहुचीं मवई और पटरंगा पुलिस के साथ सीओ रुदौली ने घटना स्थल की जांच पड़ताल किया है ।दोनों वारदात का बेखौफ चोरों ने अंजाम देते हुए लखनऊ अयोध्या नेशनल हाइवे पर मवई चौराहा से मवई थाना के लिए जाने वाली रोड पर पुलिस बूथ से कुछ दूरी पर मंगलवार की रात को चोरों द्वारा एक बीज व कीट नाशक दवाओं की एजेंसी को निशाना बनाते शटर का ताला तोड़कर गल्ला में रखा नगदी पार करने में सफल रहे ।वही दूसरी तरफ पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पटरंगा रोड पर भी एक साथ चार दुकानों के शटर का ताला तोड़ कर सामान सहित नगदी की चोरी किया।

पहली वारदात की जानकारी सुबह 8 बजे हुई जब मवई थाना जाने वाले रोड पर पुलिस बूथ से थोड़ी दूर स्थित व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष एहतिशाम खा उर्फ मुन्ना की नेशनल सीड के नाम से बीज व कीटनाशक की एजेंसी है ।पीड़ित ने बताया कि मंगलवार की शाम को प्रथम रोजा की नमाज पढ़ने के लिए दुकान को जल्दी बंद करके चले गए ।बुधवार की सुबह जब दुकान खोलने के लिए आए तो देखा शटर लगभग एक फिट ऊपर एक ईंट पर रखा हुआ था यह देख उनके होश उड़ गए सूचना मवई पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची मवई थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने अपनी टीम के साथ जांच पड़ताल किया तो दुकान के चोरी हुई बैग और कागजात दुकान के पूरब लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर एक खेत में मिले ।और उसी खेत के बगल में स्थित मकान मालिक की एक नई साइकिल को भी चोर उठा ले गए।

बीज भंडार से लगभग 60 हजार रुपए नगद और कुछ रियाल पड़े थे वह भी उठा ले गए हैं ।वही दूसरी वारदात तरफ पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ही मवई चौराहा पर ही पटरंगा मार्ग पर हुई जो पुलिस बूथ से ही थोड़ी दूर पर है फुरकान किराना स्टोर में जहाँ से 50 से 60 हजार रुपए का कीमती सामान और 15000 हजार रुपए नगदी दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ कर चोर पर कर ले गए ।उसी के सामने डीजल पंप की दुकान जो दीप चंद की है उसमे से ताला तोड़ कर 13000 हजार रुपए नगद गल्ले में रखे हुए थे उनको निकाल ले गए।

## उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद के लिए मांगे गये आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में एक अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र (बायोडाटा सहित) निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये गये हैं। पद के लिए कार्यावधि, आयु, अर्हताएं, देय परिलब्धियां एवं आवेदन पत्र का प्रारूप, उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट www.uphed.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि विज्ञापन की तिथि से 25 दिन के भीतर होगी। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त प्रार्थना पत्रों (बायो-डाटा) पर विचार नहीं किया जाएगा। विशेष सचिव ने बताया कि अध्यक्ष, नियुक्ति की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, पद धारण करेगा। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हता में भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य हो या रहा हो और राज्य सरकार के प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद धारण किया हो, या विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय का कुलपति हो या रहा हो, या विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय का न्यूनतम 10 वर्ष तक आचार्य हो या रहा हो और जिसके पास कम से कम 3 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव है। अध्यक्ष पद के लिए नियत वेतन रुपये 1.75 लाख रुपये पर राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अनुमन्य किये गये भते एवं अन्य सुविधायें देय होगी।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन सम्पन्न

**गोसाईगंज. अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत कार्यालय सभागार में भाजपा ओबीसी मोर्चा का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधीर गुप्ता के रूप में लोकसभा चुनाव में ओबीसी मोर्चा की भूमिका व सक्रियता पर विचार किया गया। इस दौरान उपस्थित ओबीसी वर्ग के लोगो ने भाजपा को विजय दिलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग ने किया ।मुख्य वक्ता अशोक गुप्ता ने कहा कि सर्वस्पशीए सर्वव्यापी व सर्व समावेशी भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। यहां निर्णय सामूहिक होते है। समाज का हर वर्ग आज खुद को भाजपा से जोड़कर देख रहा है। वंचितोंए पिछड़ों के आर्थिक व समाजिक उत्थान के लिए सरकार ने काफी काम किया है। सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिया गया है।

# जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न




**बहराइच ।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायज समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए ताकि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक के दौरान लखनऊ में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा इन्वेस्ट यूपी के नवीन कार्यालय के उद्घाटन तथा उद्यमियों के साथ संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चैरसिया, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, गौरी शंकर भानीरामका, बृजमोहन मातनहेलिया, अमित कुमार मित्तल, प्रदीप कुमार, शकील अहमद मेकरानी, जय प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य उद्यमी व व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में जिले के इन्वेस्टर्स को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## भारत का अध्यात्म व दर्शन विज्ञान को दिशा देने वाला है : डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी

जिला संवाददाता

**अयोध्या ।** गोरखपुर में बर्नेट होम्योपैथी द्वारा अयोजित ष्भारत में होम्योपैथी और अध्यात्म विषयक सम्मेलन में अयोध्या के वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने श्रीरामचरित मानसए गीताए भारतीय स्वस्थजीवन शैली के साथ आयुर्वेद में वर्णित प्राकतिक चिकित्सा सिद्धांत समम्-समे शमयति और मर्दनम गुण वर्धनम के आधार पर होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का विकसित होना बताया।

**होम्योपैथी जर्मनी में विकसित**

डॉ त्रिपाठी ने कहा नोबल पुरस्कार विजेता डॉ मोंटेगनियर ने होम्योपैथी औषधियों में मात्रा होती है व जैक बेन्विस्टि ने बताया था जल की स्मरण शक्ति सर्वश्रेष्ठ होती हैए भौतिकी के प्रकाशए ऊर्जाए चुम्बकत्व आयनन एतरंगए ध्वनि आदि के नियमो पर वैज्ञानिक एलेक्जेंड्रा डेलनिक ने डेलनिक मीटर में विक्षोभ कर होम्योपैथी औषधियों की शक्ति का परीक्षण कर सही पाया। रामचरित मानस की चौपाइयों में मानसिक रोगों के कारण उपचार के तरीको को प्रस्तुत कर सिद्ध किया कि भारत का अध्यात्म और दर्शन विज्ञान को दिशा देता आया है।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता रहे कवि कुमार विश्वास ने अपने अनुभवों के आधार पर कहा भले ही होम्योपैथी जर्मनी में विकसित हुई किन्तु यदि शोध कराया जाय तो यह सम्भव है कि ज्ञात हो सके कि होम्योपैथी का मूल स्त्रोत भारत ही हो।

बर्नेट होम्योपैथी के सीएमडी डॉ नीतीश चन्द्र दुबे के संयोजन में प्रयागराज के डॉ एस एम सिंहए लखनऊ के डॉ पी के शुक्लए डॉ राम जी सिंहए डॉ भक्त वत्सलएडॉ ऐके मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

डॉ देवेशए डॉ अमितए डॉ मनीषए डॉ आनंदए आदि ने अपने अनुभव साझा किए ।डॉ रूप कुमार बनर्जीए डॉ राजेश तिवारीए डॉ रविकांत त्रिपाठीए डॉ वीरेंद्रए डॉ प्रिंस आजाद ए डॉ प्रवीण श्रीवास्तवए सहित सैकड़ों चिकित्सक उपस्थित रहे।

## प्रो. मंजुला ने सांस्कृतिक धरोहर को वैदिक काल पर डाला प्रकाश

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग महिलाओं की आधारभूत सेवाओं की समिति तथा यूको बैंक लखनऊ ने सांस्कृतिक परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका - सार्वजनिक पुस्तकालयों के विशेष संदर्भ में नामक विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को किया। इस अवसर पर मुक्त मुख्य वक्ता के रूप में नवयुग कन्या महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने अपने वक्तव्य में सांस्कृतिक धरोहर को वैदिक काल एवं तक्षशिला विश्वविद्यालय से लेकर वर्तमान तक महिलाओं की भूमिका तथा सांस्कृतिक उत्थान पर प्रकाश डाला। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो केएल महावर ने अपने स्वागत भाषण में सेमिनार की थीम पर प्रकाश डाला। महिलाओं की आधारभूत सेवाओं की समिति की अध्यक्षा प्रो. शिल्पी वर्मा ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे महिलाओं के उत्थान के कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और कहा कि महिलाएं जन्म से ही समाज के विकास की शुरूआत कर देती है। प्रो एमपी सिंह ने सांस्कृतिक हस्तांतरण में महिलाओं एवं पुस्तकालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। यूको बैंक के उप महाप्रबंधक एवं अचल प्रमुख सौरभ सिंह ने अपने वक्तव्य में बैंक के उत्पादों विशेष तौर पर महिलाओं से संबंधित उत्पादों की जानकारी साझा की। प्रो एस. विक्टर बाबू ने कहा कि महिलाओं को सदैव मानवीयता की दृष्टी से देखना चाहिए। यूको बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा डॉ. शिल्पी शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर प्रो डीआर मोदी, प्रो प्रीति सक्सेना, प्रो शिखा, डॉ राजशरण शाही, प्रो आरपी.गंगवार, प्रो एसके सोनकर, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. सोमिपम आर. शिमरे तथा अधिक मात्रा में छात्र उपस्थित रहे।

# गैस कीमतों में कटौती!

हाल के वर्षों में केन्द्र सरकार की सबसे अधिक आलोचना महंगाई को लेकर हुई है। यह महंगाई भी कुछ ऐसी थी कि सीधे असर करती थी। क्योंकि पेट्रोल, खाद्य तेल, रसोई गैस जैसी चीजें हर घर की जरूरत है और इसके बिना एक दिन भी नहीं चल सकता। ऐसे में आम आदमी के लिए रसोई गैस का सिलेंडर एक हजार रुपये या ग्यारह सौ रुपये में लेना किसी चुनौती से कम नहीं था। गरीबों और निम्न मध्यम वर्ग के घरों में हमेशा आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में आर्थिक चुनौतियां पेश आती हैं। महंगा एलपीजी सिलेंडर भी एक गरीबों की परेशानियों की फेहरिश्त बढ़ा रहा था। दरअसल रसोई गैस पर हमेशा सब्सिडी दी जाती रही है लेकिन वर्तमान सरकार ने धीरे-धीरे सब्सिडी को पूरी तरह खत्म कर दिया। थोड़ी-बहुत जो सब्सिडी रखी गयी वह उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए थी। दरअसल यह मान लिया गया था कि केवल उज्ज्वला लाभार्थी ही गरीब हैं, बाकी सब सम्पन्न। इसी प्रशासनिक संवेदनहीनता के कारण सरकार ने लंबे समय तक आम आदमी की चिंताओं से कोई सरोकार नहीं रखा। पेट्रोल एवं डीजल पर बहुत अधिक टैक्स लगा कर इसे महंगा किया गया व रसोई गैस से सब्सिडी खत्म कर दिया गया। इससे कीमतें बहुत अधिक बढ़ गयीं। हालांकि सब्सिडी कोई अच्छी बात नहीं है लेकिन जब देश का एक बड़ा तबका हर दिन घर के दैनिक बजट और अपनी जेब से संतुलन साधकर काम चलाता हो, तब गैस सिलेंडर के दामों का इतना अधिक बढ़ जाना या फिर पेट्रोल एवं डीजल पर अत्यधिक कर लगाना आम आदमी को बहुत परेशान करता है।



**रसोई गैस के दामों में कटौती से आम जनता को राहत मिली है। जरूरी चीजों के दाम कम होने से जीवन आसन हो जाता है बशर्ते चुनावी राहत न हो।**

डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की ऊंची कीमतों के कारण आम जनता को महंगाई के कठिन दौर का सामना करना पड़ा है और सरकार इसे लंबे समय तक नजरअंदाज करती रही। लेकिन बीते छह-सात महीनों में पहले उज्ज्वला गैस पर सब्सिडी बढ़ायी गयी, फिर सामान्य घरेलू सिलेंडर पर पहले 200 रुपये की कटौती की गयी और फिर महिला दिवस के अवसर पर गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपये और कम किये गये। इसे महिला सशक्तीकरण और महिलाओं को तोहफा जैसे नामों से प्रचारित किया गया। लेकिन जरूरी चीजों की कीमतों को कम करना सिर्फ महिलाओं के लिए उपहार है, ऐसा कहने वाले भारतीय परिवार की परंपरा शायद नहीं समझते। यहां परिवार में महिला, पुरुष या बच्चे अलग-अलग आर्थिक हैसियत के नहीं होते। महंगाई चाहे रसोई गैस में हो, पेट्रोल में हो, दाल-सब्जी या खाद्यान्न में हो या स्कूल फीस में। पूरे परिवार को एक साथ परेशान करती है और जब उनके दाम घटते हैं, तो पूरा परिवार राहत महसूस करता है। इसलिए केन्द्र सरकार ने रसोई गैस के दामों में कटौती करके अच्छा कदम उठाया है। लेकिन प्रायः यह देखने को मिला है कि सरकार चुनाव नजदीक आने पर पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम कम करती है और चुनाव के बाद वापस बढ़ जाते हैं। इसी तरह चुनाव के मौके पर कुछ राहत दी जाती है, जो बाद में बंद कर दी जाती है। यह ठीक नहीं है। केन्द्र सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में कटौती की है उसकी खुले मन से सराहना है, लेकिन अगर चुनाव के बाद दाम बढ़ाये गये तो कहना पड़ेगा कि सरकार ने चुनावी मौके पर जनता को सिर्फ लॉलीपॉप दिया। बहरहाल महंगाई को कम करना, जरूरतमंद को राहत देना सरकार का कर्तव्य है। इसलिए केन्द्र सरकार ने रसोई गैस के दाम में कटौती करके जनता को राहत दी है, यह उचित है। इसी तरह शिक्षा, पेट्रोल, डीजल आदि पर भी राहत देना चाहिए। इससे आम जनता का जीवन आसान होगा बशर्ते यह राहत चुनावी मौसम तक सीमित न रहे।

### विचार

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

–शेक्सपियर.

# भारत के दिव्यास्त्र से सहमे पाकिस्तान-चीन



संजय श्रीवास्तव

**मिशन दिव्यास्त्र के तहत निर्मित स्वदेशी मिसाइल अग्नि-5 की सफलता ने चीन और पाकिस्तान को गहरी चिंता में डाल दिया है। तब जबकि चीन के पास यह मिसाइल तकनीक और उस प्रणाली के आधार पर निर्मित ऐसी मिसाइलें पहले से ही हैं। बेशक डीआरडीओ के अपने वैज्ञानिकों द्वारा विकसित मिसाइल तकनीकी में कुछ खास है, जो देश के दुश्मनों के लिए एक चेतावनी और उसकी बढ़ती तकनीकी शक्ति का प्रतीक है।**



**अग्नि-5 का परीक्षण**

रक्षा विकास एवं अनुसंधान संगठन यानी डीआरडीओ के वैज्ञानिकों द्वारा मिशन दिव्यास्त्र के तहत विकसित जमीन से जमीन पर 5 हजार किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल अग्नि-5 ने भारत के परमाणु शस्त्रागार को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई है। 450 किमी की ऊंचाई तक जाने के बाद अपने रिंग लेजर गाइरोस्कोप इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम की क्षमता के चलते उड़ान के बीच में ही अपना रास्ता और लक्ष्य बदल सकने वाली इस मिसाइल ने सेना की मारक क्षमता को संहारक क्षमता में बदल दिया है। वर्तमान में युद्ध केवल मैदान में और हथियार का इस्तेमाल करके ही नहीं लड़े जाते, परसेप्शन या धारणा के स्तर पर परोक्ष और मानसिक युद्ध भी महत्त्वपूर्ण एवं प्रभावकारी होते हैं। चीन, पाकिस्तान, मालदीव जैसे उन देशों को जो भारत के प्रति किन्हीं भी कारणों से दुर्भाव रखते हैं, उन्हें मल्टीपल इंडेपेंडेंटली टारगेटेबल री एंट्री वीइकल यानी एमआईआरवी तकनीक से संपन्न मिसाइल अग्नि-5 की परीक्षण सफलता ने सामरिक और रक्षा संबंधी गहरी चिंता में डाल दिया है।

देश ने दुश्मन के बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम, अति उन्नत एमआईआरवी तकनीकि का स्वदेशीकरण कर दो बातें साबित कर दी है। एक तो भारत इस मिसाइल तकनीकी के मामले में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन और फ्रांस के बराबर आ गया है दूसरे वह अब छोटे परमाणु बम बनाने में पूरी तरह सक्षम है। यह तथ्य भारतीय मिसाइलों के लक्ष्य के दायरे में आने वाले देशों को भयाक्रांत करने वाला है। इस तकनीक के जरिए भारतीय सेना एक मिसाइल पर चार वारहेड या युद्धाग्र रखकर प्रत्येक को अलग अलग दूरी और दिशा में लक्ष्य भेद के लिए भेज सकती है। सड़क मार्ग के जरिये पहुंचाई जा सकने वाली इस 'सिटी किलर' मिसाइल के बारे में चीन का मानना है कि इसकी लक्ष्य भेदन क्षमता 8 हजार किलोमीटर के आसपास है, जिसके चलते उसके सभी महत्वपूर्ण शहर भारत के परमाणु हमले की जद में हैं और यह मिसाइल उसके कई शहरों को एक साथ निशाना बना सकती है। सही है कि डेढ़ टन तक न्यूक्लियर हथियार लादकर 24 मैक की स्पीड से अग्नि-5 बारह मिनट में बीजिंग और डेढ़ मिनट में इस्लामाबाद पहुंच सकती है। पाकिस्तान चीन दोनों ओर से युद्ध का मोर्चा खुल जाए तो एक ही समय पर दोनों पर हमला बोल सकती है। एमआईआरवी तकनीकि वाली मिसाइलों के जरिये दुश्मन देश के एयर डिफेंस को भ्रम में डालने के लिए ऐसे वार हेड से भी हमला किया जाता है, जो गैर परमाण्विक होते हैं, यदि इसके धोखे में प्रतिद्वंद्वी भारत जैसे उस देश पर परमाणु हमला कर दे 'जिसने पहले परमाणु हमला न करने की संधि' पर हस्ताक्षर कर रखा है, तो परमाणु हमला करने वाला देश बुरी तरह फंस सकता है, एक तो वह देश वास्तविक और बड़ा परमाणु हमला झेलेगा दूसरे विश्व बिरादरी का प्रतिबंध भी। चीन के पास भी एमआईआरवी तकनीक से युक्त मिसाइलें हैं जो भारत से बहुत ताकतवर हैं। 80,000 किलोग्राम वजन वाली, भारत के किसी भी ठिकाने पर परमाणु हमला करने में सक्षम चीन की डीएफ-41 मिसाइल की मारक क्षमता अग्नि के पांच हजार किलोमीटर के मुकाबले 12000 से 15000 किलोमीटर तक है।

ट्रक माउंटेड लॉन्चर के जरिए कहीं भी पहुंचाए जा सकने वाली इस मिसाइल की रफ्तार अग्नि की 29 हजार 401 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक, 30626 किमी प्रति घंटे है। अग्नि 5 अपने साथ 2490 किग्रा तक पेलोड तक ले जाने में सक्षम है, तो डीएफ-41 इस मामले में भी बीस है। अग्नि एकबार में अधिकतम 4 लक्ष्य भेद सकती है तो डीएफ-41 दस। इसके बावजूद अगर चिंतित चीन अग्नि-5 की जासूसी करने को मजबूर होता है तो उसकी वजह है कि भारत ने अमेरिकी तकनीकि को और परिष्कृत करके इस्तेमाल किया है जो संभवतः चीन से बेहतर है। दूसरे उसे पता है कि मिशन दिव्यास्त्र के ही तहत स्वदेशी एवियोनिक्स प्रणालियों और उच्च सटीकता सेंसर पैकेजों से सुसज्जित अग्नि-5 के बाद डीआरडीओ अग्नि 6 के विकास में लगा है जिसकी लक्ष्य भेद क्षमता 6,000 किलोमीटर से भी अधिक होगी ऐसे में उसे इन मिसाइलों से बचाव की प्रणाली को बहुत मजबूत और तकनीक संपन्न बनाना होगा जो अत्यंत खचीर्ली प्रक्रिया होगी।

उधर पाकिस्तान अबाबील नाम से अपना एमआईआरवी तकनीक तथा उसके अनुरूप मिसाइल प्रणाली विकसित करने की कोशिश में है। पाकिस्तानी दावे के अनुसार वह इसके परीक्षण कर चुका है। हो सकता है कि चीनी सहायता से पाकिस्तान को ऐसी क्षमता हासिल हो जाए लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं होने वाला क्योंकि उसकी हरकत का जवाब भारत जिस स्तर पर देगा वह उसको भारी पड़ेगा। रही इसके डिफेंस सिस्टम की बात तो उतना खर्च पाक के लिए मुमकिन नहीं। जब पूरा पाकिस्तान अग्नि-5 के निशाने पर हो और ऐसी मिसाइल से बचाव प्रणाली विकसित और स्थापित करने के लिए धन और तकनीक दोनों की किल्लत हो तो ऐसे में लाजिम है कि अग्नि-5 का यह सफल संस्करण उसके लिये सामरिक और रक्षा चिंताएं बढ़ाने वाला है। एमआईआरवी तकनीक के इस्तेमाल के चलते भारत के छोटे परमाणु बम बनाने के बारे में कहा गया कि वह एशिया में सामरिक संतुलन गड़बड़ा रहा है। सच यह है कि पाकिस्तान और चीन भी 600 किलोग्राम से कम वजनी इन छोटे परमाणु बमों को बनाने पर काम कर रहे हैं, पाकिस्तान ने तो छोटे परमाणु बम दागने वाली तोप चीन से खरीदी है। 5 वर्ष पहले पाकिस्तान को आपत्ति थी कि भारत रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद कर दक्षिण एशिया का शांति संतुलन बिगाड़ रहा है। इससे दक्षिण-पूर्व एशिया में सामरिक अस्थिरता और हथियारों की होड़ में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन जब उसने 27 दिसंबर 2023 को भारत के मिसाइल डिफेंस सिस्टम के मुकाबले में एक प्रभावी हथियार माने जाने वाले अपनी फ्लैट ट्रैजेक्ट्री के चलते रडार की पकड़ में आये बिना एक साथ कई मिसाइल दागने की क्षमता रखने वाले 'सहत टू रॉकेट' का सफल परीक्षण किया, किसी ने उसे ऐसी समझाइश नहीं दी। बेशक इस सफलता पर चीन और पाकिस्तान की प्रतिक्रिया ऐसी ही होगी लेकिन दक्षिण एशिया ही नहीं समूचे विश्व में जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों की काट में दूसरे मिसाइलों का निर्माण और खरीद की होड़ दशकों से चलती आ रही है, कोई किसी को सीख देने की स्थिति में नहीं है। इस तरह के बयानों का तभी कोई अर्थ होता जब संबंधित देश मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रिजीम का ईमानदारी से पालन करते। ऐसे में हर देश को अपनी रक्षा सुरक्षा सुदृढ़ बनाने का अधिकार है। भारत को भी, और वह इस क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है तो आपत्ति कैसी। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान और भारत दोनों देश एक दूसरे की सैन्य शक्ति को लेकर संवेदनशील हैं।

पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के जरिए सैन्य क्षमता बढ़ाने में भारी पूंजी निवेश किया है ताकि भारत से हथियारों की होड़ लगा सके। आज पाकिस्तान के पास 6 परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। शाहीन3 और शाहीन 1ए निर्माणाधीन हैं। इन स्थितियों में भारत भी अपने तूणीर में लंबी दूरी तक मार करने वाली एस 400 ट्रायम्फ के साथ मध्यम दूरी पर मार करने वाली स्वदेशी प्रक्षेपास्त्र समर, बेहद कम दूरी के लक्ष्य भेदने वाली डीआरडीओ द्वारा विकसित वीशोराड्स तथा सबसे ज्यादा दूरी पर जाकर शिकार करने वाला एमआईआरवी तकनीक से लैस अग्नि-5 शामिल करता है तो यह उचित ही है।

### सोशल मीडिया

हरियाणा का सियासी घटनाक्रम नये जमाने की राजनीति है, घिटी पिटी राजनीति एवं नये तरीके व नयी दृष्टि से युवा भारत को प्रतिनि-धित्व देने की राजनीति अलग है। सुधांशु त्रिवेदी.



जिस राज्य का पेपर आउट हुआ वहां भी भाजपा की सरकार और जिस राज्य में पेपर आउट करवाया गया वहां भी भाजपा की सरकार, दोनों ही मौसेरे भाई। अखिलेश यादव



भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उद्देश्य लोकसभा का चुनाव नहीं है। यह भारतीय जनता पार्टी के झूठे वायदों से देश के नागरिकों को जागरुक करने की लड़ाई है। दिग्विजय सिंह.



# माया का बंधन

### अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# कवि को सजग रहना चाहिए

### व्यंग्यलोक

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभू! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खरार्टे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है-मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा-देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।



पूरन सरमा

# लुप्त होने के कगार पर सोन चिरैया की प्रजाति



वन्य जीवन

अरविन्द जयतिलक

भारत प्रवासी पक्षियों मसलन साइबेरियन क्रेन, ग्रेटर फ्लेमिंगो और डेमॉस्सेल क्रेन जैसे पक्षियों के लिए घर जैसा है। ये अति सुंदर व मनमोहन प्रवासी पक्षी हर वर्ष सर्दियों और गर्मी के मौसम में भोजन, प्रजनन और घोंसले के शिकार के लिए भारत आते हैं।

पक्षियों के बीच कई अलग-अलग प्रवासन देखने को मिलता है। अधिकांश पक्षी उत्तरी प्रजनन क्षेत्रों से दक्षिणी सर्दियों के मैदानों की ओर रुख करते हैं। हालांकि कुछ पक्षी अफ्रीका के दक्षिणी हिस्सों में प्रजनन करते हैं और सर्दियों में उत्तरी मैदान या क्षैतिज रुप से पलायन करते हैं। भारत कई प्रवासी पक्षियों का अस्थायी निवास स्थान है। भारतीय उपमहाद्वीप प्रमुख पक्षी फ्लाइवे नेटवर्क का भी अहम हिस्सा है। यह मध्य एशियाई फ्लाइवे आर्कटिक और भारतीय महासागरों के मध्य के क्षेत्रों को कवर करता है। सुखद पहलू यह है कि भारत ने मध्य एशियाई फ्लाइवे के तहत प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना शुरू की है। सर्दियों के मौसम में तो भारतीय उपमहाद्वीप के विशेष क्षेत्र मसलन झील, आर्द्रभूमि या बैकवाटर प्रवासी पक्षियों का बसेरा बन जाता है। लेकिन चिंता की बात यह है कि भारत में प्रवासी पक्षियों के साथ-साथ अन्य पक्षियों की आबादी तेजी से घट रही है। वर्ष 2020 में संयुक्त राष्ट्र की 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में 79 प्रतिशत पक्षियों की तादाद घट गयी है। यह रिपोर्ट इसलिए विश्वसनीय है कि 867 प्रकार के पक्षियों का अध्ययन कर उनके दीर्घावधि (25 साल) और लघु अवधि (5 साल) के आंकड़े जुटाए गए तब इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया। रिपोर्ट के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिन 261 प्रजातियों के दीर्घावधि आंकड़े सामने आए हैं उनमें 52 प्रतिशत की तादाद वर्ष 2000 से लगातार घटी है। इसी तरह जिन 146 प्रजातियों के लघु अवधि के आंकड़ों का विश्लेषण हुआ है उनमें से 80 प्रतिशत की तादाद कम हुई है। कुलमिलाकर 50 प्रतिशत की संख्या तेजी से गिरी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि तकरीबन 10 प्रतिशत प्रजातियों की स्थिति बेहद चिंताजनक है और इन्हें खास संरक्षण की जरुरत है। आंकड़ों के मुताबिक तेजी से गिरावट वाले पक्षियों में शिकारी पक्षी व प्रवासी समुद्री पक्षी पिछले दशकों में सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। पर अच्छी बात यह है कि विगत वर्षों से गौरैया की संख्या स्थिर रही है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले ढ़ाई दशकों में गौरैया की संख्या में कोई विशेष कमी नहीं आयी है। हालांकि दिल्ली, मुंबई समेत आधा दर्जन शहरों में इनकी संख्या घटी है। देश में प्रवासी पक्षियों का आना भी कम हो रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में ओखला बर्ड सेंचुरी में प्रवासी पक्षियों का आगमन लगातार कम हो रहा है। पक्षी विज्ञानियों की मानें तो बर्ड सेंचुरी के आसपास बढ़ते वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण की वजह से प्रवासी पक्षी यहां आना पसंद नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा दलदली और जल वाली भूमि का लगातार घटते जाना भी एक प्रमुख कारण है। जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध पश्चिमी घाटों पर वर्ष 2000 से पक्षियों की संख्या में 75 प्रतिशत तक कमी आयी है। याद होगा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने वर्ष 2013 में भारत में देखे जाने वाले पक्षियों की दस प्रजातियों को बेहद गंभीर रुप से संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल किया था। इनमें ग्रेट साइबेरियन क्रेन, गोडावण,, सफेद पीठ वाला गिद्ध, लाल-सिर वाला गिद्ध, जंगली उल्लू, स्पून बिल्ड सैंडपाइपर और सफेद पेट वाला बगुला प्रमुख था। इन पक्षियों की आबादी में गिरावट की मुख्य वजहों में आवास का नुकसान, संशोधन, बिखंडन, पर्यावरण प्रदूषण को प्रमुख रुप से जिम्मेदार माना गया। ग्लोबल वार्मिंग ने पक्षियों के अस्तित्व को और भी अधिक संकट में डाल दिया है। भारत में विभिन्न प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं जिनमें गौरैया, कौआ, तोता, तीतर, चर्खी, शामा, भुजंगा, बया, मुनिया, लाल तूती, गिद्ध, कठफोड़वा, नीलकंठ, बसंता, महोखा, पतरिंगा, हरियल, हुदहुद और बटेर जैसे पक्षी आमजन के बेहद करीब माने जाते हैं। लेकिन इन लोकप्रिय पक्षियों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। पक्षियों के संरक्षणकताओं ने चेतावनी दी है कि दुनिया की सबसे वजनदार पक्षियों में से एक सोन चिरैया की प्रजाति लुप्त होने के कगार पर है।

## आपकी बात

### शहरों को बनायें रोजगार हब

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। चाहे रायबरेली रोड हो। फैजाबाद रोड हो, हरदोई रोड हो या सीतापुर रोड अथवा सुलतानपुर रोड, लखनऊ से पन्द्रह-बीस किलो मीटर आगे तक प्लाटिंग हो चुकी है। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है। यह सब विकास प्राधिकरण और आवास विकास की असफलता है। आज गरीबों को छोटा प्लाट नहीं मिलता है, ऐसे में मजबूरी में उनको डीलरों के पास जाना पड़ता है।

**पवन कुमार मिश्र, लखनऊ.**

### सड़कों की दशा सुधारें

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है।

एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

संक्षेप

## येचुरी ने सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाया

नयी दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाया और कहा कि बढ़ती महंगाई, औद्योगिक मंदी और नौकरियां जाने से लोगों का जीवन बहुत मुश्किल हो गया है। येचुरी ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का आर्थिक कुप्रबंधन जारी है। जनवरी में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 3.8 प्रतिशत रह गई, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रह गई। उन्होंने आरोप लगाया, उत्पादन बढ़ाने के वादे के बावजूद इलेक्ट्रॉनिक और कंप्यूटर जैसे क्षेत्रों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई है...मोदी सरकार की चौतरफा विफलता के कारण अर्थव्यवस्था नष्ट हो गई है। गत मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, एक तरफ विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि इस साल जनवरी में धीमी पड़कर 3.8 प्रतिशत रही, वहीं खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5.09 प्रतिशत पर आ गई।

## डॉ.मंजूनाथ भाजपा में हो सकते हैं शामिल

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद डॉ.सी.एन. मंजूनाथ बुधवार शाम को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी.एस.येदियुरप्पा से मुलाकात करने वाले हैं। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह मुलाकात ऐसे समय होने वाली है जब कयास लगाए जा रहे हैं कि वह आगामी लोकसभा चुनाव बेंगलोर ग्रामीण से लड़ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक मंजूनाथ बृहस्पतिवार को भाजपा में शामिल हो सकते हैं। मौजूदा लोकसभा में उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के भाई और कांग्रेस नेता डी के सुरेश इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और आगामी चुनाव के लिए भी पार्टी ने उन्हे उम्मीदवार बनाया है। भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) का कर्नाटक में गठबंधन है और सूत्रों की मानें तो जद (एस) तीन सीट मांड्या, हासन और कोलार पर चुनाव लड़ सकती है और इस बात पर भी सहमति बनी है कि मंजूनाथ भाजपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। इस साल जनवरी में सेवानिवृत्त होने से पहले मंजूनाथ ने 17 साल तक राज्य सरकार के श्री जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवास्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च का नेतृत्व किया।

## खालिद की याचिका पर पुलिस को नोटिस

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक याचिका पर पुलिस और उन दो लोगों से जवाब मांगा है जिन्होंने 2018 में यहां कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के बाहर कार्यकर्ता उमर खालिद पर कथित तौर पर गोलियां चलाई थीं। उमर खालिद ने अपनी याचिका में दोनों को हत्या के प्रयास के आरोप से मुक्त करने के अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी है। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड पिधान की धारा 201 (साक्ष्य नष्ट करना), 34 (सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य) और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 एवं 27 (प्रतिबंधित हथियार और गोला-बारूद रखना) के तहत दंडनीय अपराध के लिए आरोप तय किए गए थे। इनकी सुनवाई मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा की जाती है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने पटियाला हाउस अदालत के एक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा पारित छह दिसंबर, 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली जेएनयू के पूर्व छात्र खालिद की याचिका पर पुलिस एवं दो आरोपियों, दरवेश और नवीन दलाल को नोटिस जारी किए।

## उप निरीक्षक व उसकी प्रशिक्षु बहन गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती-2021 के प्रश्नपत्र लीक मामले में एक सेवारत पुलिस उप निरीक्षक और उसकी प्रशिक्षु उप निरीक्षक बहन को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसआईटी प्रमुख वीके सिंह ने कहा कि 2014 बैच के उप निरीक्षक जगदीश सियाग ने 2021 की उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए अपनी बहन इंदुबाला और चचेरी बहन भगवती के लिए एक डमी उम्मीदवार वर्षा की व्यवस्था की थी। भरतपुर के जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात सियाग को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

# धोलेरा संयंत्र से पहली चिप का उत्पादन 2026 से



धोलेरा (गुजरात)। केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि यहां टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के संयंत्र से सेमीकंडक्टर का उत्पादन दिसंबर, 2026 से होने लगेगा। चिप संयंत्रों के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि भारत 2029 तक दुनिया में चिप बनाने के शीर्ष पांच केंद्रों में से एक होगा। मंत्री ने कहा कि धोलेरा संयंत्र से पहली चिप दिसंबर, 2026 में आएगी और माइक्रोन संयंत्र से चिप दिसंबर, 2024 तक आयेगी।

उन्होंने कहा कि धोलेरा संयंत्र 28, 50, 55 नैनोमीटर नोड में चिप बनायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तीन चिप संयंत्रों की नींव रखी। इनमें दो इकाइयां टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की और तीसरी सीजी पावर की है। इसमें कुल 1.26 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। इन तीन संयंत्रों में टाटा का देश का पहला हाई-टेक चिप विनिर्माण संयंत्र शामिल है, जिसे कंपनी धोलेरा के विशेष औद्योगिक क्षेत्र में ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के साथ साझेदारी में स्थापित कर रही है। इस संयंत्र की क्षमता प्रतिमाह 50,000 वेफर्स का उत्पादन करने की होगी और इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल होगा। केंद्र इसमें समान आधार पर पूंजीगत व्यय का 50 प्रतिशत योगदान देगा। उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित ये चिप कई क्षेत्रों - इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), दूरसंचार, रक्षा, वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, डिस्प्ले और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए की जरूरत को पूरा करेंगे। सेमीकंडक्टर एक बुनियादी उद्योग है जो जीवन के लगभग हर पहलू को छूता है। फ्रिज से लेकर एसी और कारों, विमान से लेकर ट्रेनों तक सभी में इसका इस्तेमाल होता है। प्रधानमंत्री ने असम के जगीरोड में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की एक और नई असेंबली और परीक्षण सुविधा की भी आधारशिला रखी। असम संयंत्र का निर्माण 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से होगा और इससे क्षेत्र में 27,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। यह पूर्वोत्तर में भारत की पहली सेमीकंडक्टर इकाई होगी। टीएसएटी प्रतिदिन 4.8 चिप की क्षमता के साथ फ्लिप चिप और आईएसआईपी (पैकेज में एकीकृत प्रणाली) प्रौद्योगिकियों सहित स्वदेशी उन्नत सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों का विकास करेगी। इनके लिए लक्षित खंड ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और मोबाइल फोन और अन्य होंगे। प्रधानमंत्री ने सीजी पावर की सेमीकंडक्टर इकाई की भी आधारशिला रखी, जिसे वह 7,600 करोड़ रुपये के निवेश से गुजरात के साणंद में रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्प और थाइलैंड के स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझेदारी में स्थापित कर रही है।

# नींबू के लिए आधी रात को महिला के घर का दरवाजा खटखटाना बेतुका : अदालत



मुंबई। बम्बई उच्च न्यायालय ने नींबू मांगने के लिए आधी रात को किसी महिला के घर का दरवाजा खटखटाने को बेतुका और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक कर्मी के लिए अशोभनीय करार दिया। अदालत ने इस हरकत के लिए कर्मी पर लगाए गए जुर्माने को रद्द करने से भी इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एम. एम. सथाये की खंडपीठ ने 11 मार्च के अपने आदेश में कहा कि सीआईएसएफ के याचिकाकर्ता सिपाही ने तथाकथित घटना से पहले शराब पी थी और उसे यह भी पता था कि महिला का पति घर पर मौजूद नहीं है। महिला का पति आरोपी का सहकर्मी है, जो पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान ड्यूटी पर था। अदालत, घटना के समय मुंबई में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में तैनात अरविंद कुमार (33) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी अरविंद ने जुलाई 2021 और जून 2022 के बीच सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उसपर लगाए गये जुर्माना की कार्वाई को चुनौती दी थी। अरविंद का वेतन तीन वर्षों के लिए कम कर दिया गया और इस दौरान सजा के तौर पर उसके वेतन में वृद्धि भी नहीं की गयी। अरविंद पर आरोप है कि 19 और 20 अप्रैल 2021 के बीच की रात उसने अपने आधिकारिक आवासीय क्वार्टर के पड़ोस के घर का दरवाजा खटखटाया, जिसमें शिकायतकर्ता महिला और उसकी छह वर्षीय बेटी रहती थी। शिकायतकर्ता महिला के मुताबिक, वह डर गई थी और उसने कुमार से कहा कि उसका पति पश्चिम बंगाल में ड्यूटी पर है और इसलिए उसे परेशान न करे। महिला द्वारा चेतावनी और धमकी दिये जाने के बाद अरविंद वहां से चला गया। कुमार ने अपने बचाव में दावा किया कि वह अस्वस्थ महसूस कर रहा था और उसने केवल नींबू मांगने के लिए पड़ोसी का दरवाजा खटखटाया था। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने घटना से पहले शराब पी थी और उसे यह भी पता था कि शिकायतकर्ता महिला का पति उस समय घर पर मौजूद नहीं था। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता ने यह जानते हुए कि घर में पुरुष नहीं है फिर भी पड़ोसी का दरवाजा खटखटाया, जहां एक महिला अपनी छह वर्षीय बेटी के साथ घर में रह रही थी।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह भाजपा में हुए शामिल

भोपाल। मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट से एक बार फिर कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुल नाथ को टिकट मिलने के एक दिन बाद पार्टी के पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह और कई अन्य स्थानीय नेता बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए।

सिंह 1998 से 2003 तक छिंदवाड़ा जिले के चौरई से कांग्रेस विधायक थे। भाजपा के एक प्रवक्ता ने कहा कि सिंह के अलावा जिला कांग्रेस किसान शाखा के अध्यक्ष चांद चौरिया, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र से पार्टी के स्वास्थ्य व चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्य यहां मुख्यालय में भगवा पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रमुख वी. डी. शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास से प्रेरित होकर छिंदवाड़ा से बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि और कांग्रेस के पदाधिकारी पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा अब मोदी सरकार की गरीब समर्थक योजनाओं के लाभार्थियों का गढ़ है। कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से उम्मीदवार घोषित किया था। कमलनाथ नौ बार छिंदवाड़ा से सांसद रह चुके हैं, जबकि उनकी पत्नी अलका नाथ ने एक बार इसका प्रतिनिधित्व किया।

# वनस्पति तेल आयात 13 फीसद घटा



नयी दिल्ली। भारत का वनस्पति तेल आयात फरवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत घटकर लगभग 9.75 लाख टन रह गया है। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। फरवरी के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य तेलों और गैर-खाद्य तेलों सहित) का आयात 9,74,85 टन रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 11,14,481 टन था।

कुल आयात में खाद्य तेल का हिस्सा घटकर 9,67,852 टन रह गया। फरवरी, 2023 में यह 10,98,475 टन था। गैर खाद्य तेलों का आयात भी एक साल पहले की समान अवधि के 16,006 टन से घटकर 7,000 टन रह गया। नवंबर, 2023-फरवरी, 2024 की अवधि के दौरान, वनस्पति तेलों का कुल आयात 21 प्रतिशत घटकर 46,47,963 टन रह गया, जो पिछले तेल वर्ष की इसी अवधि में 58,87,900 टन था। तेल विपणन वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। तेल वर्ष 2023-24 के पहले चार माह के दौरान खाद्य तेलों का आयात घटकर 46,15,551 टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 58,44,765 टन था। तेल वर्ष 2023-24 की नवंबर-फरवरी अवधि के दौरान गैर-खाद्य तेलों का आयात घटकर 32,412 टन रह गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 43,135 टन था। भारत खाद्य तेलों की अपनी 50 प्रतिशत से अधिक घरेलू जरूरत को आयात से पूरा करता है। भारत द्वारा इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात किया जाता है। यह अर्जेंटीना और ब्राजील से सोयाबीन तेल का आयात करता है। एसईए ने कहा कि फरवरी 2024 में वनस्पति तेल के आयात में गिरावट जारी रही। खाद्य तेल आवश्यकताओं के लिए पाम तेल की उपलब्धता में कमी आई है क्योंकि मुख्य दो उत्पादक देश मलेशिया और इंडोनेशिया इसे बायोडीजल के उत्पादन के लिए लगा रहे हैं।

# महंगाई के लिए केंद्र सरकार को भारी कीमत चुकानी होगी : पवार

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार को दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के परिणामस्वरूप आगामी लोकसभा चुनावों में भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

नासिक में पवार ने यह भी कहा कि प्याज निर्यात से संबंधित सरकार के फैसलों, इथेनॉल और चीनी उद्योग पर उसकी मनमानी नीतियों ने कृषक समुदाय में निराशा पैदा की है, जो आगामी आम चुनावों में दिखाई देगी। उन्होंने कहा, विभिन्न दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतें, प्याज, इथेनॉल और चीनी उद्योग से संबंधित मनमानी नीतियों ने राज्य में कृषक समुदाय को परेशान कर दिया है। आगामी संसदीय चुनाव में केंद्र सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री प्याज के निर्यात पर केंद्र के प्रतिबंध के साथ-साथ इथेनॉल बनाने के लिए गन्ने के रस के उपयोग पर प्रतिबंध का जिक्र कर रहे थे। प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) के साथ महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीन सहयोगियों के सीट-बंटवारे के फॉर्मूले पर, पवार ने कहा कि महाराष्ट्र की अधिकांश लोकसभा सीटों पर चर्चा पूरी हो चुकी है।

# हमने गठबंधन धर्म का पालन किया : चौटाला



चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी (जजपा) अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने बुधवार को कहा कि पिछले साढ़े चार साल में गठबंधन धर्म का पालन करने के लिये उनकी पार्टी ने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है और पार्टी कभी सत्ता की भूखी नहीं थी।

चौटाला का यह बयान भाजपा के साथ जजपा का गठबंधन टूट जाने के एक दिन बाद आया है, जब पार्टी ने मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया। चौटाला ने कहा कि देश में होने वाले आगामी आम चुनाव के लिये उनकी पार्टी ने हरियाणा में लोकसभा की दो सीटों की मांग की थी लेकिन भाजपा ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, परसों (सोमवार को) मैं दिल्ली में ही था। (सीटों के बंटवारे को लेकर) दुष्यंत चौटाला ने भाजपा प्रमुख जे पी नड्डा से मुलाकात की। हमने कहा कि हम दो सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने यह देने से इंकार कर दिया। चौटाला ने कहा कि उन्होंने दुष्यंत को वापस भाजपा नेतृत्व के पास भेजा और कहलवाया कि भाजपा अगर वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ा कर 5100 रुपये प्रति महीने करने का वादा पूरा करती है तो जजपा प्रदेश में एक भी लोकसभा सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेगी और सभी दस सीटों पर उनका समर्थन करेगी। उन्होंने कहा, हमलोग सत्ता के भूखे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साढे चार साल में उनकी पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करने के लिये पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हटा कर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने खट्टर और उनकी कैबिनेट के नाटकीय ढंग से हुए इस्तीफे के कुछ घंटे बाद पांच अन्य मंत्रियों के साथ राजभवन में मुख्यमंत्री के पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

# स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के लिए समुचित कदम न उठाने पर हाईकोर्ट नाराज

### कोर्ट ने राज्य सरकार पर की तल्ख टिप्पणी, पूंछा अब तक क्या कदम उठाये

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय न करने पर सरकार के खिलाफ सख्त रूख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूंछा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अब तक क्या कार्यवाही की गयी है। साथ ही कोर्ट ने मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को पिछले छह माह में भेजी गई रिपोर्ट्स तलब की है। इसके अलावा कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के दिशा निर्देशों को जमीनी स्तर पर न तो लागू किया गया और न ही पिछले पाँच साल से अधिक समय से स्कूलों में बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्रवाई की गई।

यह आदेश जस्टिस आलोक माथुर और जस्टिस बृजराज सिंह की पीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान कोर्ट ने पाया था कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे। जिसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई थी व उसके कार्यों की निगरानी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला आपदा प्रबंधन अथारिटी को करने को कहा गया था। अंत में दोनों के कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी मुख्य सचिव को सौंपी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के उक्त दिशानिर्देश के क्रम में राज्य सरकार की ओर से विभिन्न विभागों के बीच हुए पत्राचार की जानकारी सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को दी। इस पर कोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर करते हुए।

## पेज एक का शेष

### भारतीय नौसेना

पनडुब्बी रोधी अभियान, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियान और खदान बिछाने जैसे कार्यों को करना है। इस मौके पर मुख्य अतिथि एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, यह बेहद गर्व की बात है कि भारत आधुनिक युद्धपोत, पनडुब्बी और विमान वाहक पोत बनाने की क्षमता वाले दुनिया के चुनिंदा देशों में से एक है।

### एमएसएमई के लिए

किया। उन्होंने औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल को भी जारी किया। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट भी वितरित की। राज्य की राजधानी में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) मंत्रालय के लिए मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने कहा कि यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा, इसे लेकर बनी पुरानी धारणा को हमने अपने सामर्थ्य से बदला है। आज हमारा हर सेक्टर सभी को उत्तर दे रहा है। उत्तर प्रदेश पहले भी असीमित संभावनाओं वाला राज्य था, मगर कुछ लोगों ने इसे बीमारू बना रखा था। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने इसे राष्ट्र निर्माण के अभियान के साथ जोड़कर युवाओं और उद्यमियों के विकास के पथ पर अग्रसर किया है। आज इसका परिणाम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश देश का अकेला राज्य है जहां युवा उद्यमियों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपये का ऋण दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चीन के उत्पादों को सरकार ने अपने बाजार से बहुत दूर कर दिया है, यही एमएसएमई इकाइयों की ताकत का परिणाम है। उन्होंने कहा, इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर हमारे घर का उत्पाद मार्केट में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा, प्रेरित करके प्लेटफार्म उपलब्ध कराना होगा। ये कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद मार्केट में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद बाजार से दूर होता जा रहा है।

### सीएम ने बरेली

जाना जाएगा। बरेली अब प्रधानमंत्री के विजन विरासत और विकास का अदभुत संगम बन रहा है।

बरेली के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 45 मिनट पहले पहुंच गए और सभा स्थल देखकर काफी प्रसन्न नजर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश बदल चुका है, हम भी कह सकते है हम एक विकसित भारत के नागरिक हैं। भारत में 10 साल के अंदर जो मूलभूत सफलता प्राप्त की है। पूरी दुनिया भारत की तरफ आशा भरी निगाह से देख रही है। देश में कही भी कोई संकट आता है तो लोग भारत की तरफ आशा भरी निगाह से देखते हैं। भारत का सम्मान बढ़ने का मतलब भारत के हर नागरिक का सम्मान बढ़ा है। 140 करोड़ लोगों का सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है। नक्सलवाद और आतंकवाद लगभग समाप्त हो चुका है। अब दुश्मन भारत की सीमा की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता। कोई आंखे नहीं दिखा सकता। क्योंकि अब भारत को जो आंखे दिखाएगा तो भारत इतनी शक्ति रखता है कि उसकी आंखों को उसके हाथों पर रखकर वापस कर सकता है। ये नया भारत है, छेड़ता नहीं है लेकिन अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता नहीं है। नए भारत के अंदर आज इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं। हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, एम्स, हर जिले में आईटी पार्क, इसके साथ ही हम नए तरीके से कार्य कर रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में पिछले सात साल में बिना किसी भेदभाव के 56 लाख गरीबों के मकान बन गए हैं, तीन करोड़ गरीबों के शौचालय बन गए, 10 करोड़ गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड बन गए। 15 करोड़ लोगों को हर माह मुफ्त में राशन मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा कि 500 साल की अयोध्या की समस्या का समाधान हुआ है। यूपी भारत की आस्था का केंद्र बनकर तैयार हुआ है। नए भारत का नया यूपी जिसमें सुरक्षा है तो समृद्धता भी है, अजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। यहां संस्कृति के लिए कार्य भी है तो बेटी और व्यापारी की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था भी है। ये कांग्रेस और सपा कभी नहीं दे पाते।

### भारत ने 1960

बड़े कारण थे इच्छाशक्ति की कमी, संकल्प को उपलब्धि में बदलने के लिए प्रयास की कमी और देश के लिए दूरदर्शी निर्णय लेने की क्षमता का अभाव। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से भारत का सेमीकंडक्टर बनाने का सपना सपना ही रह गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा जो लोग उन सरकारों में थे, उन्होंने कहा कि जल्दबाजी की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि यह भविष्य की जरूरत है। वे भारत की गरीबी के पीछे छिपकर आधुनिक जरूरतों के ऐसे तमाम निवेशों को नजरअंदाज करते रहे। वे हजारों करोड़ के घोटाले कर लेते थे लेकिन सेमीकंडक्टर विनिर्माण में निवेश नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि ऐसी सोच से कोई भी देश विकास नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए हमारी सरकार दूरदर्शी सोच और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। आज हम सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा करने की महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा, दुनिया में केवल कुछ ही देश सेमीकंडक्टर का निर्माण कर रहे हैं और कोविड-19 ने हमें एक विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति शृंखला बनाने का सबक सिखाया है। भारत इस दिशा में बहुत बड़ी भूमिका निभाने को उत्सुक है। प्रधानमंत्री ने कहा आने वाले समय में हम सेमीकंडक्टर उत्पादों का व्यावसायिक उत्पादन शुरू करेंगे। वह दिन दूर नहीं जब भारत इस क्षेत्र में भी वैश्विक शक्ति बन जाएगा। उन्होंने कहा 21वीं सदी प्रौद्योगिकी की शताब्दी है और हम इलेक्ट्रॉनिक चिप के बिना इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। मेड इन इंडिया और डिजाइन इन इंडिया चिप भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने की बड़ी क्षमता पैदा करेंगी। मोदी ने कहा कि भारत को उनकी सरकार द्वारा लिए गए फैसलों और नीतियों से रणनीतिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 40 हजार नियमों को हटाकर कारोबार में आसानी को बढ़ावा दिया है और रक्षा, बीमा तथा दूरसंचार क्षेत्र में एफडीआई नीतियों को उदार बनाया है।

### वंचित वर्ग को

तबके को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा एससी, एसटी, ओबीसी गरीबों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी हैं। प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान और रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का उद्देश्य अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों और स्वच्छता श्रमिकों सहित देश भर में पात्र व्यक्तियों को ऋण सहायता प्रदान करना है। इस पहल का उद्देश्य समाज के सबसे वंचित वर्गों का उत्थान करना है। मोदी ने कहा, पिछली सरकार में लाखों-करोड़ रुपये के घोटाले किए गए। हमारी सरकार ये पैसा दलित, वंचित के कल्याण और देश के निर्माण के लिए खर्च कर रही है।

### प्रतापगढ़ और

की मौत हो गयी। रोडवेज बस ने दो बाइक सवारों को रौंद डाला। मरने वाले युवक बागपत जनपद के ही रहने वाले हैं। तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस कारवाई में जुटी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बागपत मुजफ्फरनगर मार्ग पर मुजफ्फरनगर डिपो की बस बागपत की और आ रही थी। बस तेज रफ्तार थी जैसे ही बस बामनोली के पास पहुंची बस द्वारा एक वाहन को ओवरटेक किया। सामने से दो बाइक पर सवार तीन युवक आ रहे थे तीनों वाहनों की आमने सामने की टक्कर हो गयी। जिनमें बस ने बाइक सवारों को रौंद दिया। बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों की पहचान करायी।

### मुख्तार अंसारी को

है। सिंह ने कहा कि 10 जून, 1987 को मुख्तार अंसारी ने एक बंदूक के लाइसेंस के लिए गाजीपुर के जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन दिया था तथा बाद में उसने तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक के पास फर्जी हस्ताक्षरों वाले दस्तावेज जमा कर बंदूक का लाइसेंस प्राप्त किया। शासकीय अधिवक्ता के मुताबिक इस धोखाधड़ी का खुलासा होने के बाद सीबी-सीआईडी ने मुख्तार अंसारी, तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर और पांच नामजद व्यक्तियों और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में चार दिसंबर, 1990 को मामला दर्ज कराया। उनके अनुसार जांच के बाद, तत्कालीन आयुध लिपिक गौरीशंकर श्रीवास्तव और मुख्तार अंसारी के खिलाफ 1997 में एक आरोप पत्र दाखिल किया गया। गौरी शंकर की मृत्यु के बाद उसके खिलाफ मामला बंद कर दिया गया। वर्ष 1963 में जन्मा मुख्तार अंसारी मऊ विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक निर्वाचित हुआ जिसमें दो बार वह बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर निर्वाचित हुआ। उसने आखिरी बार विधानसभा चुनाव 2017 में लड़ा था।

### चुनावी बॉण्ड

और 1,609 भुनाए गए।

इसमें आगे कहा गया है कि 12 अप्रैल, 2019 से इस साल 15 फरवरी तक कुल 18,871 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 20,421 भुनाए गए। हलफनामे में कहा गया है, भारतीय स्टेट बैंक के पास रिकॉर्ड तैयार हैं जिसमें खरीद की तारीख, मूल्य और खरीददार का नाम दर्ज किया गया था, और (राजनीतिक दलों के संबंध में) नकदीकरण की तारीख और भुनाए गए बॉण्ड के मूल्य दर्ज किए गए थे। इसमें कहा गया है कि शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुपालन में, इस जानकारी का एक रिकॉर्ड 12 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग को हाथ से उपलब्ध कराया गया। कामकाज के व्यावसायिक घंटों की समाप्ति से पहले (पासवर्ड संरक्षित) इस रिकॉर्ड को डिजिटल माध्यम से पलब्ध कराया गया था। हलफनामे में कहा गया है, निर्देश संख्या (बी) के अनुसार, प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार के नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड की कीमत के बारे में जानकारी दी गयी है। निर्देश संख्या (सी) के अनुसार, चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड का मूल्य भी इस रिकॉर्ड में प्रस्तुत किया गया है। इसमें कहा गया है कि उपरोक्त आंकड़ा 12 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 के बीच खरीदे और भुनाए गए चुनावी बॉण्ड के संबंध में प्रस्तुत किया गया है।

### समय आने पर

एसबीआई को 12 मार्च तक विवरण सौंपना था। उन्होंने हमें समय पर विवरण दे दिया। मैं वापस जाऊंगा और विवरण को देखूंगा और निश्चित रूप से समय आने पर इसका खुलासा किया जाएगा। कुमार, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को यहां पहुंचे। सीईसी ने कहा, हम 2024 लोकसभा चुनाव के लिए बिल्कुल तैयार हैं। हम देश भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगे। हम जम्मू-कश्मीर सहित देश भर के मतदाताओं से लोकतंत्र के त्योहार में उत्साहपूर्वक भाग लेने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों की रोकथाम के लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया प्रकोष्ठ स्थापित किये जाएंगे।

### दूसरी सूची में

सिम्हा की जगह लेंगे। सिम्हा ही वह सांसद थे जिनकी अनुशंसा पर बने पास के जरिए दो युवा लोकसभा के दर्शक दीर्घा पहुंचे थे और सदन की कार्यवाही के दौरान कक्ष में कूद गए थे। पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से हंसराज हंस की जगह चंदौलिया को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने इससे पहले, दिल्ली की पांच में से चार सीट पर मौजूदा सांसदों के टिकट काट दिए थे और सिर्फ मनोज तिवारी को दोबारा उत्तर पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया था। इस महीने की शुरुआत में भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी।

# एलएसजी के कई खिलाड़ी व कोच आज लखनऊ पहुंचेंगे

## रविवार को होने वाली एलएसजी 10 किलोमीटर दौड़ में कई खिलाड़ी व कोच होंगे शामिल

खेल संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का 17वां संस्करण 22 मार्च से शुरू होंगे। राजधानी लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 30 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले को लेकर खेल प्रेमियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

लखनऊ में यह उत्साह गुरुवार यानि 13 मार्च को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाड़ियों के आगमन से और तेज हो जायेगा। दरअसल, लखनऊ सुपर जाइंट्स लीग का पहला मुकाबला 24 मार्च को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आरंभ करेगा। इसके बाद इकाना स्टेडियम में अपना पहला घरेलू मैच 30 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ और दूसरा घरेलू मैच सात अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेलेगा।



शनिवार से होने वाले अभ्यास मैच के लिए इकाना स्टेडियम पूरी तरह से तैयार

**आज ये खिलाड़ी व कोच पहुंचे**

केशव महाराज, वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ, आयुष बडोनी, अर्शीन कुलकर्णी, मोहसिन खान समेत दस खिलाड़ियों के साथ ही टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, वारेन एंड्रयू, क्रिस पर्किन भी लखनऊ पहुंचेगे।

जानकारी के मुताबिक आज लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कई सुपरस्टार खिलाड़ियों व कोचों का शहर में आगमन हो रहा है। जिसमें टीम के दिग्गज खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज, वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ, आयुष बडोनी, अर्शीन कुलकर्णी, मोहसिन खान समेत 10 खिलाड़ियों का आगमन हो रहा है। साथ ही मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, वारेन एंड्रयू, क्रिस पर्किन भी शहर आ रहे हैं। एलएसजी प्रबंधन के मुताबिक 16 मार्च से इकाना स्टेडियम में खिलाड़ियों का अभ्यास सत्र शुरू होगा। स्टेडियम में भी तैयारी पूरी कर ली गई है।

एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट ने बताया कि 17 मार्च को होने वाली एलएसजी-10के रन में भी टीम के कुछ खिलाड़ी व कोच शामिल होंगे और दौड़ को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही विजेता धावकों को पुरस्कृत करेंगे। गुरुवार 14 मार्च को टीम के बेहतरीन बल्लेबाज आयुष बडोनी, ऑलराउंडर कृष्णप्पा गौतम, अर्शीन कुलकर्णी, युधवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, गेंदबाज केशव महाराज, शमर जोसेफ, अरशद खान, मयंक यादव, सिद्धार्थ एम. लखनऊ आ रहे हैं।

# लग रहा है फिर से डेब्यू करने जा रहा हूं: पंत

**नयी दिल्ली।** सड़क दुर्घटना में बुरी तरह चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई ने मंगलवार को पंत को आईपीएल में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया था। यह विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होगा।

पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय बिताया। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति ने कहा, मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना किसी चमत्कार से काम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों और प्रशंसकों तथा विशेष रूप से बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी करने को लेकर उत्साहित हूं। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ को उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा पूरा समर्थन किया जिसके लिए मैं उनका तहेदिल से आभारी हूं।



पंत ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स के अपने परिवार और फिर से प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर बेताब हूं। बीसीसीआई ने पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया है और पूरी संभावना है कि वह यह दोनों भूमिका निभाएंगे। पंत ने भारत की तरफ से अभी तक 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

# आर अश्विन का जलवा

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बुमराह को पछाड़ बने दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज

**दुबई।** अपने 100वें टेस्ट मैच में नौ विकेट झटकने वाले अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग की शीर्ष 10 में वापसी हुई है। अश्विन ने धर्मशाला में श्रृंखला के पांचवें टेस्ट मैच की पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने अपने करियर में 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर श्रृंखला 4-।से अपने नाम की थी। इस टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग अंक पीछे हैं।

**● रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल को भी इसमें काफी फायदा हुआ है**

यशस्वी जायसवाल (दो स्थान के सुधार के साथ आठवें) और शुभमन गिल (11 स्थान के सुधार के साथ 20वें) भी करियर की सर्वश्रेष्ट रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं।

हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में छह विकेट लिये थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव 15 स्थान के सुधार के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (छह पायदान ऊपर 12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (दो पायदान ऊपर आठवें स्थान पर) और हेनरी (छह पायदान के सुधार के साथ 11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे।



## न्यूजीलैंड के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने रचिन रवींद्र



● सर रिचर्ड हैडली मेडल से पुरस्कृत होने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

**क्राइस्टचर्च।** भारत में पिछले साल खेले गये विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल केसर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए रेडपाथ कप से सम्मानित किया गया। रवींद्र महज 24 साल की उम्र में सर रिचर्ड हैडली मेडल के सबसे कम उम्र के विजेता हैं। वह पिछले एक सत्र में टेस्ट और सीमित ओवर की क्रिकेट में न्यूजीलैंड टीम के मुख्य स्तंभ के तौर पर उभरे हैं। पिछले साल मार्च में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद रवींद्र ने भारत में खेल गये विश्व कप में 64 की औसत से 578 रन बनाये।

# पैरा निशानेबाजी विश्व कप में नरवाल की दोहरी चांदी



**नयी दिल्ली।** स्टार भारतीय पैरा निशानेबाज मनीष नरवाल ने बुधवार को यहां डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किये। नरवाल ने 236.7 का स्कोर किया और चीन के चाओ यांग (240.3) से पीछे रहे। कोरिया के जियोंगडू जो ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य (214.7) हासिल किया। इस विश्व चैम्पियन पैरा निशानेबाज ने इसके बाद रुद्रांश खंडेलवाल और संजीव गिरी के साथ मिल कर पी। पुरुष टीम 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। इससे पहले नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 574 अंक के साथ तीसरे स्थान पर थे। खंडेलवाल (564), गिरी (559) और सिंहराज (546) व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में पहुंचने में विफल रहे। दिन की अन्य स्पर्धाओं में आर सात वर्ग में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (एसएच1) श्रेणी के भारतीय निशानेबाज फाइनल (शीर्ष आठ) में जगह बनाने में असफल रहे। इसमें राकेश निदागुंडी क्वालिफिकेशन दौर में 14वें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। आर आठ वर्ग में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (एसएच1) के लिए, भारतीय पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखरा 418.6 के अंतिम स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। मोना अग्रवाल 407.9 के स्कोर के साथ उनसे एक स्थान नीचे रहीं।

# राज्य इकाइयों के विदेशी क्रिकेट बोर्ड से सीधे गठजोड़ पर लगेगी रोक

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर आयोजित करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां इस तरह के किसी भी प्रस्ताव पर उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस मामले में 18 मार्च को होने वाली बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला लिया जाएगा। बीसीसीआई को यह फैसला करने के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी करने के लिए बातचीत की है। इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड की तरफ से प्रस्ताव मिला है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा कि राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं लेकिन इस तरह की साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी प्रस्ताव बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है। नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे।



# 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई का संघर्ष जारी

**मुंबई।** करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिये 538 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाये रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिये मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा। पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिये असंभव सा लक्ष्य मिला। उसके बल्लेबाजों ने लेकिन चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट बल्लेबाजी की। वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाये। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिये 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिये और उसके पांच विकेट बाकी है। मुंबई ने पहले दो सत्र में दो दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया। वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई ने सब कुछ आजमा लिया।



संक्षेप

## 'वैश्विक व्यापार में तेजी आने की उम्मीद

नयी दिल्ली। कोविड-19 महामारी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध और अमेरिका-चीन व्यापार विवाद के बीच वैश्वीकरण 2022 में पिछले दशक की तुलना में रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया और 2023 में भी यह ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह बात कही गई है। डीएचएल और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा यहां जारी न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट-2024 में यह भी कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार वाले वैश्विक उत्पादन का हिस्सा 2022 में रिकॉर्ड उच्चस्तर पर फिर वापस आ गया है। इसमें कहा गया है कि 2023 में सुस्ती के बाद 2024 में व्यापार वृद्धि में तेजी आने का अनुमान है। व्यापार वृद्धि ने संपर्क को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिपोर्ट में व्यापार के प्रवाह, पूंजी, सूचना और लोगों की आवाजाही का आकलन किया गया है। यह दुनिया के 181 देशों और क्षेत्रों के वैश्वीकरण को मापती है। पिछले दो दशक में सूचना प्रवाह के वैश्वीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, भले ही ताजा आंकड़े इनकी वृद्धि में सुस्ती के रुख को दिखाते हैं।

## सिंगापुर से निवेश लाने को प्रतिबद्ध

सिंगापुर। भारतीय उच्चायोग सिंगापुर से भारत में अधिक से अधिक निवेश लाने के लिए काम कर रहा है। भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने यह बात कही है। अंबुले ने कहा कि भारत के बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा और आधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने आक्रामक तरीके से प्रगति की है, ऐसे में हम भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक निवेश लाने का प्रयास कर रहे हैं। उच्चायुक्त ने वृद्धि को गति देने वाले तीन कारकों का उल्लेख करते हुए कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के साथ भारत के लिए यह हरित वृद्धि होगी। इसके अलावा आर्थिक गतिविधियों के सुगम प्रवाह के लिए डिजिटल ढांचा बनाया गया है। साथ ही भारत की सतत वृद्धि भी एक कारक है जिसकी वजह से उसे निवेश मिलेगा। उच्चायुक्त ने यहां 2024 बजट विश्लेषण सिंगापुर और भारत कार्यक्रम में कहा कि हम सिंगापुर से भारत में अधिक निवेश लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सेंसेक्स ने लगाया 906 अंक का गोता

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार नुकसान में रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा बिजली, ऊर्जा तथा धातु शेयरों में नुकसान तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की हाल की बिकवाली से बाजार नीचे आया। बाजार में प्रमुख सूचकांकों...सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ।



कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड में सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के उलट मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों को लेकर जोखिम-लाभ के स्तर पर प्रतिकूल स्थिति के साथ उच्च मूल्यांकन से बाजार में गिरावट आई। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियां और सोना जरूर कुछ राहत दे रहे हैं। ऊंचे मूल्यांकन के अलावा घरेलू मझोली कंपनियों के दीर्घकालीन विकास को लेकर कोई बुनियादी मुद्दा नहीं है।

## रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 82.85 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू बाजार में चौतरफा बिकवाली से रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि डॉलर में सुधार तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण भारतीय रुपये में मामूली नकारात्मक रुझान रह सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.82 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 82.91 प्रति डॉलर के निचले स्तर और 82.82 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छुआ। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 82.85 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 82.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# बायो गैस संयंत्र के लिए बीपीसीएल लगभग 100 करोड़ का निवेश करेगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर और भिलाई नगर निगम में नगरीय ठोस अपशिष्ट पर आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) लगभग सौ करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में बुधवार को रायपुर और भिलाई नगर निगम में 100-150 टन प्रति दिन क्षमता के नगरीय ठोस अपशिष्ट पर आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए भारत सरकार के उपक्रम बीपीसीएल, राज्य के नगर पालिका निगम रायपुर और भिलाई तथा छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों ने बताया कि समझौते पर छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुमित सरकार, बीपीसीएल, मुंबई के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग सारावगी, नगर पालिका निगम रायपुर के कमिश्नर अविनाश मिश्रा और नगर पालिका निगम भिलाई के कमिश्नर देवेश कुमार ध्रुव ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज स्वच्छ राज्य और स्वच्छ ऊर्जा के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा कि स्थापित होने वाले दो कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों में लगभग 200 से 250 टन नगरीय ठोस अपशिष्ट का उपयोग प्रतिदिन जैव ईंधन के उत्पादन में किया जाएगा। बीपीसीएल द्वारा राज्य में इन दो संयंत्रों की स्थापना के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, इन संयंत्रों की स्थापना से राज्य में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 60 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार का सृजन होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों में पूर्ण क्षमता से उत्पादन एवं विक्रय होने पर राज्य को प्रतिवर्ष 45 लाख रुपये का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्राप्त होगा। साथ ही संयंत्र में सह-उत्पाद के रूप में जैविक खाद पैदा होगी। इससे छत्तीसगढ़ में जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों की स्थापना से राज्य शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ेगा।

# केंद्र केरल को 5,000 करोड़ के कर्ज की सहमति देने को तैयार

नयी दिल्ली। केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह वित्तीय मुद्दों का सामना कर रहे केरल सरकार को कुछ शर्तों के अधीन 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की अनुमति देने को तैयार है। हालांकि, केरल सरकार ने बेहद खास और असाधारण उपाय के तौर पर 5,000 करोड़ रुपये की उधारी लेने की छूट देने को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उसे कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने यह छूट देने का प्रस्ताव रखा। केरल को संसाधनों की कमी से निपटने के लिए न्यायालय ने केंद्र को 31 मार्च तक एकमुश्त राहत पैकेज देने पर विचार करने के लिए कहा था। केंद्र सरकार ने केरल को बाजार से उधारी जुटाने पर रोक लगा दी है। इस फैसले को केरल सरकार ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी हुई है। केरल ने केंद्र पर उधारी की सीमा लगाकर राज्य के वित्त को विनियमित करने के लिए अपनी



विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों के प्रयोग में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमण ने कहा, न्यायालय के सुझाव पर गौर करते हुए केंद्र एक बहुत ही विशेष और असाधारण उपाय के रूप में केरल को वित्त वर्ष के अंत में पेंशन, वेतन और अन्य प्रतिबद्ध खर्चों के भुगतान की देनदारी को पूरा करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की उधारी पर शर्तो के अधीन सहमति देने के लिए तैयार है। इसपर केरल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने असहमति जताते हुए कहा, ऐसा कर पाना हमारे लिए कुछ हद तक मुश्किल है।...5,000 करोड़ रुपये से बात नहीं बन पाएगी। न्यूनतम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है।

# सोने के बदले दिये गये कर्ज की समीक्षा करें बैंक : वित्त मंत्रालय

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से सोने के आभूषणों के एवज में दिये गये कर्ज की स्थिति की समीक्षा करने को कहा है। कई मामलों में नियमों का अनुपालन नहीं होने की बात सरकार के सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को लिखे एक पत्र में उनसे स्वर्ण कर्ज से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने बैंकों से स्वर्ण ऋण कारोबार की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। इस संबंध में एक निर्देश पिछले महीने जारी किया गया था। उसमें उन्हें शुल्क और ब्याज के संग्रह और स्वर्ण ऋण खातों को बंद करने से संबंधित विसंगतियों को दुरुस्त करने की सलाह दी गई थी। पत्र में विभिन्न चिंताओं को उजागर किया गया है। इसमें जरूरी स्वर्ण गारंटी के बिना स्वर्ण कर्ज का वितरण, शुल्क संग्रह और नकद में भुगतान को लेकर विसंगतियां शामिल हैं। डीएफएस ने बैंकों से एक जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक पिछले दो साल की अवधि की गहन समीक्षा करने का आग्रह किया। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सभी स्वर्ण ऋण बैंकों की नियामकीय आवश्यकताओं और आंतरिक नीतियों के अनुरूप दिये गये हों। उल्लेखनीय है कि सोने की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। पिछले एक महीने में 10 ग्राम सोने की कीमत 63,365 रुपये से बढ़कर 67,605 रुपये हो गई है। पत्र के अनुसार, विभाग के समक्ष स्वर्ण कर्ज के संबंध में नियमों का अनुपालन नहीं होने के मामले सामने आए हैं। उसके बाद सलाह जारी की गई है। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अकेले दिसंबर, 2023 तक 30,881 करोड़ रुपये का स्वर्ण कर्ज दे रखा है। तीसरी तिमाही के अंत में पंजाब नेशनल बैंक का स्वर्ण ऋण 5,315 करोड़ रुपये था जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा का स्वर्ण कर्ज 3,682 करोड़ रुपये था। आरबीआई के नियमों के मुताबिक बैंक या स्वर्ण ऋण देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां आभूषण के मूल्य का केवल 75 प्रतिशत ही कर्ज दे सकती हैं। हालांकि, कठिनाई को कम करने के लिए कोविड-19 के दौरान इसमें छूट प्रदान की गई थी। आरबीआई ने गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए सोने के आभूषणों को गिरवी रखकर बैंकों से कर्ज लेने की सीमा (मूल्य पर ऋण-एलटीवी) को अगस्त 2020 में 75 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया था। यह छूट 31 मार्च, 2021 तक उपलब्ध थी।




## निहार ने लाखों स्टूडेंट्स की जिंदगी बदली

नई दिल्ली। शिक्षा किसी भी समाज में प्रगति का प्रमुख अभिप्रेरक है और इस उद्देश्य को साझा करने वाले एक ब्रांड के रूप में, निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला ने शिक्षा कौशल को योगदान करने के एक तरीके के रूप में पहचाना है। ब्रांड ने एक गैर-लाभकारी संगठन लीप फॉर वर्ड के साथ साझेदारी की है और एक अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रोग्राम निहार शांति पाठशाना फनवाला को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम में शिक्षकों को उनकी मातृभाषा में शिक्षित करने के लिये फोनेटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि उन्हें आसानी से अंग्रेजी पढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। यह प्रोग्राम व्हाट्सएप्प और यूट्यूब पर उपलब्ध है, ताकि भारत के विभिन्न प्रांतों में इसकी पहुंच को बढ़ाया जा सके और अंग्रेजी भाषा को सभी के लिये सुलभ बनाया जा सके। निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला हेयर ऑयल ने ब्रांड के उद्देश्य को पहचानने वाले ग्राहकों के साथ जो जुड़ाव बनाया है, उस पर हमें बहुत गर्व है। वर्ष 2019 में, निहार शांति पाठशाला फनवाला की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टूडेंट्स के बीच पढ़ने एवं समझने की काबिलियित को विकसित करने के प्रारंभिक उद्देश्य के साथ की गई थी। हमने अपने अनूठे इंग्लिश लिट्रेसी प्रोग्राम की पेशकश के साथ इस उद्देश्य को पूरा किया।

## ई-परिवहन को बढ़ावा देने को 500 करोड़ की योजना की घोषणा

नयी दिल्ली। भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा की। अप्रैल, 2024 से जुलाई, 2024 तक के लिए चलने वाली इस योजना पर 500 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। नई परियोजना दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण (फेम-2) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ई-परिवहन संवर्द्धन योजना 2024 (ईएम पीएस 2024) की घोषणा करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के तहत प्रति दोपहिया वाहन के लिए 10,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य लगभग 3.3 लाख दोपहिया वाहनों को सहायता प्रदान करना है। छोटे तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) की खरीद के लिए 25,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। ऐसे 31,000 से अधिक वाहनों को कवर किया जाएगा।

# 13 माह बाद मिली हैदराबाद को आजादी

## हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाना स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि : अमित शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि हर वर्ष 17 सितंबर को हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है और इससे युवाओं में देशभक्ति की लौ प्रज्वलित होगी। केंद्र सरकार ने इस दिन को मनाने के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी की थी।

शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि यह एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद मुक्ति आंदोलन के शहीदों के सम्मान में हर साल 17 सितंबर को हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने हैदराबाद क्षेत्र को क्रूर निजाम शासन से मुक्त कराकर भारत का हिस्सा बनाने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। शाह ने कहा, मैं मोदी जी के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करता



हूं, जो युवाओं में देशभक्ति की लौ प्रज्वलित करेगा और स्वतंत्रता आंदोलन के हमारे प्रतीकों को अमर कर देगा। अधिसूचना में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि 15 अगस्त, 1947 को भारत की आजादी के बाद 13 महीने तक हैदराबाद को आजादी नहीं मिली और वह निजामशाही के अधीन रहा। हैदराबाद क्षेत्र को ऑपरेशन पोलो नामक पुलिस कार्वाई के बाद 17 सितंबर, 1948 को निजाम के शासन से मुक्त कराया गया। अधिसूचना के मुताबिक निजी मिलिशिया रजाकारों ने अत्याचार किए थे और हैदराबाद में तत्कालीन निजामशाही का बचाव किया था।

जब भारत को स्वतंत्रता मिली, तो रजाकारों ने भारत संघ के साथ इसके विलय का विरोध करते हुए हैदराबाद राज्य को या तो पाकिस्तान में शामिल होने या मुस्लिम प्रभुत्व राज्य बनने का आह्वान किया। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक हैदराबाद के लोगों ने इस क्षेत्र को भारत संघ में विलय करने के लिए रजाकारों के अत्याचारों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पहल पर 17 सितंबर, 1948 को सैन्य कार्वाई के बाद तत्कालीन हैदराबाद राज्य को भारत संघ में मिला लिया गया था।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एनसीसी विस्तार के प्रस्ताव को दी मंजूरी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ अब एनसीसी में 3,00,000 कैडेट और शामिल किए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी के लिए बढ़ती मांग पूरी होने की उम्मीद है।

इसमें कहा गया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और इसमें 3,00,000 कैडेट शामिल किए जाएंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एनसीसी में साल 1948 में केवल 20,000 कैडेट थे, लेकिन विस्तार प्रस्ताव की मंजूरी के बाद एनसीसी में अब 20 लाख कैडेट की स्वीकृत संख्या होगी। इससे यह दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन कहलाएगा। इसमें कहा गया कि एनसीसी की विस्तार योजना के तहत चार नये समूह मुख्यालय की स्थापना की जाएगी और दो नई एनसीसी इकाइयों को भी शामिल किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया गया है। वहीं, अब एनसीसी का विस्तार होने से देश के भावी नेताओं के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में यह एक कदम



साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी में 3,00,000 कैडेट के शामिल होने से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में समान रूप से कैडेट होंगे और इच्छुक संस्थानों का इंतजार खत्म होगा। मंत्रालय ने बताया कि इस विस्तार योजना में पूर्व सैनिकों को उनके कौशल और लंबे अनुभव के आधार पर एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

संक्षेप

## जापान के प्रथम रॉकेट प्रक्षेपण में विस्फोट



तोक्यो। जापान में एक निजी कंपनी द्वारा अंतरिक्ष की कक्षा में भेजे जा रहे एक रॉकेट में बुधवार को प्रक्षेपण के थोड़ी देर बाद ही विस्फोट हो गया। इसे जापान में निजी क्षेत्र की किसी कंपनी का पहला रॉकेट बताया जा रहा था। ऑनलाइन वीडियो में दिख रहा है कि कैरोस नामक रॉकेट को मध्य जापान के वाकायामा प्रांत के अपतटीय क्षेत्र से प्रक्षेपित किया जाता है लेकिन इसके उड़ान भरते ही कुछ सैकंड में विस्फोट हो जाता है। इलाके में धुएं का भारी गुबार देखा गया और कुछ जगहों पर आग की लपटें उठने लगीं। वीडियो में दिख रहा है कि आग बुझाने के प्रयास में उस स्थान पर पानी डाला जा रहा है। यह रॉकेट तोक्यो स्थित स्टार्ट-अप स्पेस वन का था और उसने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। जापानी मीडिया की खबरों के अनुसार, प्रक्षेपण में पहले ही कई बार देरी हो चुकी थी और आखिरी बार शनिवार को एक जहाज को खतरे वाले क्षेत्र में देखे जाने के बाद प्रक्षेपण को स्थगित किया गया था।

## सीएए का मकसद नागरिकता देना है, छीनना नहीं : ठाकुर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने बुधवार को नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) के विरोधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पड़ोसी देशों के हजारों दलित परिवार अब भारत में रहते हैं और नागरिकता का इंतजार कर रहे हैं।



भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ठाकुर ने कहा कि सीएए नागरिकता देने वाला कानून है, न कि छीनने वाला। ठाकुर ने कहा, पड़ोसी देशों के हजारों दलित परिवार, जिनकी दो से तीन पीढ़ियां गुजर चुकी हैं, वर्षों से नागरिकता का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, क्या जो लोग पाकिस्तान से आए हैं और जिनकी दो-तीन पीढ़ियां गुजर गईं, उन्हें नागरिकता पाने का अधिकार नहीं है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि देश के विभाजन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने वादा किया था कि पड़ोसी देशों में रहने वाले अल्पसंख्यकों की रक्षा की जाएगी, लेकिन पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने इसके लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने वो कर दिखाया जो कांग्रेस 75 साल में नहीं कर पाई। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ही ताकत थी, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पड़ोसी देशों में उत्पीड़न का सामना कर रहे हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन या पारसी लोगों को भारत सरकार नागरिकता प्रदान करेगी। ठाकुर ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सीएए के विरोध पर भी दुख व्यक्त किया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल झूठे वादे करके राजनीति में आए, जैसे- उनके पास बड़ा बंगला, आधिकारिक वाहन और सुरक्षा नहीं होगी। ठाकुर ने कहा, उन्होंने ईमानदारी की प्रतिज्ञा ली, लेकिन उनके मंत्री जेल में हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, केजरीवाल ने राजनीति को दूषित कर दिया है। कोई व्यक्ति उन लोगों का दर्द कैसे महसूस नहीं कर सकता जिन्होंने इतने अत्याचार झेले, जिनकी बेटियों को उठाया गया और बलात्कार किया गया? दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि सीएए का कार्यान्वयन वोट बैंक बनाने की भाजपा की गंदी राजनीति है।

## बेरोजगारी, महंगाई का देश कर रहा सामना

एजेंसी

धुले। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिनका देशवासी सामना कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर इन महत्वपूर्ण मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के धुले जिले के दोंडाइचा गांव में लोगों से



बातचीत करते हुए गांधी ने कहा कि देश में जाति आधारित जनगणना कराना एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम साबित होगा। राहुल गांधी के साथ ही उनकी पार्टी का कहना है कि यदि वे सत्ता में आते हैं तो देश में जाति आधारित जनगणना कराएंगे। उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना के बाद आर्थिक और वित्तीय सर्वेक्षण अगला कदम होगा जिससे दलितों, सामान्य वर्ग के गरीब लोगों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों को यह पता चल सकेगा कि वे कहां खड़े हैं।

## बाइडन और ट्रंप ने जीते राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी, फिर आमने-सामने

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में, वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपने-अपने दलों की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की ओर कदम बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति बाइडन (81) ने जॉर्जिया में पार्टी के प्राइमरी चुनाव में आसानी से जीत हासिल की और अब वह राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के संभावित उम्मीदवार बन गए हैं। बाइडन को कुल 3,933 डेलीगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) में से आधे से अधिक का समर्थन मिल चुका है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com